हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



धार्मिक अनुष्ठान में शामिल श्रद्धालु

# ‘धार’ के लोगों ने ‘धीरज’ धरा

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन के दौरान भारी पुलिस तैनाती से कोई विवाद नहीं

**आसमान में ड्रोन मंडरा रहे थे** *बसंत पंचमी पर धार शहर पुलिस छावनी में तब्दील हो गया था। भोजशाला जाने वाले हर रास्ते पर पुलिस का पहरा था और बैरिकेड लगाए गए थे। आसमान में ड्रोन मंडरा रहे थे। घरों की छतों से लेकर गलियों तक कड़ी निगरानी रखी जा रही थी।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ धार

भोजशाला में शुक्रवार को पड़ी बसंत पंचमी शांति से संपन्न हो गई। कड़ी सुरक्षा के बीच भोजशाला में मां सरस्वती की पूजा और नमाज कराई गई। इस दौरान किसी भी तरह से विवाद को स्थिति निर्मित नहीं हो पाई। तय संख्या में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने नमाज पढ़ी और भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती की पूजा और हवन जारी रहा। पूर्णाहूति के बाद हवन पूर्ण हुआ और धारवासियों ने चैन की सांस ली।

आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिलीं, लेकिन इस बार विवाद नहीं हुआ। न पत्थर चले और न ही आंसू गैस के गोले छोड़े गए। शहर की सुरक्षा के लिए प्रशासन ने करीब दस हजार पुलिस जवानों को तैनात किया था, जिससे धार एक पुलिस ▸▸ शेष पेज 4 पर

» ***भोजशाला में सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा, अमन चैन के बीच नमाज भी हो गई अदा***

» ***आस्था और इबादत की दोनों धाराएं शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच एक जगह और एक समय पर मिली***



### *पुलिस सुरक्षा में नमाज के लिए आए मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि*

शांतिपूर्ण तरीके से पूजा और नमाज कराना प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राह आसान कर दी। भोजशाला की मस्जिद में दोपहर 2 बजे नमाज भी अदा कराई गई। वज्र वाहन में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों को सुरक्षा के साथ लाया गया। 20 मिनट तक नमाज ▸▸ शेष पेज 4 पर

### उधर, प्रयागराज के संगम पर उमड़ी भीड़

## बसंत पंचमी पर माघ मेले में करीब 3 करोड़ 20 लाख लोगों ने लगाई ‘डुबकी’

**प्रयागराज।** बसंत पंचमी के अवसर पर देशभर में पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान-ध्यान और ज्ञान की देवी सरस्वती की आराधना सूर्योदय से शुरू हुआ। प्रयागराज में चल रहे माघ मेले के चौथे बड़े स्नान पर्व बसंत पंचमी पर शुक्रवार की सुबह से शाम 4 बजे तक लगभग 3 करोड़ 20 लाख लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि गुरुवार देर रात से ही लोगों का संगम क्षेत्र में आगमन लगातार जारी रहा। तीर्थ पुरोहित



राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि चूंकि प्रयागराज में गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का वास है, इसलिए यहां बसंत पंचमी स्नान का विशेष महत्व है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बसंत पंचमी के पावन अवसर पर तीर्थराज प्रयाग में त्रिवेणी में पुण्य स्नान का सौभाग्य प्राप्त कर रहे सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई। पावन संगम में आस्था की डुबकी सभी के लिए शुभ-फलदायी हो, सबकी मनोकामनाएं पूर्ण हों, मां गंगा से यही प्रार्थना है।

MSN माता श्री नेत्रालय
मल्टीस्पेशलिटी नेत्र संस्थान
माताश्री नेत्रालय विगत 42 वर्षों से नेत्र सेवा में तन्मयता से सेवारत...
नेत्र सेवा में विश्वास
डॉ. पी.एस. बिन्द्रा
M.B.B.S., M.D., D.O.M.S.
डॉ. प्रीति बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FCRS लेजर विशेषज्ञ
डॉ. चाहवीर बिन्द्रा M.B.B.S., M.S., FRVS रेटिना विशेषज्ञ
जी-2, मनोरा होम्स के पास (ओरा मॉल के पीछे) गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल
समय : सुबह 10.30-3 बजे तक शाम 4.30-6.30 बजे (रविवार अवकाश)
फोन : 0755-2562222, 2562233
मो.: 9826084896

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## भारी बारिश और बर्फबारी वैष्णो देवी यात्रा स्थगित

**जम्मू।** कटरा और आसपास के इलाकों में सीजन की पहली बारिश और बर्फबारी शुरू हो गई है। इसके



मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी की यात्रा को फिलहाल रोक दिया है। श्रद्धालुओं को सुरक्षा कारणों के चलते कटरा में ही रोक दिया गया है। लगातार बारिश और कटरा में चल रही तेज हवाओं के कारण श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने फैसला लिया गया। मौसम साफ होते ही यात्रा को पुनः सुचारू रूप से शुरू किया जाएगा। बता दें कि गुरुवार रात से ही त्रिकुट पर्वत और माता के दरबार में हो रही बर्फबारी ने पूरे नजारे को मनमोहक और अलौकिक बना दिया है।

### उज्जैन के तराना में फिर भड़की हिंसा

### *13 बसों में तोड़फोड़, सीसीटीवी में युवक पथराव करते हुए दिखे*

# उपद्रवियों ने बस फूंकी-दुकान जलाई मंदिर पर पथराव, 20 लोग गिरफ्तार



तोड़फोड़ करते उपद्रवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

उज्जैन के तराना में हुआ सांप्रदायिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात तनावपूर्ण हालात के बाद शुक्रवार दोपहर एक बार फिर स्थिति बिगड़ गई। बस स्टैंड इलाके में पथराव हो गया और एक बस आग के हवाले कर दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने उपद्रवियों पर बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अभी तक 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है।

शुक्रवार दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। फुटेज के माध्यम से भी उत्पात करने वालों की तलाश की जा रही है। शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और ▸▸ शेष पेज 4 पर

*तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे*

**पूरे इलाके में पुलिस ने बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी**



जलती बस और पुलिस की तैनाती

» ***शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव भी किया***

» ***बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया***

### फ्लैग मार्च में निकले अधिकारी

डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रोशन सिंह और एसपी प्रदीप शर्मा ने पुलिस बल के साथ तराना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।



### *सीएम डॉ. यादव ने कहा*

#### सरकार उपद्रवियों से सख्ती से निपटेगी

सीएम डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन के तराना को लेकर कहा कि हमारी सरकार सुशासन के लिए जानी जाती है। जहां व्यवस्थाओं में ढिलाई होती है तो हम कठोरता से पेश आते हैं। मध्य प्रदेश शांति का टापू है। प्रदेश की शांति भंग करने वालों से सरकार सख्ती से निपटने में सक्षम है।

### *एसपी प्रदीप शर्मा बोले*

#### उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज से उपद्रवी पहचाने गए

तराना मामले में एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों से बातचीत की जा रही है। अभी तक 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। साथ ही गुरूवार की घटना के मामले में पांच आरोपियों को भी पकड़ा जा चुका है। पूरे क्षेत्र में मोबाइल पेट्रोलिंग के साथ ही ड्रोन से भी नजर रखी ▸▸ शेष पेज 4 पर



नेताजी की प्रतिमा

### नेताजी की प्रतिमा का अनावरण एवं शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण

## बोस लाइब्रेरी ने 100 गौरवशाली वर्षों की स्मृतियों को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया

**नेताजी वर्ष 1939 में जबलपुर आए थे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी ने 100 गौरवशाली वर्षों की स्मृतियों को सहेजने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस एसोसिएशन ने बंगाली समाज और जबलपुर की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान किया है। सिटी बंगाली क्लब में स्वयं नेताजी का आना इस क्षेत्र के लिए गौरवशाली क्षण रहा। सिटी बंगाली क्लब ने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सिद्धी बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन ▸▸ शेष पेज 4 पर

### *बंगाली समाज की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी संस्था होने का गौरव*

*शताब्दी वर्ष समारोह आयोजकों के अनुसार सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन (सिटी बंगाली क्लब) को प्रदेश में बंगाली समाज की सबसे बड़ी और सबसे पुरानी संस्था होने का गौरव प्राप्त है। यह प्रदेश की एकमात्र बांग्ला लाइब्रेरी है। इसकी स्थापना वर्ष 1925 में जबलपुर नगर निगम के पहले अध्यक्ष राय बहादुर प्रभात चंद्र बोस और उनके साथियों ने की थी। राय बहादुर प्रभात चंद्र बोस ने* ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मौसम की गुलाटियां : पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में इजाफा

# कड़ाके की ठंड से राहत, दो दिन बाद फिर बारिश-सर्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आ रही गर्म हवाओं से प्रदेश में फिलहाल कड़ाके की ठंड से राहत मिल गई है। शुक्रवार को प्रदेश में रात का सबसे कम 8 डिग्री सेल्सियस तापमान शिवपुरी में दर्ज किया गया। दिन का सबसे अधिक 31.1 डिग्री सेल्सियस तापमान खंडवा में रिकॉर्ड किया गया। हालांकि, अगले दो दिन तक मौसम के मिजाज में बदलाव की संभावना नहीं है। उसके बाद ग्वालियर, चंबल संभाग में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। शनिवार को ग्वालियर, दतिया, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में कोहरा छा सकता है।

मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में बना हुआ है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात दिखाई दे रहा है। इसके बाद 26 जनवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना है, जिससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी। एक दर्जन जिलों में बारिश भी होने की संभावना जताई जा रही है।

» *दिन का सबसे अधिक 31.1 डिग्री सेल्सियस तापमान खंडवा में रिकॉर्ड किया गया*



लिंक रोड नंबर दो, शाम 6 बजे

### उत्तर भारत में और होगी बर्फबारी

दो दिन बाद उत्तर भारत में बर्फबारी और बारिश और होगी, जिसका असर 1 से 2 दिन बाद प्रदेश में भी दिख सकता है। फिलहाल भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में अगले तीन दिन बादल और कोहरे का असर रहेगा।

### *दो दिन बाद गिरेगा दिन और रात का पारा*

पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर दो दिन बाद रात के तापमान में गिरावट हो सकती है। साथ ही ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बारिश भी होगी। जनवरी के आखिरी पांच दिन प्रदेश के कई हिस्सों में घने बादल, कोहरा और शीतलहर का असर दिखेगा। इस दौरान दिन के तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है।

www.bachpanglobal.com
अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें !
BaCHPan
निवेश 15+ लाख एवं 200 वर्ग मीटर जगह
पाठ्यक्रम तथा संचालन में सहायता
प्राइमरी/10-12 स्कूल अपग्रेड संभव
रॉयल्टी फ्री मॉडल
1300+ Schools | 3 Lakh Students | 400+ Cities | 25 States
फ्रैंचाइजी मध्य प्रदेश + छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से आमंत्रित-संपर्क करे :-
RAIPUR Rashmi 9818573200
BILASPUR Shama 7042112281
INDORE Komal 9205041119
BHOPAL Teena 7290010866
JABALPUR Gurvinder 8860619151
ALL CITIES Amit Kumar 9811437000
For Admissions call us at 7290047000 ; QR School Locator
Web : www.bachpanglobal.com ; Mail : franchise@bachpanglobal.com
Phone : 011-35106666/011-35107777 ; CIN : U74899DL1999PTC101251
Regd. Office :- S.K Tower, 9988/B-1, Sarai Rohilla, New Rohtak Road, Delhi-110005


टीटी नगर कालीबाड़ी में शिक्षा आरंभ कराते हुए पुरोहित।

## स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पीले वस्त्र धारण कर विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा में लिया भाग

# बसंत पंचमी विशेष: स्कूलों में गो, गंगा जल पूजन के साथ हुए हवन, माता सरस्वती की पूजा के बाद शुरू हुई कक्षाएं

◆ स्कूली छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बसंत पंचमी के अवसर पर राजधानी के सरस्वती विद्या मंदिर सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान स्कूल में गौ-पूजन, गंगाजल पूजन के साथ कार्यक्रम शुरू हुए। छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां दीं। कई स्कूलों में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पीले वस्त्र धारण कर पूजा में भाग लिया। विधिवत पूजा और आरती के बाद कक्षाओं की शुरुआत की गई। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में यज्ञ और विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति के सोलह संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला गया।


सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों की विद्या आरंभ संस्कार कराते हुए।



### हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर

*राजधानी के हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सुबह 10 बजे वेदयात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्कूल से प्रारंभ होकर माता मंदिर चौराहे पर पहुंची। इसके बाद विद्यालय परिसर में गो, गंगा जल, मां सरस्वती एवं भारत-माता की पूजन-अर्चना की गई। स्कूल में बच्चों द्वारा पंच परिवर्तन की प्रदर्शनी लगाई गई। स्कूल में बच्चों, अभिभाव एवं शिक्षकों सहित लगभग 400 लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। मां सरस्वती की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।*

### विद्यार्थियों-शिक्षकों ने कहा



**बहुत अच्छा लगा**

आज हम सभी ने मिलकर मां सरस्वती का पूजन-अर्चन किया। कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत अच्छा लगा।

**प्रिंस विश्वकर्मा**, छात्र



**प्रदर्शनी लगाई गई**

आज स्कूल में पंच परिवर्तन की प्रदर्शनी लगाई गई। संयुक्त परिवार की विशेषताएं बताई गईं। बहुत अच्छा कार्यक्रम हुआ।

**प्रथम सिंगिष्ट**, छात्र



**पूजन अर्चना की गई**

स्कूल में आज रैली निकाली गई। यज्ञ किया गया और मां सरस्वती की पूजन अर्चना की गई। सभी पीले वस्त्र में कार्यक्रम में शामिल हुए।

**हर्षित शर्मा**, छात्र



**विशेष कार्यक्रम हुआ**

बसंत पंचमी पर हमारे स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हम सब ने मिलकर हवन किया और मां सरस्वती की पूजन-अर्चना की।

**आईना रैकवार**, छात्रा



**विद्यारंभ संस्कार भी हुआ**

विद्यालय में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने मां सरस्वती का पूजन किया और मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुतियां दीं। करीब 40 विद्यार्थियों का विद्यारंभ संस्कार भी हुआ।

**नर्मिता तिवारी**, प्राचार्य

### शिवाजी नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर


सरस्वती विद्या मंदिर में शिक्षा आरंभ कराते पालक

*शिवाजी नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सुबह 11:30 बजे से कार्यक्रम शुरू हुए। बच्चों, अभिभावक व शिक्षकों द्वारा वेदयात्रा निकाली गई। स्कूल प्राचार्य राजेश गोस्वामी ने बताया कि स्कूल परिसर में हवन के लिए 10 हवन वेदी का निर्माण किया गया था, जिसमें 400 से अधिक बच्चों, अभिभावकों ने आहुति दी। इस दौरान 75 से अधिक विद्यार्थियों को विद्यारंभ संस्कार कराया गया। स्कूल में बच्चों द्वारा गुरुकुल की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।*

### शा. सुभाष उत्कृष्ट उमावि में हुई पूजा


सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में बच्चों ने गुरुकुल की सजीव झांकी बनाई।

*राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हवन किया गया। जिसके बाद कक्षाएं शुरू हुईं।*

*धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी, मंदिरों में रही भीड़*

## बच्चों को थमाई पेन-कॉपी, फिर शुरू किया अक्षर ज्ञान

**भोपाल।** बसंत के उत्सव का उल्लास और विद्या की देवी मां सरस्वती के सौम्य चेहरे के सामने तमाम मासूम चेहरे खिलखिला रहे थे। शब्द नहीं थे,लेकिन कोमल भाव तो देवी के सामने बच्चों की अभिलाषा प्रकट चर चुके थे। नाजुक हाथों में स्लेट और पेसिंल, पेन-कापी लेकर मासूमों ने मां सरस्वती और मम्मी-पापा के सामने पहला अक्षर लिखा। माता-पिता ने भी विद्या की देवी सरस्वती से आशीष मांगा कि उनके बच्चें आगे चलकर देश-समाज की समृद्धि के लिए सुनहरा इतिहास लिखें। कुछ इस तरह का नजारा शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर कई जगह देखने को मिला।

बसंत पंचमी पर शहर में सुबह से ही माता सरस्वती की पूजा की गई। पीले वस्त्र में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। घरों में विद्यादाती की आराधना की गई। मंदिरों में भी भीड़ लगी रही। स्कूलों में भी मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। इस बार बसंत पंचमी पर बने मंगलकारी और दुर्लभ योग में शादी, जनेऊ और दीक्षा संस्कारों की धूम रही। शहर के बिड़ला मंदिर, गुफा मंदिर और काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी भक्तों की खासी भीड़ रही। शहर में कई जगह मां सरस्वती की प्रतिमा रखकर विशेष पूजा अर्चना की गई। रोशनपुरा जवाहर चौक, कस्तूरबा स्कूल के पास, प्रोफेसर कॉलोनी,जगदीश मंदिर किलोल पार्क, आराधना नगर, राम मंदिर चूनाभट्टी, भारत माता चौराहा आदि जगहों पर प्रतिमाएं स्थापित गई सरस्वती मां की झांकी सजाई गई।

### श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर में बच्चों को पिलाई नि:शुल्क दवा

राजधानी के नेहरू नगर इलाके में स्थित श्री सिद्धेश्वर शिव अर्जी वाले हनुमान मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को शिक्षा ग्रहण करने वाले एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मरण शक्ति बुद्धिवर्धक जड़ी बूटियों से तैयार विशेष मंत्रों द्वारा अभिमंत्रित दिव्य औषधि पिलाई गई। मंदिर के संस्थापक पंडित नरेंद्र दीक्षित सिद्ध महाराज ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन ही प्रभु श्रीराम ने अपने भाइयों संग महर्षि वशिष्ठ के आश्रम में पहुंचकर विद्यार्जन प्रारंभ किया था। उन्होंने गुरुदेव वशिष्ट जी के आश्रम में जाकर इसी तरह की औषधि ग्रहण की थी। इसी के तहत मंदिर में निःशुल्क दवा पिलाई जाती है।

**कई जगह हुए विद्या आरंभ संस्कार:** बसंत पंचमी पर अनेक स्थानों पर विद्या आरंभ संस्कार हुए। न्यू मार्केट, पिपलानी कालीबाड़ी में सरस्वती मां की झांकी सजाई गई।

### दादाजी धाम मंदिर में सुंदरकांड पाठ



रायसेन रोड स्थित जागृत एवं दर्शनीय तीर्थ स्थल दादाजी धाम मंदिर, पटेल नगर, भोपाल में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत द्वितीय दिवस बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती पूजन, वेद-पुराण पूजन एवं भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का दिव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बसंत पंचमी के अवसर पर दोपहर 3 बजे से दादाजी धाम मंदिर परिसर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

#### महापौर वर-वधु को आशीर्वाद देने पहुंची, शहर काजी ने कराया निकाह

मुख्यमंत्री कन्या निकाह-विवाह योजना

## शहर में कहीं फेरे तो कहीं हुए निकाह 196 जोड़े विवाह बंधन में बंधे



हिंदी भवन में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में वर-वधू।

**भोपाल।** मुख्यमंत्री कन्या निकाह-विवाह योजना के तहत नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक विवाह एवं सामूहिक निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कहीं वर-वधू ने फेरे लिए तो कहीं निकाह पढ़ाया गया। इस दौरान 196 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

जवाहर चौक स्थित जवाहर उद्यान व चांदबढ़ स्थित श्रीराम मंदिर में सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में महापौर मालती राय ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। उक्त दोनों स्थलों पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 5-5 जोड़ों के विवाह पूर्ण रीति रिवाज के साथ संपन्न हुए जबकि पालीटेक्निक स्थित हिन्दी भवन में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 10 जोड़ों के विवाह संपन्न हुए।

### निकाह कार्यक्रम में 176 जोड़ों के निकाह हुए

*उक्त सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में नवल प्रजापति के अलावा सामूहिक विवाह कार्यक्रमों में निगम की सहयोगी संस्था प्रजापति समाज संस्थान भोपाल एवं प्रजापति कुंभकार संघ के पदाधिकारीगण के अलावा बड़ी संख्या में वर-वधू पक्ष के लोग मौजूद थे। इस्लामी गेट ग्राउंड में आयोजित सामूहिक निकाह कार्यक्रम में 176 जोड़ों के निकाह हुए। शहर काजी सैयद मुस्ताक अली नदवी ने निकाह पढ़ाया। मुख्यमंत्री कन्या निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह-निकाह कार्यक्रम में शीबा मसूद, डा. रेहान सिद्दीकी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष एम एजाज खान, असद मसूद, जाहिद खान, तौफिक अहमद आदि लोग मौजूद थे।*



माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करने पूजा करते हुए।

*मां सरस्वती जनकल्याण सेवा संस्था ने किया आयोजन*

## बसंत पंचमी पर पूजा-अर्चना कर विराजीं विद्या की देवी मां सरस्वती

**भोपाल।** नगर में बसंत पंचमीं का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कई क्षेत्रों में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। भेल क्षेत्र के खजुरी कला रोड स्थित दीपमोहनी कॉलोनी के पास मैदान में शुक्रवार को मां सरस्वती जनकल्याण सेवा संस्था द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। छह दिवसीय इस कार्यक्रम के प्रथम दिन शुक्रवार सुबह 7 बजे से विधि विधान से पूजा-अर्चना कर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। इस दौरान मुख्यअतिथि के रूप में एलएनसीटी समूह के अध्यक्ष जय नारायण चौकसे उपस्थित थे। समिति के उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का यह दूसरा साल है, हम जनसहयोग से आगे भी कार्यक्रम को और विस्तार रूप देने का प्रयास करेंगे।

### 26 को एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम होगा

24 जनवरी को शाम आरती के बाद हनुमान चालीसा और सुंदर कांड पाठ होगा। समिति के उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि 25 को महारती, 26 को दोपहर 1 से 6 बजे तक एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान 300 गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जाएगा। 27 जनवरी को कन्या पूजन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा। 28 जनवरी को भव्य चल समारोह के साथ मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विजय राणा राजपूत, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव राकेश सिंह, राकेश पाठक, सौरभ कुमार सहित आयोजन एवं समन्वय समित महिला प्रकोष्ठ नारी शक्ति की उपाध्यक्ष रिमी राठौर, कौशल्या बाररकर, हनी जोशी सहित बड़ी संख्या में समित के सदस्य और पदाधिकरी उपस्थित थे।

**26 को 300 गरीब जरूरतमंदों को कंबल वितरण करेंगे**

विद्यारंभ के साथ जन्मदिन, अन्नप्राशन, नामकरण, यज्ञोपवीत, मुंडन संस्कार भी हुए

## 24 कुंडीय महायज्ञ में दी आहूतियां, बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद


बसंत पंचमी पर हरिभूमि के वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण सक्सेना का सम्मान करते गायत्री शक्ति पीठ के पदाधिकारी।



**भोपाल।** परम वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप स्थापना शताब्दी वर्ष के गरिमामय शुभारंभ के अंतर्गत, परम पूज्य गुरुदेव के आध्यात्मिक जन्मदिवस बसंत पंचमी पर गायत्री शक्तिपीठ में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहूतियां डालकर अपने मन को निर्मल बनाया। वसंत पंचमी का पर्व मां वीणापाणि सरस्वती की आराधना से विशेष रूप से जुड़ा होता है।

### 40 नए परिजनों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की

इस शुभ अवसर पर अनेक विद्यार्थियों ने विद्यारंभ संस्कार में भाग लेकर ज्ञान, एकाग्रता एवं सदाचार का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान हरिभूमि के वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण सक्सेना को भी गायत्री परिवार के वरिष्ठ सहयोगी रमेश अभिलाषी, रमेश नागर, अशोक सक्सेना और अन्य सदस्यों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान 40 नए परिजनों ने गुरु दीक्षा ग्रहण की। इसके बाद जन्मदिन, अन्नप्राशन, नामकरण, यज्ञोपवीत, मुंडन एवं दो विवाह संस्कार संपन्न हुए। इसके बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। भोजन व्यवस्था में मुख्य सहयोग पं. राकेश मिश्रा और उनके साथियों का रहा।

## एमएलबी कॉलेज में धूमधाम से मनाया बसंतोत्सव

**भोपाल।** भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, भाषा संसाधन केंद्र, हिंदी, अंग्रेजी एवं उर्दू विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बसंतोत्सव का आयोजन महाविद्यालय में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ अजय अग्रवाल और वरिष्ठ प्राध्यापकों के द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्कृत विभाग के डॉ. संतोष भार्गव ने मंत्रोच्चार तथा अंग्रेजी विभाग की डॉ.दीपा एस. कुमार ने सरस्वती सूक्त का पाठ किया। महाविद्यालय की छात्रा शिवानी पाल ने नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी, छात्रा रौनक पांचाल ने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता 'वीरों का कैसा हो बसंत' का वाचन किया। अंग्रेजी की छात्रा अक्सा खान तथा उर्दू की छात्रा उनजैला व उरूसा ने बसंत पर प्रतिष्ठित कवियों की रचनाओं का वाचन किया। प्राचार्य जी ने वसंत उत्सव के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. संगीता सक्सेना ने बसंत पर रचित कविता का वाचन किया।



भोपाल
शनिवार, 24 जनवरी 2026
माघ मास शुक्ल पक्ष-06
वर्ष : 12, अंक : 295
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 14

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 भारत ने 200 प्लस रन का टारगेट...

विचार पेज
06 ट्रंप की शांति योजना पर....

1 घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप

खरगोन में कुत्तों के हमले की पांच से अधिक बड़ी घटनाएं

# खरगोन में कोचिंग जा रही 10 साल की बच्ची पर कुत्तों के झुंड का हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

यहां कोचिंग जा रही 10 साल की छात्रा पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। एक कुत्ते ने उसकी पैर में काट लिया, जिससे वह सड़क पर गिर गई। पूरी घटना पास ही के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मामला बृज विहार टाउनशिप के चौमुख इलाके में बुधवार शाम का है। चौथी कक्षा में पढ़ने वाली काव्या जायसवाल बुधवार शाम करीब 4:30 बजे स्कूल बैग लेकर कोचिंग जा



सीसीटीवी फुटेज में दिखा कुत्तों का आतंक

रही थी। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि एक कुत्ता पीछे से बच्ची के पास पहुंचता है, जबकि दूसरा सामने से आकर उसे अचानक गिरा देता है। जमीन पर गिरते ही कुत्तों ने हमला शुरू कर दिया। घबराई बच्ची ने जोर-जोर से चिल्लाकर मदद मांगी। उसी दौरान एक बाइक सवार मौके पर पहुंचा, जिससे कुत्ते भाग गए और बच्ची की जान बच सकी। पीड़ित बच्ची की मां रेखा जायसवाल ने बताया कि बच्ची का इलाज कराया गया है, लेकिन वह मानसिक रूप से काफी डरी हुई है। डर के कारण ▶▶ शेष पेज 4 पर

**ये हमले कब रुकेंगे?**

2 पन्ना में एक बार फिर आदमखोर तेंदुए का कहर

वन विभाग की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर अब गंभीर सवाल

# दादा को खाना देने गया मासूम धड़ से अलग कर डाला सिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

पन्ना टाइगर रिजर्व के बफर जोन में एक बार फिर आदमखोर तेंदुए का कहर देखने को मिला है। ग्राम जारधोबा में एक भूखे तेंदुए ने 12 वर्षीय शिब्बू आदिवासी बालक पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना इतनी वीभत्स थी कि तेंदुआ बच्चे के शव को घसीटते हुए पेड़ पर ले गया और उसका सिर धड़ से अलग कर दिया।



पुलिस घटनास्थल पर मुआयना करती हुई

जानकारी के अनुसार बालक शिब्बू आदिवासी पिता बहादुर आदिवासी के माता-पिता खेत पर रखवाली कर रहे थे। मासूम बालक पास ही बनी अपने दादा की झोपड़ी में उन्हें खाना देने के लिए निकला था। घात लगाकर बैठे तेंदुए ने रास्ते में ही बालक को अपना शिकार बना लिया। जब काफी देर तक बच्चा नहीं लौटा, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान जो मंजर दिखा, उसने सबकी रूह कंपा दी। तेंदुए ने बच्चे को मारकर उसे पेड़ के ऊपर खींच लिया था। बाद में बच्चे का क्षत-विक्षत शव और उसका सिर पेड़ के नीचे बरामद हुआ। घटना ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### रुपया 91.93 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपया 23 जनवरी को रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।



कंपनियों और आयातकों की तरफ से डॉलर की स्ट्रॉन्ग डिमांड का असर रुपए पर पड़ा। इससे यह गिरकर 91.93 के स्तर पर आ गया। 21 जनवरी को भी रुपए में बड़ी गिरावट दिखी थी। यह 0.2 फीसदी गिरकर 91.74 के लेवल पर आ गया था। 23 जनवरी को डॉलर के मुकाबले 91.43 के लेवल पर खुला।

### बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र माने जाने वाले बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने



की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। टिहरी जिले के नरेंद्र नगर स्थित राजदरबार में शास्त्रों और पंचांग गणना के बाद यह फैसला लिया गया कि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। राजदरबार में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान महाराजा मनु जयेंद्र शाह ने स्वयं कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की।

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की तबीयत बिगड़ी

**प्रयागराज।** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की



तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि लगातार ठंड में खुले स्थान पर बैठने के कारण उनकी सेहत पर असर पड़ा है, जिसके चलते वे बीमार हो गए हैं। तबीयत बिगड़ने के बावजूद अब तक किसी चिकित्सक द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया गया है। अनुयायियों और समर्थकों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-दावोस में टेक्नोलॉजी वैल्यू चेन में एक भरोसेमंद और मूल्यों पर आधारित पार्टनर के रूप में भारत का उदय हुआ

दावोस में भारत की ग्रोथ और टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षाओं पर ग्लोबल विश्वास

# एप्लिकेशन, मॉडल, चिप, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा से भारत में एआई ग्लोबल की रखी नींव

*वैष्णव ने एक्स पर कहा कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल भारत के एआई ईकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा*




एजेंसी ▶▶ दावोस (स्विटजरलैंड)

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि, दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) की सालाना बैठक में भारत की ग्रोथ और टेक्नोलॉजी की महत्वाकांक्षाओं पर ग्लोबल विश्वास साफ तौर पर दिखा। उन्होंने लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर में ग्लोबल कंपनियों और निवेशकों के साथ बढ़ते जुड़ाव पर ज़ोर दिया।

दावोस से अपडेट शेयर करते हुए, मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि मल्टीनेशनल लॉजिस्टिक्स कंपनी मर्स्क शिपिंग, बंदरगाहों, रेलवे और सेमीकंडक्टर मटीरियल सहित लॉजिस्टिक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

**इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी फर्म हनीवेल रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए भारत के साथ साझेदारी कर रही**



दावोस में चर्चा करते केंद्रीय मंत्री वैष्णव

**टेमासेक के चेयरमैन टेओ ची हीन ने भारत में टेमासेक की मौजूदगी का विस्तार करने में दिलचस्पी दिखाई**

## डब्ल्यूईएफ में हुई मुलाकातों ने बेहतर संकेत दिए

वैष्णव ने एक्स पर पोस्ट किया कि मर्स्क शिपिंग, बंदरगाहों और रेलवे, और सेमीकंडक्टर मटीरियल सहित लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए भारत के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है। हनीवेल रेलवे के आधुनिकीकरण में भारत के साथ साझेदारी कर रही है। यह भारत में मैन्युफैक्चरिंग ऑपरेशन का विस्तार करने के लिए उत्सुक है। मंत्री वैष्णव के अनुसार डब्ल्यूईएफ में हुई मुलाकातों ने भारत की लंबी अवधि की ग्रोथ स्टोरी और एक भरोसेमंद ग्लोबल पार्टनर के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। टेमासेक के चेयरमैन टेओ ची हीन ने भारत में टेमासेक की मौजूदगी का विस्तार करने में दिलचस्पी दिखाई, साथ ही सिंगापुर की भारत के फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने को तैयार

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत ग्लोबल एआई सेवाओं के लिए एक मजबूत नींव बनाने के लिए एआई आर्किटेक्चर की सभी पांच परतों -एप्लिकेशन, मॉडल, चिप्स, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऊर्जा-पर व्यापक रूप से काम कर रहा है। मंत्री वैष्णव ने भारत के आर्थिक दृष्टिकोण को भी दोहराते हुए कहा कि, टेक्नोलॉजी के नेतृत्व वाली ग्रोथ और मैन्युफैक्चरिंग विस्तार से प्रेरित होकर देश आने वाले वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है।

### हम सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना रहे

सेमीकंडक्टर पर मंत्री ने कहा कि, भारत चिप डिजाइन, फैब्रिकेशन, पैकेजिंग, मटीरियल, गैस और उपकरण को कवर करते हुए एक पूरा सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम बना रहा है। उन्होंने कहा कि इस एकीकृत दृष्टिकोण ने भारत को ग्लोबल सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में एक तेजी से भरोसेमंद पार्टनर के रूप में स्थापित किया है। वैष्णव ने एक्स पर कहा कि ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गज गूगल भारत के एआई ईकोसिस्टम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है, जिसमें विशाखापत्तनम (विजाग) में 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का एआई डेटा सेंटर प्रोजेक्ट और भारतीय स्टार्टअप्स के साथ पार्टनरशिप का विस्तार शामिल है।

भागीरथपुरा में दूषित पानी ने ली एक और जान

# एक बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ा, मौत का आंकड़ा 26 पर पहुंचा

*10 अन्य नागरिकों का अस्पताल में चल रहा इलाज*



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी के सेवन से उत्पन्न हुई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण शुक्रवार को एक और मौत दर्ज की गई।

इस बार 63 वर्षीय बद्री प्रसाद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्हें लगातार उल्टी और दस्त की शिकायत के बाद 17 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय जानकारी के अनुसार बद्री प्रसाद पहले से ही टीबी की बीमारी से भी जूझ रहे थे। इस नई मृत्यु के साथ ही भागीरथपुरा इलाके में अब तक जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई है। क्षेत्र में दूषित जल के कारण हो रही मौतों का यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

शहडोल में ड्यूटी पर तैनात था कॉन्स्टेबल

# फोन पटका और राइफल से मार ली गोली, मौके पर मौत

*मृतक जबलपुर का रहने वाला*



शिशिर सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहडोल

पुलिस लाइन स्थित रक्षित केंद्र में पहरा ड्यूटी के दौरान एक आरक्षक द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना बीती रात करीब 1:25 बजे की बताई जा रही है। क्वार्टर गार्ड ड्यूटी पर तैनात आरक्षक शिशिर सिंह राजपूत (29 वर्ष) ने ड्यूटी के लिए प्रदाय की गई सर्विस राइफल से अपनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

फरीदाबाद में पिता निकला हत्यारा

# 50 तक गिनती न लिखने पर बेटी की हत्या, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के फरीदाबाद में पुलिस ने साढ़े 4 साल की बेटी की हत्या के आरोप में एक पिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपनी बच्ची को सिर्फ इसलिए पीटा क्योंकि वह 50 तक गिनती नहीं लिख पा रही थी। नौकरी पर गई पत्नी के सामने उसने कहानी बनाई कि बेटी खेलते समय सीढ़ियों से गिर गई थी। जब मां अस्पताल पहुंची तो उसने बच्ची के शरीर पर चोट के कई निशान देखे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

बच्ची के चेहरे पर जगह-जगह नीले निशान थे। शक होने पर मां ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। सेक्टर 56 ▶▶ शेष पेज 4 पर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर

# जैश-ए-मोहम्मद का पाकिस्तानी आतंकी ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

*सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ हुई*

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर इलाके में शुक्रवार शाम सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के जॉइंट ऑपरेशन में जैश-ए-मोहम्मद का एक आतंकी मारा गया।



स्पेशल ऑपरेशन के दौरान का दृश्य

इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था, तभी आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई, जिसमें ▶▶ शेष पेज 4 पर



रायपुर में ईशान और सूर्यकुमार चमके

सीरीज का तीसरा मुकाबला 25 को गुवाहाटी में

# टी20 में टीम इंडिया की 7 विकेट से धमाकेदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारत और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला शुक्रवार को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 7 विकेट से जीत हासिल की। भारत को जीत के लिए 209 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 15.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। भारत के लिए ईशान किशन और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। ईशान ने 76 और सूर्यकुमार ने 82* रन बनाए।

### 2-0 से आगे

इस मुकाबले में जीत के साथ ही भारत सीरीज में 2-0 से आगे हो गया है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 25 जनवरी को गुवाहाटी में खेला जाएगा। ईशान किशन ने 21 गेंदों में अपने टी20 करियर का सातवां अर्धशतक पूरा किया। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फॉर्म में वापसी कर ली है।

▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

नीमच-जावद हाईवे पर हादसा

50 फीट तक घसीटने से शवों के चीथड़े उड़े

# ट्रॉले ने बाइक सवारों दो युवकों को कुचला, बुलडोजर से निकाले शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीमच

भरभड़िया फंटे पर गुरुवार रात को एक ट्रॉले ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। दोनों युवक ट्रेलर में फंस गए, जिससे करीब 50 फीट तक घसीटते गए। ट्रॉला लोहे की रेलिंग तोड़ते हुए बिजली के खंभे पर टकराकर खेत में घुस गया।

खंभे भी टूट गए। युवकों के शवों के चीथड़े उड़ गए। हादसे के बाद ट्रेलर में फंसे क्षत-विक्षत शवों को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। लेकिन ट्रॉला क्रेन से हिल भी नहीं



ट्रॉले में फंसे शव मुश्किल से निकाए गए

पाया। इसके बाद तीन बुलडोजर बुलाए गए। देर रात तक कड़ी मशक्कत के बाद शवों को ट्रेलर से निकाला गया। तेज रफ्तार ट्रेलर सीमेंट क्लिंटर लेकर मंदसौर जा रहा था। वहीं, बाइक सवार नीमच से जावद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रॉले ने बाइक सवारों को चपेट में ले लिया। करीब 50 फीट तक घसीटता ▶▶ शेष पेज 4 पर

क्या ये नया भागीरथपुरा? अब महू में भी दूषित पानी ने बढ़ाई लोगों की चिंता

चंदर मार्ग में कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया निरीक्षण

# 250 घर प्रभावित, 10 अस्पताल में भर्ती, 12 सर्वे टीमें तैनात, नर्मदा सप्लाई रोककर टैंकर से देंगे पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महू

चंदर मार्ग क्षेत्र में दूषित पानी के कारण उपजे स्वास्थ्य संकट को देखते हुए इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा शुक्रवार को प्रभावित क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने गली-मोहल्लों का भ्रमण कर रहवासियों से सीधे संवाद किया और क्षेत्र में जल आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि प्रशासन हर प्रभावित परिवार की मदद के लिए मुस्तैद है।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार चंदर मार्ग के लगभग 250 घर इस दूषित जल की समस्या से सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने 12 विशेष सर्वे टीमें गठित की हैं, जो घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर रही ▶▶ शेष पेज 4 पर

रहवासियों से जल आपूर्ति के संबंध में की चर्चा



कलेक्टर शिवम वर्मा बात करते हुए

### इधर, बुरहानपुर में गंदे पानी की सप्लाई पर प्रदर्शन, कांग्रेसी नेताओं पर एफआईआर

**बुरहानपुर।** गंदे पानी के वितरण सहित अन्य मुद्दों को लेकर नेपानगर भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन करना कांग्रेस नेताओं को भारी पड़ गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलेश महाजन की शिकायत पर पुलिस ने कांग्रेस के ग्रामीण कार्यकारी अध्यक्ष जगमीत सिंह जाली और शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह बैस सहित बारह कांग्रेस नेताओं के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 4 पर

**भारत की नई अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका निभाएगा मप्र**

# स्पेस टेक नीति-2026 से मप्र बनेगा भारत का नया 'स्पेस टेक' हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र स्पेस टेक नीति-2026 राज्य की वैज्ञानिक और खगोलीय विरासत को फ्यूचर रेडी टेक्नॉलोजिकल लीडरशिप में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करेगी। इससे मप्र भारत की नई अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीप-टेक जैसे उभरते सेक्टर्स में निवेश को प्रोत्साहित करना, उच्च-कौशल रोजगार सृजित करना और मप्र को एक अग्रणी स्पेस टेक हब के रूप में स्थापित करना है।

ऐतिहासिक रूप से प्राचीन भारत का ग्रीनविच कहे जाने वाले उज्जैन (डोंगला) की खगोलीय विरासत को आधुनिक विज्ञान और एआई तकनीक से जोड़कर राज्य को अंतरिक्ष अनुसंधान के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। नीति का क्रियान्वयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जाएगा, जिसमें एमपीएसईडीसी नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी।

## नवाचार और अनुसंधान से युवाओं के लिए सृजित होंगे नए अवसर

**भारतीय अंतरिक्ष नीति व इन स्पेस सुधारों के अनुरूप निजी क्षेत्र की भागीदारी को देंगे बढ़ावाः सीएम**



नीति के तहत डिजाइन-लिंक्ड इंसेंटिव, प्रोटो टाइप विकास अनुदान, बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रतिपूर्ति सहायता और स्टार्ट-अप और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए संरचित मैचिंग-फंड मॉडल शामिल किया गया है। इसके साथ ही भारतीय अंतरिक्ष नीति और इन स्पेस सुधारों के अनुरूप निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। नीति की विशेष उपलब्धि उज्जैन में खगोल भौतिकी एवं अंतरिक्ष विज्ञान के लिए अनुसंधान एवं विकास केंद्र की स्थापना है। इस केंद्र से उज्जैन की समृद्ध खगोलीय विरासत को आधुनिक विज्ञान और एआई तकनीक से जोड़ा जाएगा। निवेशकों, स्टार्ट-अप्स और अनुसंधान संस्थानों को सिंगल-विंडो सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक समर्पित सुविधा प्रकोष्ठ भी स्थापित किया जाएगा। स्पेस टेक नीति से मध्यप्रदेश देश के अग्रणी टियर-2 स्पेस टेक हब के रूप में उभरेगा।

## अनुसंधान एवं विकास को विशेष प्राथमिकता

नीति में इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और अनुसंधान एवं विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। इसके अंतर्गत स्पेस टेक मैन्युफैक्चरिंग पार्क, पर्यावरणीय एवं ईएमआई, ईएमसी परीक्षण सुविधाएं, प्रणोदन एवं वाइब्रेशन परीक्षण प्रयोगशालाएं, क्लीन रूम तथा सैटेलाइट सिमुलेशन, एआई मॉडलिंग और बिग-डेटा एनालिटिक्स के लिए उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे। पात्र स्पेस-ग्रेड अधोसंरचना के लिए 40 प्रतिशत तक पूंजी अनुदान और फोकस सेक्टर्स के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन का भी प्रावधान किया गया है।

***स्पेस टेक नीति-2026***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मप्र स्पेस टेक नीति-2026 का शुभारंभ हाल ही में मप्र क्षेत्रीय एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस-2026 में किया था। यह नीति राज्य को अंतरिक्ष और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। स्पेस टेक नीति-2026 एक समग्र और एंड-टू-एंड तकनीकी ढांचा प्रदान करती है, जिसमे अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र के अपस्ट्रीम, मिडस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम सभी चरणों का विकास किया जाएगा। नीति में उपग्रह एवं प्रक्षेपण यान निर्माण, प्रणोदन प्रणाली, एवियोनिक्स, उन्नत सामग्री, असेंबली-इंटीग्रेशन-टेस्टिंग,मिशन संचालन, ग्राउंड स्टेशन, स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस एवं एआई-आधारित उपग्रह डेटा विश्लेषण को शामिल किया गया है।*

**प्रदेश की पहचान उसके नक्शे से ही नहीं, बल्कि उपलब्धियों से भी होती है: डॉ. मोहन**

**रोजगार मूलक व्यवसाय उद्योग स्थापना पर दी जाएगी मदद**

# व्यापार के लिए हर देश भारत से जुड़ने के लिए प्रयासरतः सीएम

*महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने किया अभिनंदन समारोह का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसी भी प्रदेश की पहचान उसके केवल नक्शे से नहीं, बल्कि उपलब्धियों से भी होती है। आज मप्र अपनी प्रभावी नीतियों और उनके सफल क्रियान्वयन के कारण न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बना रहा है। प्रदेश औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है और निवेश के लिए उद्यमियों को आकर्षित कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस की वार्षिक बैठक में सहभागिता के बाद जबलपुर में महाकौशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के व्यापारियों एवं उद्यमियों की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 के पहले की स्थिति अब पूरी तरह बदल चुकी है। भारत निरंतर प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। आज दुनिया का हर देश व्यापार और निवेश के लिए भारत से जुड़ने को उत्सुक है। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह सहित व्यापारिक एवं व्यावसायिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सम्मान करते व्यापारी और उद्यमी।

### जबलपुर शहर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्र औद्योगिकीकरण होने से तेजी से आगे बढ़ते हैं। प्रदेश के महानगरों के विकास के लिए औद्योगिकीकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जबलपुर शहर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। इसमें जबलपुर से 50 किमी के दायरे में आने वाले सभी शहरों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यदि देश में कहीं चीता परिवार का विस्तार हो रहा है तो वह मप्र में हो रहा है, जो पूरे एशिया के लिए गर्व की बात है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ की गई है, जिसमें 45 मिनट की यात्रा का किराया मात्र 3500 रुपए रखा गया है, जो अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है। इससे प्रदेश में पर्यटन को नई गति मिलेगी।

### प्रदेश ने वैश्विक निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में 200 से अधिक देशों ने भाग लिया, लेकिन सबसे अधिक फोकस भारतीय प्रतिनिधिमंडल पर रहा। भारत सरकार के साथ-साथ देश के 10 राज्यों ने भी इस मंच पर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें मप्र विशेष रूप से उभरकर सामने आया। विशेषकर नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश ने वैश्विक निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने बताया कि मप्र में पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा एवं पॉवर सेक्टर के माध्यम से सस्ती बिजली का उत्पादन किया जा रहा है और मात्र 2 रुपए 10 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिजली उपलब्ध कराई जा रही है।

### रोजगार मूलक उद्योगों को बढ़ावा देने प्रोत्साहन

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार रोजगार मूलक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रोत्साहन दे रही है। उद्योगों की स्थापना पर 30 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जा रही है, वहीं एमएसएमई सेक्टर को 60 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। राज्य के संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए नई नीतियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि देश में सबसे तेज गति से मेडिकल कॉलेज मप्र में खोले जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज खोलने के इच्छुक उद्यमियों को 25 एकड़ भूमि मात्र एक रुपए की दर से उपलब्ध करायी जा रही है। साथ ही निजी क्षेत्र के मेडिकल कॉलेजों में नीट के माध्यम से चयनित छात्रों को फीस भुगतान के लिए राज्य सरकार की ओर से ऋण सुविधा भी दी जाएगी।



ग्वारीघाट पर मां नर्मदा की आरती में नड्डा, डॉ. यादव व सिंह।



संतश्री का आशीर्वाद लेते नड्डा और डॉ. यादव।

### गोंडवाना कालीन वीर बावड़ी और जल मंदिर का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने जबलपुर के ऐतिहासिक 'जल मंदिर' और 'वीर बावड़ी' परिसर का शुक्रवार को भ्रमण कर पुनरुद्धार कार्यों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरचनाएं गोंडवाना साम्राज्य के गौरवशाली अतीत का जीवंत प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बावड़ी की वास्तुकला और इसके पुनरुद्धार कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य ध्येय हमारी ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना और आने वाली पीढ़ी को इससे परिचित कराना है। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने परियोजना की विस्तृत जानकारी दी।



**भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन**

## 20 लाख मतदाता नाम जुड़ने से वंचित, मौका देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े गंभीर एवं जनहित से संबंधित विषयों पर भारतीय जनता पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने फॉर्म-6, 7 एवं 8 के अंतर्गत की जा रही कार्यवाही में पूर्ण पारदर्शिता, प्रक्रियागत एकरूपता तथा विधि-सम्मत एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

**फॉर्म-6, 7 एवं 8 के विधिवत, पारदर्शी एवं समयबद्ध निराकरण की मांग**

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 23 दिसंबर 2025 को प्रारूप निर्वाचन नामावली के प्रकाशन के दौरान दी गई जानकारी के अनुसार एएसडीआर में कुल 42,74,160 मतदाताओं को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर नहीं दिया गया। इनमें से दिवंगत एवं पूर्व में सम्मिलित मतदाताओं को छोड़ने के बाद भी अनुपस्थित एवं स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 31,21,070 है। ऐसे सभी मतदाताओं को विधिवत नोटिस भेजने एवं जिनके मोबाइल नंबर उपलब्ध हों, उन्हें एसएमएस के माध्यम से सूचना देकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिए जाने का सुझाव दिया। स्थल पर भौतिक जांच कर पुनरीक्षण किया जाए, क्योंकि ऐसी जानकारी मिल रही है कि अनेक मतदाता वास्तव में उपलब्ध हैं, इसके बावजूद उन्हें अनुपस्थित या स्थानांतरित दर्शाया गया है। लापरवाही के कारण अनुमानित 20 लाख मतदाता नाम जुड़ने से वंचित रह गए हैं, जिसके लिए जिम्मेदार कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने एवं अतिरिक्त फॉर्म-7 की प्रक्रिया को लेकर एआरओ, एईआरओ एवं बीएलओ स्तर पर व्याप्त भ्रम पर चिंता जताते हुए एकरूप दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में एसआईआर के प्रदेश संयोजक एवं विधायक भगवानदास सबनानी, पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं सह-संयोजक रजनीश अग्रवाल तथा सह-संयोजक एसएस उप्पल उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों पर ही सुनवाई करें

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एसआईआर के अंतर्गत नो-मेपिंग श्रेणी के 8.65 लाख मतदाता सुनवाई के लिए उपस्थित हो रहे हैं, किंतु विशेषकर नगरीय क्षेत्रों में सुनवाई में देरी के कारण मतदाताओं को अत्यधिक प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। इससे हतोत्साहित होकर अनेक मतदाता बिना सुनवाई के वापस लौट रहे हैं। इसके अतिरिक्त एक ही परिवार के सदस्यों को अलग-अलग तिथियों पर बुलाए जाने से हो रही असुविधा का भी उल्लेख किया गया। सुझाव दिया कि अधिकृत ईआरओ एवं एईआरओ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवास कार्यक्रम बनाकर मतदान केंद्रों पर ही सुनवाई करें।

**संभागायुक्त को ज्ञापन देने पहुंचा कांग्रेस पार्षद प्रतिनिधिमंडल**



ज्ञापन सौंपने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

## स्लॉटर हाउस को 20 साल की अनुमति देने को लेकर विवाद उच्च स्तरीय जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम द्वारा शहर में संचालित स्लॉटर हाउस को 20 साल की अनुमति दिए जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस पार्षद दल एवं शबिस्ता आसिफ ज़की एडवोकेट ने इस मामले को लेकर संभाग आयुक्त भोपाल को विधिक आपत्ति प्रस्तुत करते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

कांग्रेस पार्षद दल का आरोप है कि स्लॉटर हाउस को दी गई अनुमति मेयर इन काउंसिल के माध्यम से दी गई, जबकि नगर निगम अधिनियम के अनुसार ऐसे मामलों में परिषद से प्रस्ताव पारित कराना अनिवार्य था, जो इस प्रकरण में नहीं किया गया। पत्र में यह भी कहा गया है कि सामूहिक निर्णय की जिम्मेदारी होने के बावजूद केवल दैनिक वेतनभोगी एवं नियमित कर्मचारियों पर एकतरफा कार्रवाई की जा रही है, जबकि एमआईसी सदस्यों को संरक्षण दिया जा रहा है। इसे संविधान के अनुच्छेद-14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन बताया गया है। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि स्लॉटर हाउस को 20 वर्ष की अनुमति देने की वैधानिक जांच की जाए और निर्णय में शामिल एमआईसी सदस्यों की भूमिका तय करने की कार्रवाई होगा। इसी तरह कर्मचारियों पर की गई एकतरफा कार्रवाई तत्काल स्थगित की जाए। कांग्रेस पार्षद दल ने स्पष्ट किया कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो यह विषय न्यायिक समीक्षा तक ले जाया जाएगा। ज्ञापन देने पहुंचे वालों में पार्षद योगेंद्र सिंह गुड्डू चौहान, प्रवीण सक्सेना, जीत सिंह राजपूत, लक्ष्मण राजपूत, जहीर खान आदि शामिल थे।

**निगम परिषद से प्रस्ताव पारित होने के बाद निगम प्रशासन ने शुरू की प्रक्रिया**

## 200 करोड़ के म्युनिसिपल बांड के लिए क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से प्रपोजल बुलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए नगर निगम ने 200 के म्युनिसिपल बांड जारी करने की दिशा में प्रक्रिया शुरू कर दी है। निगम ने क्रेडिट रेटिंग कराने के लिए सेबी से पंजीकृत क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इसे लेकर निगम आयुक्त की ओर से नोटिस इनवाइटिंग टेंडर जारी किया गया है। इसके तहत प्रस्तावित म्युनिसिपल बांड के लिए निगम की वित्तीय स्थिति, आय–व्यय, ऋण क्षमता और जोखिम का आकलन किया जाएगा। क्रेडिट रेटिंग के आधार पर ही निगम बांड बाजार में निवेशकों को आकर्षित कर सकेगा। निगम के अधिकारियों का मानना है कि बेहतर क्रेडिट रेटिंग मिलने से कम ब्याज दर पर पूंजी जुटाना संभव होगा, जिससे सड़क, जलापूर्ति, सीवरेज और अन्य शहरी विकास परियोजनाओं को गति मिल सकेगी।

- **आय–व्यय ऋण क्षमता का आकलन किया जाएगा**

**पौधे, फल, सब्जी, अनाज, बीज एवं बागवानी का सामान रहेगा उपलब्ध**

## तीन दिवसीय आजीविका ग्रीन मेला भोपाल हाट में आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के भोपाल हाट में 24 से 26 जनवरी तक तीन दिवसीय आजीविका ग्रीन मेले का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कर रहा है। मेले में मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों के रसायन रहित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। मुख्य रूप से समूहों की नर्सरी में तैयार किए गए पौधे, फल, सब्जी, रसायन रहित अनाज, बीज, खाद, कीटनाशक एवं बागवानी का सामान मेले में उपलब्ध रहेगा।

भोपाल, रायसेन, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, मंदसौर, विदिशा, ग्वालियर, राजगढ, सागर, श्योपुर, आगर-मालवा बैतूल, जबलपुर, नरसिंहपुर एवं गुना जिलों से समूहों की दीदियां सामग्री लेकर आ रही हैं, सामग्री बेचने के लिए भोपाल हाट में लगभग 40 स्टॉल लगाया जा रहा हैं।

### मेले में पौधे एवं खाद उपलब्ध

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण आजीविका मिशन हर्षिका सिंह ने बताया कि यह मेला अन्य मेलों की तुलना अलग है। इस मेले में शोभादार पौधों में गुलाब, सेवंती, डहेलिया आदि, आस्था के पौधों में तुलसी, शमी, बेल आदि, सब्जी की पौधों में टमाटर, मिर्च, गोभी, पत्ता गोभी, ग्राफ्टेड सब्जी में बैंगन के पौधे उपलब्ध रहेंगे। उन्नत फलदार वृक्षों में ग्राफ्टेड आम, अमरूद (थाई पिंक थाई) नीबू (सीड लेस), संतरा, चीकू, अनार आदि विशेष रूप से उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा जैविक खाद, केंचुआ खाद, नाडेप खाद, धनजीवामृत, द्रव्यजीवामृत तथा जैविक कीटनाशक में नीमास्त्र, बह्मास्त्र, अग्नि अस्त्र, पांचपर्णी, दशपर्णी काढ़ा उपलब्ध रहेगा। एकीकृत कीट नियंत्रण सामग्री में नीला, पीला स्टिकी ट्रैप, फेरोमोने ट्रैप, लाई ट्रैप उपलब्ध रहेंगे। इसी प्रकार मिट्टी एवं गोबर के गमले, सब्जी पौध तैयार करने के लिए सामग्री रूट ट्रे, कोको पिट, नर्सरी में उपयोग होने वाले छोटे यंत्र खुरपी, कटाई छटाई के लिए सिकेटियर, बडिंग चाकू भी उपलब्ध रहेंगे। फ्रेश जूस, फ्रूट सलाद आदि भी मिलेंगे।



**कांग्रेस के भीतर अनुशासन समिति के फैसलों को लेकर उठते रहते हैं सवाल**

**कई मामलों में नोटिस जारी हुआ, लेकिन एक्शन नहीं**

## कांग्रेस के बड़े नेताओं के सामने बेबस हुए अनुशासन समिति की अध्यक्ष सिंह बोले, शिकायत करने वाले कोई आवेदन तो दें तब तो करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस नेताओं की शिकायतों को लेकर अनुशासन समिति की अध्यक्ष बेबस नजर आ रहे हैं। कई बार कांग्रेस के नेताओं ने पार्टी के भीतर मौजूद भितरघातियों को लेकर सवाल उठाए हैं, लेकिन किसी ने भी लिखित में शिकायत नहीं की है तो फिर भला कैसे अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुशंसा करें। यह बात अनुशासन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कही है। राजेंद्र सिंह ने अनुशासन समिति की बैठक को लेकर कहा कि जब भी कोई शिकायत आती है हम बैठक करते हैं। नोटिस देकर जवाब लेते हैं, लेकिन अगर कोई नेता शिकायत ही नहीं करेगा तो हम किस आधार पर कार्रवाई करेंगे। हालांकि उन्होंने कहा कि उन्हें तो सिर्फ मटेरियल चाहिए। मटेरियल मिलेगा तो आगे कोई कार्रवाई होगी। राजेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी अनुशासन समिति की बैठक होती है। हम लगातार शिकायतों पर काम करते हैं। हालांकि कई ऐसे मामले हैं, जिन पर नोटिस तो जारी हुआ जवाब भी लिया गया, लेकिन एक्शन नहीं हुआ है। कांग्रेस के भीतर अनुशासन समिति के फैसलों को लेकर अक्सर सवाल उठाते रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस के नेता ही सवाल उठाए थे। चुरहट से विधायक अजय सिंह ने अनुशासन समिति के कामकाज को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा था कि शिकायत होने के बाद भी कोई कदम नहीं उठाया जाता है और वही कार्यकर्ता या फिर नेता पार्टी के खिलाफ चुनाव में नुकसान पहुंचता है।



फाइल फोटो

### *कैलाश के स्वागत पर अध्यक्ष बदले, नए का भी हुआ विवाद*

साल 2024 में कैलाश विजयवर्गीय के स्वागत पर कांग्रेस के नेताओं ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद तत्कालीन अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा को नोटिस जारी किया गया बाद में सुरजीत सिंह चड्ढा को हटा दिया गया। चिंटू चौकसे अध्यक्ष बन गए. इसके बाद चिंटू चौकसे का दिग्विजय सिंह के स्वागत को लेकर बयान आया। दोनों नेताओं को नोटिस जारी हुआ, लेकिन आज तक किसी पर भी कोई पार्टी की तरफ से एक्शन नहीं लिया गया है।

### *उज्जैन में बवाल मचा, नेताओं की शरण में पहुंचे कार्यकर्ता*

संगठन सृजन अभियान के जरिए उज्जैन शहर का जिला अध्यक्ष घोषित किया गया। उज्जैन के शहर अध्यक्ष महेश परमार को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही जिला अध्यक्ष के बजाय कार्यकर्ताओं ने अकेले ही किसी मामले को लेकर प्रदर्शन किया। इस मामले में महेश परमार ने शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद पार्टी ने नोटिस जारी किया। जिन कार्यकर्ताओं के खिलाफ एक्शन लेना था। वह कार्यकर्ता बड़े नेताओं के घर पहुंच गए और कार्रवाई पर ब्रेक लग गया। 30 दिसंबर 2025 को गांधी भवन नीमच में कार्यक्रम के दौरान अब मर्यादित आचरण के मामले में यूथ कांग्रेस को नोटिस मिला। जिला युवा कांग्रेस के सचिव राहुल अहीर और विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सरवन कुमार सेन को नोटिस मिला। जवाब देने के लिए कहा गया फिर भी कोई एक्शन नहीं हुआ है।

## 'सांध्य छाया' ओल्ड एज होम की प्रदेश में अभिनव पहल, मुख्यमंत्री आज करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बदलते सामाजिक परिवेश में छोटे होते परिवार, इनमें वृद्धजन की देखरेख, स्वास्थ्य सुरक्षा और एकाकीपन एक बड़ा प्रश्न बनकर हमारे सामने आया है, हमें समाज और अपने आसपास ऐसे अनेक उदाहरण देखने या पढ़ने को मिल रहे है जिनमें बच्चे रोजगार की तलाश में मेट्रोपोलिटन शहर में या विदेशों में चले गए हैं।

उनके वृद्ध माता-पिता घरों में एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे है। उनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। आर्थिक सम्पन्नता होते हुए भी सामाजिक और परिवारिक वातावरण से दूर रहने के लिए मजबूर हैं। ऐसे वरिष्ठजन के लिए सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से लगभग 24 करोड़ रुपए की लागत से भोपाल में बनाया पेड ओल्ड एज होम एक अभिनव प्रयोग के रूप में तैयार हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 24 जनवरी को इसका विधिवत लोकार्पण कर, वृद्धजनों को सौपेंगे।

### ओल्ड एज में स्वास्थ्य सेवाएं- डॉक्टर परामर्श की सुविधा



वरिष्ठजनों के लिए बनकर तैयार है पहला पेड ओल्ड एज होम।



भोपाल में यह वृद्धाश्रम पत्रकार कॉलोनी लिंक रोड न. 3 पर स्थित है। यह पांच एकड़ से अधिक भूमि पर बना है, इसमें 12 सिंगल बेड, 22 डबल बेड, कुल 34 कमरें है। इसमें 56 वरिष्ठजनों के रहने की उत्तम व्यवस्था है। भवन में वातानुकूलित कमरें, टीवी, फ्रिज, गर्म एवं ठंडा पानी, निजी बालकनी की व्यवस्था प्रत्येक रूम में है।

### स्वास्थ्य सेवाएं

डॉक्टर परामर्श की सुविधा है। भवन में फिजियोथेरिपी सेंटर, आपातकालीन चिकित्सा सहायता सुविधा भी दी गई है। वरिष्ठजनों के मनोरंजन एवं लाइब्रेरी, ओपन मेस, डाइनिंग हॉल ओर वरिष्ठजनों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया पाथ-वे, प्रत्येक कमरे में अटैच बाथरूम, इन सभी में काल बेल, इंटरकाम, टेलीफोन की व्यवस्था दी गई है। आश्रम में सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

### सेवा भारती मध्य भारत को इसके संचालन का जिम्मा

- सेवा भारती मध्य भारत को इसके संचालन का जिम्मा दो वर्षों के लिए दिया गया है। वृद्धजन को कमरे के हिसाब से प्रतिमाह पृथक-पृथक राशि देनी होगी।
- एक डबल बेड 60 वर्ग मीटर- 39490 रुपए
- डबल बेड रूप 90 वर्ग मीटर 43490 रुपए
- डबल बेड 56.5 वमी 38490 रुपए
- सिंगल बेड 49.2 वमी 49990 रु.
- सिंगल बेड 35 वमी 47990 रु.
- सिंगल बेड 33.5 वमी 45990 रु.

### 83 वृद्धाश्रम किए जा रहे संचालित

प्रदेश में सामाजिक न्याय विभाग की ओर से 83 वृद्धाश्रम संचालित किए जा रहे हैं। इनमें अभी 2 हजार 300 वृद्धजन निवासरत हैं। यह सभी रहवासियों को निः शुल्क रहने, भोजन, कपड़े, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराते है। इसके बाबजूद आर्थिक रूप से सम्पन्न वरिष्ठजनों के लिए यह पेड ओल्ड एज होम एक अभिनव पहल है। राज्य शासन की मंशा भविष्य में पीपीपी मॉडल पर सशुल्क वृद्धाश्रम करने की है। इसके लिए राज्य सरकार नवीन नीति बनाने पर कार्य कर रही है।

### तीसरे दिन भी दल-बल के साथ पहुंचा अमला, दिनभर चली कार्रवाई, 4 ट्रक सामान जब्त

# पुराने शहर के बाजारों में बनी दुकानों के सामने के स्लैब तोड़े, कॉलोनियों में पक्के निर्माण ढहाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

» पिछले तीन दिन से पुराने शहर में कब्जे हटाने की कार्रवाई जारी है। पहले दिन अमले ने 9 ट्रक सामान जब्त किया तो अगले दिन दुकानदार फिर आकर जम गए। इसलिए लगातार कार्रवाई चल रही है।

नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले की कार्रवाई पुराने शहर के बाजारों में तीसरे दिन भी जारी रही। दल-बल और अफसरों की मौजूदगी में दुकानों के सामने स्लैब और अन्य अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई दिनभर चली। इस दौरान करीब चार ट्रक सामग्री जब्त की गई। जबकि अयोध्या नगर, अयोध्या बायपास एवं मीनाल रेसीडेंसी क्षेत्र में अवैध रूप से बने पक्के निर्माणों को भी तोड़ा गया। यहां भवन अनुज्ञा शाखा की कार्रवाई में निगम के अमले ने सहयोग किया।

पुराने शहर के व्यस्ततम बाजार क्षेत्रों नदीम प्रेस रोड, इब्राहिमपुरा, चिंतामन चौराहा, जैन मंदिर रोड, मारवाड़ी रोड, जामा मस्जिद आदि क्षेत्रों से कब्जे हटाने सुबह 11 बजे अमला पहुंचा और कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान दुकानदारों के मामूली विरोध के बीच कार्रवाई जारी रही। यहां से करीब चार ट्रक सामान जब्त किया गया। इसी तरह निगम अमले ने जिला प्रशासन की कार्रवाई में सहयोग करते हुए राहुल नगर क्षेत्र में चार अवैध झुग्गियां तोड़ी व अयोध्या नगर, अयोध्या बायपास एवं मीनाल रेसीडेंसी क्षेत्र में अवैध रूप से बने पक्के निर्माणों को भी तोड़ने की कार्रवाई की गई।

*नदीम रोड इब्राहिमपुरा चिंतामन चौक मारवाड़ी रोड पर कार्रवाई*

*मौके पर रहे जिला प्रशासन, पुलिस और निगम प्रशासन के अधिकारी*


पुराने शहर में दुकानों के सामने बने चबूतरे को तोड़ते हुए निगम कर्मचारी।

### यहां भी हुई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

निगम अमले ने जहांगीराबाद, प्रभात चौराहा, अयोध्या बायपास रोड, इंडस कालोनी, इंडस मुस्कान कालोनी, देवमाता हॉस्पिटल, मीनाल रेसीडेंसी गेट नंबर-1, दुर्गेश विहार कालोनी, ओल्ड सुभाष नगर, हबीबगंज थाना, 6 नंबर बस स्टॉप, एमपी नगर जोन-1 व 2, 1100 क्वाटर्स, कटारा स्प्रिंग वैली, पत्रकार कालोनी, राहुल नगर, नीलबड़, गांधी नगर बस स्टैंड, करोंद हरी मज़ार, लाल क्वार्टर आदि क्षेत्रों से कब्जे हटाए गए। राहुल नगर क्षेत्र में अवैध रूप से ईंटों की बनी 4 झुग्गियों को जेसीबी के माध्यम से तोड़ा।


मकानों के अवैध निर्माणों को भी तोड़ा गया।

### जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ होगी विभागीय जांच

## सीएम हेल्पलाइन की 100 दिन में शिकायतों का निराकरण नहीं करने वाले तहसीलदारों को एडीएम ने भेजा स्टेटस

रहरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में एडीएम ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ स्टेटस लगा दिया है। एडीएम ने सोशल मीडिया पर स्टेटस लिखा लगाते हुए लिखा कि राजस्व की सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस की सभी लंबित शिकायतों का कमिश्नर ने गंभीरता दिखाते हुए यह कहा है कि दो हफ्तों के भीतर स्थित सुधरी नहीं गई तो जिम्मेदार अधिकारी के विरुद्ध जांच करवाई की जाएगी। कमिश्नर की तरफ से चेतावनी जारी की गई है।

कृपया सभी तहसीलदार अपने क्षेत्र की राजस्व की 100 दिवस से अधिक की शिकायतों का संतुष्टि पूर्ण तरह से निराकरण करें। एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में तहसीलदारों की मॉनीटरिंग कर समय पर काम पूरा करें. अति आवश्यक बताते हुए स्टेटस लगाया है अब पूरे यह राजस्व महत्व में एसडीएम का स्टेटस सुर्खियों में है। बता दें कि पिछले दिनों मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक हुई और भोपाल पूरे प्रदेश भर में राजस्व के मामले में 48 वें में नंबर पर रहा था।

इसके बाद कलेक्टर और कमिश्नर को खासतौर पर मुख्य सचिव ने फटकार भी लगाई थी। जिसके बाद एडीएम सहित पूरा राजस्व विभाग का अमला हरकत में आ गया है। सभी तहसीलदार और एसडीएम को निर्देश जारी किए गए हैं कि 100 दिवस के भीतर सीएम हेल्पलाइन की शिकायत निराकरण किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन

### नामांतरण बंटवारे में भोपाल सबसे पीछे

दरअसल, पिछले दिनों मंत्रालय में कमिश्नर-कलेक्टर कान्फ्रेंस के दौरान यह बात निकल के सामने आई कि प्रदेश कई बड़े जिले नामांतरण और सीमांकन के मामले में सबसे पीछे हैं। इसमें भोपाल इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, सागर के साथ और भी कई और जिले शामिल हैं। उसके पीछे की सबसे खास वजह यह है कि एसआईआर का काम पूरे मध्य प्रदेश में चल रहा है। इस वजह से प्रदेश के कई बड़े जिलों में पेंडेंसी पिछले चार माह से लगातार बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही संभवतः तो यही कारण है कि राजस्व विभाग के एसडीएम एडीएम और तहसीलदार अब सतर्क हो गए हैं। क्योंकि एसआईआर का काम लगभग पूरा हो चुका है और अगले माह फरवरी में फाइनल रिपोर्ट आएगी। इस बीच राजस्व के कामकाज को पूरा करने की चुनौती सामने है।

### कलेक्टर का आदेश दरकिनार, मरीजों को पर्चे बनवाने के लिए लगानी पड़ रही कतारें

## जेपी अस्पताल में न तो टोकन सिस्टम शुरू हो सका, न बायोमैट्रिक अटेंडेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में मरीजों की सहूलियत के लिए शुरू किया टोकन सिस्टम कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की फटकार के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। अब अस्पताल प्रबंधन सिस्टम को अपडेट करने की बात कह रहा है। अभी सिस्टम को शुरू होने में करीब एक हफ्ता और लग सकता है। इतना ही नहीं, कलेक्टर ने अस्पताल में सभी डॉक्टरों की अटेंडेंस बायोमेट्रिक सिस्टम से ही लगाने के निर्देश भी दिए थे। बावजूद इसके अब भी बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम की बजाए रजिस्टर पर ही हाजिरी लगाई जा रही है। बता दें कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह जेपी अस्पताल का निरीक्षण पहुंचे थे। तब उन्होंने ओपीडी में उक्त सिस्टम को देखा तो पूछताछ की। लेकिन सिस्टम काम ही नहीं कर रहा था। इस पर उन्होंने नाराजगी भी जताई थी।



शहर का मॉडल जयप्रकाश अस्पताल (फाइल फोटो)

### अपडेट किया जा रहा सिस्टम

टोकन सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है। यही वजह है कि अभी वह काम नहीं कर रहा है। इसके लिए टीम आई थी, देखकर भी गई है। हफ्तेभर में यह सिस्टम विधिवत काम करने लगेगा।

**डॉ. संजय जैन, सिविल सर्जन, जेपी अस्पताल**

### बॉयोमेट्रिक अटेडेंस के विरोध में डॉक्टर

जेपी अस्पताल में ज्यादातर डॉक्टरों को गायब रहने की बीमारी है। इन्होंने ही यहां बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को कभी सफल नहीं होने दिया। ये सभी रजिस्टर सिस्टम के पक्षधर हैं। क्योंकि कभी भी आओ-जाओ, समय अपने हिसाब से रजिस्टर में दर्ज कर दो और इनकी दिनभर की ड्यूटी पूरी। लेकिन इनकी यह मनमानी कलेक्टर के सामने आ ही गई थी। गौरतलब है कि जेपी में करीब 132 डॉक्टर हैं। यहां रोज करीब 1200 मरीजों की ओपीडी रहती है।

## *अब भोपाल स्टेशन पर भी बनेगा 2160 वर्गमीटर चौड़ा आधुनिक कॉन्कोर्स*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में रानीकमलापति रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधा से लैस करने के बाद अब भोपाल स्टेशन की तस्वीर बदलने जा रही है। दरअसल यात्रियों की निरंतर बढ़ती मांग को दृष्टिगत रखते हुए रेलवे द्वारा आगामी वर्षों में प्रमुख शहरों में ट्रेनों की संचालन एवं कोचिंग हैंडलिंग क्षमता को दोगुना करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर आने वाले दिनों में 2160 वर्गमीटर चौड़ा आधुनिक कॉनकोर्स बनाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि अभी तक हर दिन स्टेशन पर 65 हजार के करीब होती है तो वहीं पीक आवर के दौरान यात्री संख्या डेढ़ लाख तक पहुंच जाती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भोपाल स्टेशन के डेवलपमेंट प्लान को नए सिरे से लागू किया गया है। उल्लेखनीय है कि आने वाले साल में भोपाल स्टेशन पर यात्री ट्रेनों की संख्या 300 तक पहुंच जाएगी, जिसके लिए भोपाल मंडल की तरफ से काम किया जा रहा है।

### कल होनी थी परीक्षा, 4 सप्ताह बाद होगी अगली सुनवाई

## नगर निगम में सहायक अभियंता भर्ती परीक्षा पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ ने नगर निगम भोपाल में सहायक अभियंता पद की भर्ती परीक्षा पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी-48307-2025 की सुनवाई के दौरान पारित किया।

याचिकाकर्ता अंकित पटेल एवं अन्य द्वारा दायर याचिका में यह चुनौती दी गई थी कि नगर निगम आयुक्त द्वारा कर्मचारी चयन मंडल को परीक्षा आयोजित न करने संबंधी पत्र भेजे जाने के बावजूद परीक्षा कराई जा रही है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता एलसी पाटने एवं आकाश ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पक्ष रखा। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि परीक्षा यदि आयोजित होती है तो तृतीय पक्ष के अधिकार उत्पन्न होंगे, जिससे भविष्य में अनावश्यक कानूनी विवाद खड़े हो सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा 23 जनवरी 2026 को प्रस्तावित थी।

वहीं, प्रतिवादी क्रमांक-3 की ओर से अधिवक्ता तबरेज़ शेख ने जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की, जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए चार सप्ताह का समय प्रदान किया।

न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के पश्चात आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक नगर निगम भोपाल में सहायक अभियंता पद की भर्ती परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गई है।

### परिषद की बैठक में भी हो चुका है हंगामा

उक्त भर्ती को लेकर परिषद की बैठक में खासा हंगामा हुआ था। इसके बाद निगम आयुक्त ने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल को पत्र लिखकर भर्ती पर रोक लगाने को कहा था, लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया नहीं रोकी गई। लिहाजा अब हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। इस पर निर्णय अब अगली सुनवाई पर ही तय होगा।

### नाम जुड़वाने-कटवाने और संशोधन के रिकॉर्ड फार्म हुए जमा, आखिरी दिन आईं आपत्तियों पर विवाद

# नाम जुड़वाने 28 दिन में 41 हजार तो सिर्फ तीन दिन में आए 25 हजार आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एसआईआर के दूसरे चरण का काम भी पूरा कर लिया गया है। जिसके तहत 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक नए नाम जोड़ना, काटना और संशोधन के फार्म लेने का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब 14 फरवरी तक नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई के साथ ही 21 फरवरी को एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी जाएगी। जिले की 7 विधानसभाओं में चार लाख 38 हजार 317 नाम कटने के बाद नए नाम जुड़वाने रिकार्ड 66 हजार 231 फार्म आए हैं। हालांकि पिछले 28 दिन में इन आवेदनों की तादाद 41 हजार 367 थी, जो सिर्फ तीन दिन में बढ़कर 66 हजार हो गई। ऐसे में तीन दिन के दौरान 25 हजार मतदाताओं ने फार्म-6 भरकर दे दिए।

इसके साथ नाम कटवाने वाले मतदाताओं की तादाद भी 7308 हो गई है, जबकि विधानसभा और पता बदलवाने वाले 41116 मतदाताओं ने फार्म-8 भरकर दिए हैं। अब इनमें से नए नाम जुड़वाने वाले मतदाताओं का पिछले एसआईआर से लिंक मिलाया जाएगा। जिसके आधार पर ही इन मतदाताओं का नाम एसआईआर की फाइनल लिस्ट में शामिल होगा। जबकि संशोधन वाले मतदाताओं का वेरिफिकेशन और दस्तावेजों का मिलाने करने के बाद संशोधन कर दिया जाएगा। उपजिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता का कहना है कि नए मतदाता अब ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, लेकिन उनका नाम एसआईआर की लिस्ट में शामिल नहीं किया जा सकेगा।

### तीन दिन में पांच हजार आपत्ति, ज्ञापन सौंपा


लोगों के संशोधन फार्म जमा करते बीएलओ।

पिछले 28 दिन से नए नाम जोड़ने, नाम काटने और आपत्ति और नाम संशोधन को लेकर काम चल रहा था, लेकिन दो दिन पहले मतदान केंद्रों पर थोक में पांच हजार आपत्तियां आ गईं, जिसके बाद बीएलओ ने मतदाताओं को फोन कॉल करना शुरू किए। आपत्तिकर्ता लोगों के बारे में जानकारी नहीं मिलने के बाद लोग बीएलओ से मिलने पहुंचे। इधर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मोनू सक्सेना ने टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा को आवेदन पेश कर बताया कि दक्षिण-पश्चिम विस के 10 पोलिंग बूथों पर एक वर्ग के लोगों के खिलाफ आपत्तियां पेश की गई हैं। इधर एसडीएम का कहना है कि आपत्तियों को लेकर दोबारा से वेरिफिकेशन किया जाएगा।

**एक लाख 7 हजार वोटर्स को मिले नए कार्ड**

*जिले की सात विस में एक महीने चले दावे-आपत्ति और नए जोड़ने के काम के दौरान नए आवेदन की संख्या 66231 है, जबकि नाम संशोधन वाले 41116 मतदाता हैं। ऐसे में एक लाख 7 हजार 347 वोटर्स को नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। इन मतदाताओं को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के अगले तीन महीने में कार्ड स्पीड पोस्ट से घर भेजा जाएगा।*

### राजनैतिक बीएलए ने दिए थोक में आवेदन

शहर के 2289 पोलिंग बूथ पर बीएलओ 23 दिसंबर से बैठ रहे थे। आखिरी तीन दिनों में भारी तादाद में फार्म आने की वजह राजनैतिक बीएलए के थोक में आवेदन देना बताया जा रहा है। जिसके आधार पर जिला निर्वाचन कार्यालय ने मतदाताओं की जांच करने के बाद ही वोटर लिस्ट जारी कर लिस्ट में नाम शामिल करेगा।

### गोविंदपुरा, नरेला में सबसे ज्यादा नए आवेदन

एसआईआर के दौरान गोविंदपुरा और नरेला विस में सबसे ज्यादा नाम काटे गए हैं। जिसके बाद दोनों विस में सबसे ज्यादा नाम जुड़ने के आवेदन आए हैं, जिसके तहत गोविंदपुरा में 16 हजार 82 और नरेला में 13 हजार 756 मतदाताओं के फार्म-6 मिले हैं। दोनों विस में पिछले तीन दिन के दौरान 11 हजार से अधिक आवेदन नाम जुड़वाने के लिए बीएलओ को मिले हैं।

### निगम अमले ने शहरभर से लिए 196 पानी के सैंपल

**भोपाल।** नगर निगम के अमले ने शुक्रवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से जांच के लिए पानी के सैंपल लिए। जलकार्य विभाग की टीम ने 196 स्थानों से नमूने लेकर लैब भेजे। निगम अमले ने 48 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे। निगम अमले ने अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 2364 स्थानों सहित शहर में कुल 6008 जल के नमूने लेकर 8 परीक्षण शालाओं के माध्यम से जल की गुणवत्ता की जांच कराई साथ ही 942 लीकेज सुधारे। गौरतलब है कि भोपाल के कटारा हिल्स और शहर कई हिस्सों में इंदौर के भागीरथपुरा की तरह कोलाई वैक्टीरिया मिलने के बाद निगम के पानी के सैंपल की जांच में तेजी आई है।

## जैकेट का शेष...

### 'धार' के लोगों ने ...

छावनी जैसा नजर आने लगा था। भोजशाला परिसर को छह अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर निगरानी की गई थी और बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर सख्त पाबंदी थी। बीते वर्षों में जब भी बसंत पंचमी शुक्रवार को आई थी, धार के हालात बिगड़े थे, लेकिन इस बाद प्रशासन ने अपनी पूरी ताकत झोंक रखी थी और धार के लोगों ने धीरज धरा। बसंत पंचमी और जुम्मे की नमाज निर्विघ्न तरीके से संपन्न हुई। भोज उत्सव समिति ने धर्मसभा भी आयोजित की। जिसमें वर्ष 2034 तक धार में भव्य मंदिर बनाने की बात कही गई।

### पुलिस सुरक्षा में नमाज ...

अदा होने के बाद समाजजनों को वापस ले जाया गया। 15 से अधिक संख्या में मुस्लिम समाज के लोग आए थे। इसके लिए प्रशासन ने पास भी जारी किए।

### उपद्रवियों ने बस फूंकी ...

प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है तभी तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे। पथराव के बाद दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क पर उतर आए। दोनों समुदाय के लोगों के आमने-सामने आने के बाद पुलिस ने उन्हें रोका लेकिन इसी बीच किसी व्यक्ति ने यहां खड़ी एक बस में आग लगा दी। इसके बाद इलाके के हालात बिगड़ गए। वहीं, सोहिल ठाकुर को सिर पर गहरी चोट आई है। उसे उज्जैन जिला अस्पताल चरक भवन में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। सोहिल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सिर में चोट की वजह से उसे आईसीयू वार्ड में रखा गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि एक फरार आरोपी को पुलिस जल्द से जल्द पकड़े।

**क्यों हुआ तराना में विवाद ?:** गुरुवार को तराना की शुक्ला गली में रहने वाला सोहिल पिता सोनू ठाकुर उम्र 26 साल अपने घर से करीब 200 मीटर दूर राम मंदिर संघ कार्यालय के नजदीक बैठा था। शाम करीब 7.30 बजे ईशान मिर्जा और उसके साथ आठ से दस लोग लोहे की रॉड, लाठी और चाकू लेकर सोहिल के पास पहुंचे और उसे धमकाने लगे। आरोपियों के साथ सोहिल की कहासुनी हुई, इसी बीच आरोपियों ने सोहिल के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सोहिल को बचाने उसका चचेरा भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। सोहिल को तत्काल ही तराना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे उज्जैन रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद सैकड़ों लोग अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए थे। देखते ही देखते तराना में तनाव के हालात निर्मित हो गए।

### उपद्रव के सीसीटीवी ...

जा रही है। हर चौराहे पर पुलिस बल बलवा सामग्री के साथ मौजूद है। लोगों से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। अगर आपको कोई सूचना मिलती भी है तो पहले चौराहे पर तैनात पुलिस को उसके बारे में बताएं। एसपी शर्मा ने बताया कि दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। हम फुटेज के माध्यम से भी ऐसे लोगों को चिन्हित करने में लगे हुए हैं जिनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

### बोस लाइब्रेरी ने 100 ...

के शताब्दी वर्ष समापन समारोह पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सिटी बंगाली क्लब में शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण भी किया। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने बसंती पंचमी की बधाई के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन कर कहा कि नेताजी वर्ष 1939 में जबलपुर आए थे। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व राष्ट्रपति स्व. प्रणब मुखर्जी भी सिटी बंगाली क्लब से जुड़े थे। हमें बंगाल और उसके के गर्व को कभी भूलना नहीं चाहिए। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह अन्य अतिथि भी मौजूद थे।

### बंगाली समाज की ...

अपनी धर्मपत्नी के सम्मान में लाइब्रेरी की स्थापना की थी। बांग्ला संस्कृति-परंपरा, कला, साहित्य और भाषा के संवर्धन के साथ-साथ यह क्लब कन्या शिक्षा के मार्ग पर भी अग्रसर है। संस्था की ओर से 95 वर्षों से गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल चलाया जा रहा है।

## पेज एक का शेष...

### खरगोन में कोचिंग ...

उसका माहौल बदलने के लिए उसे धूलकोट भेजा गया है। उन्होंने इस मामले में नगर पालिका से ठोस कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। उनका कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर पालिका आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से नहीं ले रही है। इस वर्ष खरगोन में कुत्तों के हमले की पांच से अधिक बड़ी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हाल ही में संजय नगर क्षेत्र में हुए हमले में 13 बच्चे घायल हुए थे, जिनमें एक 11 वर्षीय बच्ची की मौत भी हो चुकी है।

### दादा को खाना ....

की सूचना मिलते ही पन्ना टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची। जारधोबा गांव में इस घटना के बाद से मातम और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब जंगली जानवरों ने इंसानों को निशाना बनाया हो। वन विभाग की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर अब गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### एप्लिकेशन, मॉडल,...

इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए भारत के साथ सक्रिय रूप से काम कर रही है, जो ग्लोबल सप्लाई चेन में भारत की बढ़ती भूमिका को दिखाता है। इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी फर्म हनीवेल रेलवे के आधुनिकीकरण के लिए भारत के साथ साझेदारी कर रही है और उसने देश में अपने मैन्युफैक्चरिंग कारोबार को बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है।

### डब्ल्यूईएफ में हुई ...

डीप-टेक स्टार्टअप में निवेश करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। मंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और साइबर सुरक्षा में ग्लोबल लीडर्स के साथ चर्चा से टेक्नोलॉजी वैल्यू चेन में एक भरोसेमंद और मूल्यों पर आधारित पार्टनर के रूप में भारत का उदय हुआ है।

### एक बुजुर्ग ने...

सिलसिला प्रशासन के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। वर्तमान में इस क्षेत्र के 10 अन्य नागरिक अरविंदो अस्पताल में उपचाराधीन हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक इनमें से एक मरीज की स्थिति अत्यंत नाजुक बनी हुई है और उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि अस्पताल में भर्ती अधिकांश मरीज डायरिया के साथ-साथ अन्य गंभीर बीमारियों से भी ग्रसित हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार मरीजों की निगरानी कर रही हैं और क्षेत्र में जल जनित संक्रमण को फैलने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। भर्ती 10 मरीजों में से 8 ऐसे हैं जो पहले से ही किसी न किसी पुरानी या अन्य शारीरिक व्याधि से पीड़ित पाए गए हैं।

### फोन पटका और...

गर्दन/दाढ़ी के पास गोली मार ली, जो सिर से पार हो गई। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक घटना से ठीक पहले आरक्षक मोबाइल फोन पर किसी से बातचीत कर रहा था।

बातचीत के दौरान किसी बात पर विवाद या तनाव बढ़ा और गुस्से में उसने अपना मोबाइल फोन जमीन पर पटक दिया, जिससे वह टूट गया। इसके तुरंत बाद उसने सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास सो रहे अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। टूटा मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। मृतक आरक्षक शिशिर सिंह राजपूत पिता स्वर्गीय शरद सिंह, मूल रूप से जबलपुर का निवासी था।

### 50 तक गिनती...

क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी पिता को एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक, दिन के समय कृष्णा घर पर रहकर बच्चों को संभालता था और रात को पति के नौकरी पर जाने के बाद उसकी पत्नी बच्चों की देखभाल करती थी। 21 जनवरी को दिन के समय कृष्णा जैसवाल घर पर बच्ची को पढ़ा रहा था। उसने बच्ची को 50 तक की गिनती लिखने के लिए दी, लेकिन जब बच्ची नहीं लिख पाई तो गुस्से में आकर उसने उसे बुरी तरह से पीट दिया। पुलिस ने शिकायत पर कृष्णा को हिरासत में ले लिया। जब उससे सख्ती से पूछताछ की गई तो उसने बच्ची को पीटने की बात कबूल की।

### जैश-ए-मोहम्मद ...

एक आतंकी ढेर हो गया। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और सुरक्षा बल सतर्क हैं।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी की पहचान उस्मान नामक पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई। यह अभियान बिलवार के इलाके में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक टीम ने सेना और सीआरपीएफ के साथ कोऑर्डिनेशन में चलाया। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आतंकी को ढेर कर दिया। फिलहाल इलाके में तलाशी अभियान जारी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### ट्रॉले ने बाइक ...

हुआ ले गया। बेकाबू ट्रेलर चौराहे पर लगी लोहे की रेलिंग तोड़कर पास के खेत में जा घुसा। इस दौरान बिजली के खंभे भी टूट गए, जिससे 11,000 केवी की हाईटेंशन लाइन में स्पार्किंग हुई और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी नवल सिंह सिसोदिया, सीएसपी किरण चौहान और कैंट थाना प्रभारी निलेश अवस्थी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। 108 एम्बुलेंस और डायल 112 की टीमें भी तुरंत पहुंचीं। सीमेंट क्लिंकर से लदा होने के कारण ट्रेलर काफी भारी हो गया था। पुलिस ने क्रेन बुलाई, जो ट्रेलर को हिला भी नहीं पाई।

### 250 घर प्रभावित...

हैं। यह टीमें प्रभावित इलाकों का चिन्हांकन कर रही हैं ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। दूषित पानी के सेवन से बीमार हुए लोगों में से वर्तमान में 10 लोग विभिन्न अस्पतालों में उपचाररत हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भर्ती मरीजों की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रही हैं। राहत की बात यह है कि अधिकांश मरीजों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने संक्रमण की जड़ तक पहुंचने के लिए तत्काल कड़े निर्देश जारी किए हैं।

क्षेत्र में फिलहाल पाइपलाइन के जरिए होने वाली नर्मदा जल की सप्लाई को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है, ताकि दूषित पानी का प्रसार न हो।

रहवासियों को पीने के साफ पानी की कमी न हो, इसके लिए क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा जल स्त्रोतों और प्रभावित क्षेत्रों में सघन क्लोरिनेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### इधर, बुरहानपुर में ....

बीएनएस की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। दरअसल, 8 जनवरी को युवा कांग्रेस ने नेपानगर में बड़ा प्रदर्शन किया था। इस दौरान उन्होंने भाजपा नेताओं को बताने के लिए नगर में बांटे जा रहे मटमैले पानी की बोतलें कार्यालय के सामने रखी थीं। साथ ही नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया था। मंडल अध्यक्ष ने शिकायत में आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने बिना अनुमति आंबेडकर चौराहे से मातापुर बाजार तक रैली निकाली। उन्होंने माहौल को जानबूझकर उग्र किया गया। भाजपा का कहना था कि जिस भवन के सामने यह प्रदर्शन किया गया वहां पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज महेश्वरी का निवास भी है। इससे कानून व्यवस्था बिगड़ने का खतरा पैदा हो गया था।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, (यांत्रिकी शाखा), भोपाल**

क्रमांक. 818 /यां.वि./26 — निविदा आमंत्रण सूचना — भोपाल, दिनांक 22/01/2026

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू.में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_477708_1 | CONSTRUCTION OF MANGAL BHAWAN NEAR TULSIRAM RAJAK JI HOUSE AT RISHI NAGAR W-46, Z-08 | 1040296 | 23-FEB-2026 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. 3030/025/026

**कार्यपालन यंत्री (सिविल)**
**नगर पालिक निगम, भोपाल**



**परिशिष्ट B संख्यांक 13**
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
**मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएसीसी/3496/2023
ममता बाई बनाम प्रकाश थोरात
NEXT DATE: 09-03-2026

प्रेषिती-
1) प्रकाश थोरात सोपान थोरात पताः 12 न.स्टाप, इंद्रानगर आर.एस. नगर हुजूर भोपाल म.प्र. (2) महेन्द्र सिंह, कोमल सिंह पता - द्वारा राजेन्द्र गौरी शंकर म.न. 82, श्री पलक डेवलपर्स आनंदम कॉलोनी, भोपाल म.प्र. यह कि प्रार्थी ममता बाई ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/3496/2023 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 07-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायाधीश शिरिष कैलाश शुकुल**
**मैक ट्रिब्यूनल सत्रहवें अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल (म.प्र.)**



**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

**आम सूचना**

अयोध्या नगर फेस-5 पार्ट-2 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 499-सी मण्डल द्वारा श्री दिलीप सिंह राजपूत आत्मज श्री प्यारे लाल राजपूत के नाम आवंटन आदेश क्र. 436-440 दिनांक 04/02/2019 को आवंटित किया गया है। श्री दिलीप सिंह राजपूत आत्मज श्री प्यारे लाल राजपूत (पिता जी) की दिनांक 02/08/2023 एवं श्रीमती सुशीला बाई पत्नी श्री दिलीप सिंह राजपूत (माता जी) की दिनांक 04/04/2010, श्री राकेश सिंह आत्मज श्री दिलीप सिंह राजपूत (भाई) की दिनांक 13/01/2010 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री देवेन्द्र राजपूत आत्मज स्व. श्री दिलीप सिंह राजपूत के द्वारा उक्त भवन अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री देवेन्द्र राजपूत आत्मज स्व. श्री दिलीप सिंह राजपूत के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2, भोपाल**



परिशिष्ट B – संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल**
उन्नीसवीं व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ट खण्ड, भोपाल
(आदेश 5 नियम 20व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
आरसीएस ए/333/2025
विशाल मारन बनाम श्रीमती रिंकी तिवारी
प्रेषिती– NEXT DATE: 25–02–2026
श्रीमती रिंकी तिवारी
द्वारका प्रसाद तिवारी
पता – वार्ड नंबर 13, डहर्रा, छतरपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी विशाल मारन ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/333/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख 18–12–2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश आशीष मिश्रा
उन्नीसवीं व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खण्ड



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

**हरिभूमि क्लासीफाइड** संपर्क सूत्र : 9407279644 9977912473



**CHANGE OF NAME**

I, RANI MISHRA w/o MAHESH PRASAD MISHRA is legally Mother of Army No. JC 732928K Rank- SUB Name- MANOJ KUMAR MISHRA presently residing at Village: Mishrapur Teh :- Chayal Distt: Allahabad Pin :- 212202 have changed my name from SMT PARWATI to RANI MISHRA and changed my DOB from 10/02/1954 to 01/01/1958 vide affidavit No. BZ 380309

**CHANGE OF NAME**

I, MAHESH PRASAD MISHRA s/o RAM GARIB MISHRA is legally Father of Army No. JC 732928K Rank- SUB Name- MANOJ KUMAR MISHRA presently residing at Village: Mishrapur Teh :- Chayal Distt :- Allahabad Pin- 212202 have changed my DOB from 20/03/1951 to 12/07/1952 vide affidavit No. BZ 980310

**हरिभूमि** समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



आवश्यकता

सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री। पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू में तोरवा बिलासपुर 9301186703, 8253010291

BSP- 1/02/2026

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

R- 22/01/25 to12/03/26
Not , 26,27/01/26, 15/02/26 , 04,08/03/2026

Ratnawala
SAMAY SE PAHLE KISMAT SE JYADA
रत्नवाला
141- Malviya Nagar, City Trade Center
Bhopal. 89 89 678-678


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

**कन्या** — नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

**तुला** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**मकर** — आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

**मीन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

## शब्द पहेली - 6118



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 6117 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| ग | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6128

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 6127 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

## खबर संक्षेप

### मोटोरोला सिग्नेचर लांच कीमत 54,999 रुपए

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने भारत में मोटोरोला सिग्नेचर को लांच किया है। यह अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन बेहद लग्ज़री है, और



अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है। बिक्री 30 जनवरी 2026 से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला डॉट इन और भप्रमुख रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी, कीमत 54,999 रुपए से शुरू है। कंपनी के अनुसार यह टाइमलेस वॉच डिजाइन में सेगमेंट-अग्रणी वेलनेस ट्रैकिंग देती है।

### डीएसपी ने ईएलएसएस को टूल के तौर पर पेश किया

**मुंबई।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने एक ऐसे परिप्रेक्ष्य की ओर संकेत किया है जो इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) को मुख्य रूप से टैक्स-सेविंग उपकरणों के रूप में नहीं, बल्कि ऐसे प्रोडक्ट के रूप में दिखाता है जो लंबे समय तक इंवेस्टिग में व्यवहार संबंधी दूरी को कम करने में सहायता कर सकते हैं। इंवेस्टर्स के बढ़ते सेगमेंट के लिए सेक्शन 80सी के तहत टैक्स संबंधी विचार का कोई अर्थ नहीं होने के कारण ईएलएसएस ने हालिया बरसों में माइंडशेयर में कमी देखी है।

### न्युवोको का आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लांच

**मुंबई।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने आर्टिस्ट डेकोरेटिव कांक्रीट पोर्टफोलियो के तहत एक नई प्रीमियम रेंज, न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन लांच करने की घोषणा की है। आधुनिक निर्माण और लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट्स के लिए विकसित को तकनीकी सटीकता के साथ जोड़ता है। चिराग शाह, हेड, मार्केटिंग, इनोवेशन और सेल्स एक्सीलेंस, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि न्युवोको आर्टिस्ट एलीट कलेक्शन सोच-समझकर, डिजाइन-आधारित सॉल्यूशंस पर हमारे फोकस को दर्शाता है।

## पंप डीलर बोले - स्टाफ की सैलरी, बिजली और अन्य ऑपरेटिंग खर्च काफी बढ़ गए

# आगामी बजट में पंप संचालकों ने केंद्र से की कमीशन में संरचनात्मक बदलाव, वृद्धि की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आगामी केंद्रीय बजट 2026-26 से भोपाल, मध्यप्रदेश सहित देशभर के पेट्रोल पंप संचालकों को अपनी आजीविका और




व्यवसाय की स्थिरता को लेकर काफी उम्मीदें हैं। 2024 के अंत में कमीशन में मामूली बढ़ोतरी के बावजूद संचालकों की मांगें अभी भी प्रमुख बनी हुई हैं। पंप संचालकों की सबसे प्रमुख मांग कमीशन में संरचनात्मक बदलाव और वृद्धि है। उनका कहना है कि 2017 से 2024 तक कमीशन में कोई ठोस वृद्धि नहीं हुई, जबकि स्टाफ की सैलरी, बिजली और अन्य ऑपरेटिंग खर्च काफी बढ़ गए हैं।

मध्यप्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि पेट्रोल पंप संचालक ए.सी. समिति की सिफारिशों को पूरी तरह से लागू करने की मांग कर रहे हैं, ताकि कमीशन को महंगाई के अनुसार बदला जा सके। उन्होंने कहाकि इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते चलन से पारंपरिक ईंधन की बिक्री पर असर पड़ रहा है। अध्यक्ष अजय सिंह ने अपना मत जाहिर करते हुए कहाकि केंद्रीय बजट पीएम मोदी सरकार का अब तक का सबसे अच्छा बजट होने वाला साबित होगा। अगले 6 महीनों में कई राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले है। यह बजट खासकर उन राज्यों में महत्वपूर्ण सौगात लाने वाला है। आयकर की सीमा में छूट,कृषि संबंधित उपकरणों में सब्सिडी उद्योगों को विशेष पैकेज मिलेगा, क्योंकि यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड समझौता 27 जनवरी को होने वाला है जिससे निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि होनी है। पंप संचालक प्रीतेश शर्मा ने कहाकि पेट्रोल पंपों पर ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने के लिए विशेष सरकारी प्रोत्साहन मिले। डीलर, विपणन अनुशासन दिशानिर्देशों ( में राहत की उम्मीद कर रहे हैं, जो अक्सर उन पर कड़े दंड लगाते हैं। डीलर, केवल ईंधन बेचने के अलावा, अपने आउटलेट्स पर सुविधा स्टोर , कार वॉश, और फास्ट-फूड आउटलेट जैसी अन्य सेवाओं के माध्यम से राजस्व बढ़ाने की अनुमति चाहते हैं। कुल मिलाकर बढ़ती लागत के समाधान के संदर्भ में कहा जा रहा है कि चूंकि 2024 के अंत में कमीशन में मामूली (65 पैसे पेट्रोल, 44 पैसे डीजल) वृद्धि हुई थी, जो अपर्याप्त मानी गई थी, इसलिए इस बार संचालक एक बड़े और तर्कसंगत संशोधन की उम्मीद कर रहे हैं। जबकि पंप डीलर राजीव कपूर ने कहाकि लगातार 7-8 वर्षों तक कमीशन न बढ़ने के कारण, डीलर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं, जिसे दूर करने के लिए बजटीय समर्थन की अपेक्षा है।

### वित्त मंत्रालय को सौंपे गए सुझाव


अजय सिंह

भारतीय पेट्रोलियम उद्योग महासंघ (एफआईपीआई) ने वित्त मंत्रालय को भेजे अपने बजट सुझावों में कहा है कि ओआईडी उपकर अब पेट्रोलियम उद्योग के लिए अत्यधिक बोझ बन चुका है. संगठन के अनुसार, ऐतिहासिक रूप से यह उपकर कच्चे तेल की कीमत का केवल 8 से 10 फीसदी हुआ करता था, लेकिन समय के साथ इसकी संरचना बदल गई है। जिससे घरेलू उत्पादकों पर कर का दबाव काफी बढ़ गया है। एफआईपीआई ने स्पष्ट किया कि वर्तमान स्वरूप में यह उपकर उद्योग के विकास में सहायक होने के बजाय निवेश के रास्ते में बाधा बन रहा है।

**निवेश और उत्पादन बढ़ाने की उम्मीद**

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया एसोसिएशन के सचिव हुकुम सिंह शेखावत ने कहा कि यदि सरकार अधिरोपित करों को हटाती और तर्कसंगत बनाती है तो इससे नियामकीय बोझ कम होगा, कारोबारी सुगमता बढ़ेगी और घरेलू तेल उत्पादन में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### तेल एवं गैस उद्योग ने सरकार के सामने बड़ी मांग रखी

वित्त वर्ष 2026-27 के आम बजट से पहले तेल एवं गैस उद्योग ने सरकार के सामने बड़ी मांग रखी है। उद्योग संगठनों का कहना है कि कच्चे तेल पर लगाए जा रहे तेल उद्योग विकास (ओआईडी) उपकर को या तो पूरी तरह समाप्त किया जाए या फिर इसकी व्यापक समीक्षा की जाए। उनका तर्क है कि मौजूदा व्यवस्था घरेलू कच्चे तेल के उत्पादन, निवेश और परियोजनाओं की आर्थिक व्यवहार्यता पर नकारात्मक असर डाल रही है।

**'मेक इन इंडिया' के खिलाफ बताया गया मौजूदा ढांचा**

उद्योग संगठन का मानना है कि यह व्यवस्था 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों के विपरीत है, क्योंकि इससे घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन मिलने के बजाय हतोत्साहित किया जा रहा है।

**दूसरे करों को हटाने की भी मांग**

ओआईडी उपकर के अलावा एफआईपीआई ने घरेलू कच्चे तेल पर लगाए जाने वाले 'राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क' (एनसीसीडी) और 'बुनियादी उत्पाद शुल्क' को भी समाप्त करने की मांग की है। संगठन का तर्क है कि कई स्तरों पर कर लगने से नियामकीय बोझ बढ़ता है और परियोजनाओं की लागत काफी ऊपर चली जाती है।

### उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत

## वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय का सामुदायिक कल्याण के लिए योगदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय ने उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले के लसुड़ियां खास ग्राम को 10 सीमेंट की कुर्सियां दान कीं, और यह शंकर विश्वनाथन, वाईस प्रेसीडेंट, वीआईटी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के तहत दिया गया, यह पहल सामुदायिक सहभागिता एवं ग्रामीण विकास के प्रति विश्वविद्यालय की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

यह दान ग्राम के महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से किया गया है, जिससे स्थानीय समुदाय को सहयोग मिल सके। यह पहल जमीनी स्तर पर आवश्यक जरूरतों को पूरा करने तथा आसपास के गांवों के कल्याण में योगदान देने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण को दर्शाती है। ग्राम में सुविधाओं के उन्नयन के माध्यम से सामूहिक अवसरों के दौरान ग्रामीणों को अधिक सुविधा और आराम उपलब्ध कराने का उद्देश्य है। आशा है कि यह योगदान समुदाय की आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करेगा तथा समग्र सामुदायिक कल्याण में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्नत भारत अभियान के माध्यम से वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय सामाजिक उत्तरदायित्व, सतत विकास और समावेशी प्रगति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर सुदृढ़ करता आ रहा है। विश्वविद्यालय ग्रामीण समुदायों के साथ निकटता से कार्य करते हुए सार्थक एवं दीर्घकालिक सामाजिक प्रभाव सृजित करने का प्रयास करता है। वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय शिक्षा, अनुसंधान एवं सामाजिक सहभागिता में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्नत भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों के माध्यम से विश्वविद्यालय ग्रामीण समुदायों के साथ साझेदारी कर सतत विकास और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देता है।



वीआईटी परिसर

### टाटा एआईजी की रिपोर्ट में खुलासा

## 60 फीसदी से ज्यादा डॉक्टरों ने माना एक्यूआई का बढ़ना जानलेवा

**मुंबई।** भारत के शहरों में हवा की क्वालिटी लगातार खराब से बेहद गंभीर के बीच बदल रही है। इस बीच डॉक्टरों का मानना है कि प्रदूषण का हमारी सेहत पर असर उम्मीद से कहीं ज्यादा गहरा और लंबे समय तक रहने वाला है। टाटा एआईजी ने देशभर के 400 से ज्यादा स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का एक सर्वेक्षण किया है, जिसमें यह खुलासा हुआ है कि प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से लड़ने के लिए हम अभी पूरी तरह तैयार नहीं हैं।

एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के कंज्यूमर बिजनेस क्लेम्स के हेड, राजगोपाल रुद्रराजू के अनुसार इस अध्ययन के अनुसार चार में से तीन डॉक्टरों का मानना है कि खराब हवा के कारण लोगों में सांस की तकलीफ, दिल की बीमारी और कमजोरी जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ रही हैं। सर्वेक्षण में शामिल 60 फीसदी से ज्यादा डॉक्टरों का कहना है कि जब एक्यूआई 200 के ऊपर जाता है, तो यह सेहत के लिए बड़ा खतरा बन जाता है। डॉक्टरों ने यह भी बताया कि जहरीली हवा का असर अब केवल बच्चों या बुजुर्गों पर ही नहीं, बल्कि नौकरीपेशा युवाओं पर भी बहुत ज्यादा हो रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि प्रदूषण से होने वाली बीमारियां पहले से चल रही बीमारियों को और भी गंभीर बना देती हैं, जिससे इलाज मुश्किल और महंगा हो जाता है। सर्वे में शामिल 78 फीसदी डॉक्टरों का कहना है कि बढ़ता प्रदूषण उन मरीजों की हालत और बिगाड़ देता है ।

## नीता अंबानी का दृष्टि बाधित समुदाय के लिए बड़ा ऐलान, रिलायंस फाउंडेशन से 5 करोड़ का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड (एनएबी) इंडिया के 75वें स्थापना दिवस समारोह में रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर और चेयरपर्सन नीता अंबानी ने दृष्टि बाधितों के लिए रिलायंस फाउंडेशन की ओर से 5 करोड़ की विशेष सहायता का ऐलान किया है। यह सहायता राशि अगले पांच वर्षों में दी जाएगी। इसके तहत दृष्टि बाधित कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए रेसिडेंशियल हॉस्टल का नवीनीकरण और रूपांतरण किया जाएगा। यह हॉस्टल एक सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाला होगा।

एनएबी इंडिया के साथ मिलकर रिलायंस फाउंडेशन राष्ट्रीय स्तर के स्किल-बिल्डिंग कार्यक्रम शुरू करेगा। इनमें ब्रेल पढ़ना-लिखना, खेल, संस्कृति, रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ-साथ विशेष शिक्षकों के प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। बच्चों के लिए एक सुंदर नया खेल क्षेत्र भी बनाया जाएगा। इस मौके पर नीता अंबानी ने कहा कि रिलायंस फाउंडेशन के 'दृष्टि कार्यक्रम' के तहत एनएबी के साथ मिलकर अब तक शिक्षा, आजीविका और नेत्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक काम किया गया है। दो लाख से अधिक मुफ्त नेत्र परामर्श, 22 हजार से ज्यादा लोगों को कॉर्निया ट्रांसप्लांट और नेत्र शल्य चिकित्सा के जरिए दृष्टि का उपहार दिया गया है। नीता अंबानी ने कहा कि मेरे लिए आंकड़ों से ज्यादा मायने उन पलों के हैं, जो किसी के जीवन को बदल देते हैं। ये प्रयास समावेश, अवसर और गरिमा के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता हैं। उन्होंने कहा कि रिलायंस फाउंडेशन दृष्टि बाधित समुदाय के साथ सिर्फ संसाधनों से नहीं, बल्कि दिल और आत्मा से खड़ा है। इस अवसर पर कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता और एनएबी इंडिया के ब्रांड एंबेसडर जॉन अब्राहम, एनएबी इंडिया के अध्यक्ष हेमंत टाकले और मानद महासचिव डॉ. विमल कुमार डेंगला सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।


एनएबी इंडिया के स्थापना समारोह में नीता अंबानी

## बिजनेस न्यूज

### श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय में 'बसंतोत्सव' व निराला जयंती का आयोजन

**भोपाल।** नेक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्राप्त श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा के पावन पर्व बसंत पंचमी के अवसर पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार द्वारा पीले वस्त्र धारण कर, पीले फूलों, धूप, दीप, नैवेद्य अर्पित कर ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर संगीत विभाग की छात्राओं ने निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना 'वर दे वीणा वादिनी' का सस्वर सामूहिक गायन किया तथा स्नातकोत्तर हिंदी की छात्राओं द्वारा निर्मित- संपादित हिंदी लघु-पत्रिका 'वासन्ती' (महाप्राण निराला विशेषांक) व फलक-पत्रिका का विमोचन महाविद्यालय की निदेशक डॉ. प्रतिभा सिंह, महाविद्यालय की विधि प्राचार्य डॉ. अंजू बाजपेई व उपप्राचार्य डॉ. रेणू मिश्रा के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। हिन्दी विभाग की प्राध्यापिकाओं डॉ. अनुपमा चौहान, डॉ.मनीषा त्रिपाठी डॉ. अनुराधा सिंह व डॉ. अनीता तिवारी के मार्गदर्शन, एमए हिंदी चतुर्थ समसत्र की छात्राओं सुनीता अटुदे व काजल यादव के संपादन एवं द्वितीय समसत्र की छात्राओं रोशनी शर्मा व निशा दोहरे के उप संपादन में यह पत्रिका प्रकाशित हुई। संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापक अनीता असैया के मार्गदर्शन में संगीत विभाग की छात्राओं ने अत्यंत सुमधुर बसंत- गीतों की प्रस्तुति देकर संपूर्ण वातावरण को आनंद से परिपूर्ण कर दिया। महाविद्यालय की विधि प्राचार्य डॉ. अंजू बाजपेई व उपप्राचार्य डॉ. रेणू मिश्रा ने हिन्दी विभाग एवं संगीत विभाग को बसंतोत्सव के सफल आयोजन की बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं।



### पीएनजी ज्वेलर्स ने रणबीर कपूर को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

**भोपाल।** पीएनजी ज्वेलर्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। परंपरा, विश्वासार्हता और आधुनिक आकर्षण के साथ रणबीर कपूर पीएनजी ज्वेलर्स की सफर में एक रोमांचक नया अध्याय जोड़ते हैं, क्योंकि ब्रांड अपनी राष्ट्रीय मौजूदगी को और मजबूत कर रहा है। महाराष्ट्र में स्थापित और अब पूरे भारत व विदेशों में आत्मविश्वास के साथ विस्तार कर रहा पीएनजी ज्वेलर्स, डॉ. सौरभ गाडगील के नेतृत्व में एक स्पष्ट और दूरदर्शी सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। पीएनजी ज्वेलर्स के अगले विकास पढ़ाव के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनाती है, जो भारत के सभी आयु वर्गों को जोडऩे में मदद करेगी।




### एनपीटीईएल वर्कशॉप में एलएनसीटी समूह की सक्रिय भागीदारी

**भोपाल।** एनपीटीईएल (राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षा कार्यक्रम), आईआईटी और आईआईएससी का एक संयुक्त उद्यम है, जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित है। आईआईटी कानपुर में स्पोक वर्कशॉप आयोजित किया गया, जिसमें एलएनसीटी एंड एस के स्पोक प्रो.अमितबोध उपाध्याय को एस्पिरेंट केटेगरी में सम्मानित किया गया, इसी केटेगरी में एलएनसीटी को भी सम्मानित किया गया हैं। जेएनसीटी की स्पोक डॉ. अयोनिजा पाठरे को एक्टिव लोकल चैप्टर के लिए सम्मानित किया गया, एलएनसीटीई को भी इसी केटेगरी में सम्मानित किया गया हैं । प्रो. (डा.) अमितबोध उपाध्याय ने नॉर्थ जोन में सर्वाधिक 66 एनपीटीईएल कोर्स किए हैं, साथ ही आप 23 बार एनपीटीईएल स्टार भी चुने गए हैं। एनपीटीईएल स्टार मीट आयोजित की गई। जिसमें प्रो. अमितबोध उपाध्याय, डॉ. विक्रम प्रसाद, डॉ. किरण मनी त्रिपाठी, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ. प्रतिभा सक्सेना, डॉ. मीतू सिंह, डॉ. रिशु उपाध्याय ने प्रेरणा को दिया । यह सम्मान प्रो .सत्यकी राय, नेशनल कोऑर्डिनेटर एनपीटीईएल, प्रोफेसर अंनगना सेन गुप्ता, प्रोफेसर टी रविचंद्रन एवं शिक्षाविदों ने प्रदान किए। इस अवसर पर एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जेएन चौकसे, वाईस चेयरपर्सन पूनम चौकसे एवं सचिव डॉ.अनुपम चौकसे , सभी से अपना नॉलेज अपडेट करने कि लिए एनपीटीईएल एवं स्वयम के कोर्स करने का आहवान किया है।



### मादक पदार्थ और गॉल स्टोन पैंक्रियास के सबसे बड़े दुश्मनः डॉ. विकास



**ग्वालियर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर एवं हेड डॉ. विकास सिंगला ने बताया गॉलब्लैडर स्टोन और शराब इसके सबसे सामान्य कारण हैं। गॉलब्लैडर स्टोन से होने वाला एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस अधिकतर मिडिल एज महिलाओं में देखा जाता है। गॉलब्लैडर से निकला छोटा स्टोन बाइल डक्ट में फंसकर पैंक्रियास को प्रभावित कर सकता है। शराब से होने वाला पैंक्रियाटाइटिस पुरुषों में अधिक पाया जाता है। हालांकि हर शराब पीने वाले व्यक्ति को यह बीमारी नहीं होती। इसके लिए जेनेटिक पॉलिमॉर्फ़िज़्म जैसे सूक्ष्म जेनेटिक बदलाव भी जिम्मेदार हो सकते हैं। इसके अलावा, खून में कैल्शियम या ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ना भी एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस का कारण बन सकता है। कुछ दवाइयां, खासकर कैंसर और हाई ब्लड प्रेशर की दवाएं, भी पैंक्रियाटाइटिस को ट्रिगर कर सकती हैं। बुजुर्गों में पैंक्रियास या एम्पुला का ट्यूमर डक्ट को ब्लॉक कर सकता है।

### अजीम प्रेमजी विवि में पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम में प्रवेश शुरू

**बेंगलुरू।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में शिक्षक व शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे पेशेवरों के लिए स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रोग्रैम में प्रवेश शुरु हो गए हैं। यह डिप्लोमा प्रोग्राम अजीम प्रेमजी विश्वरविद्यालय के बेंगलुरु कैंपस में होगा। 2026 के प्रवेश के लिए तिथियां निम्नानुसार हैं, आवेदन की आखिरी तारीख 12 फरवरी 2026, साक्षात्कार फरवरी 2026, कक्षाओं की शुरुआत 1 मार्च 2026 ऊपर दी गई तिथियों में कोई भी बदलाव हो सकता है। प्रोग्राम की रूपरेखा- यह एक साल का पार्ट-टाइम स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रोग्राम है। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय के निदेशक, अंकुर मदान ने कहा कि यह प्रोग्राम सैद्धांतिक और व्यावहारिक पक्षों को ऑनलाइन और ऑफलाइन, इन दोनों तरीकों से साथ में सिखाया जाता है। यह प्रोग्राम , सामान्य स्कूल सिस्टम में काम करने वाले उच्च स्तरीय पेशेवरों और शिक्षकों के लिए बनाया गया है। इस प्रोग्राम की लचीली तासीर की वजह से कामकाजी पेशेवर अपना काम जारी रखते हुए भी इसमें प्रवेश लेकर सीख सकते हैं। यह स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रोग्राम शिक्षा क्षेत्र के कामकाजी पेशेवरों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें प्रवेश ले सकते हैं- स्कूल शिक्षक और शिक्षक-प्रशिक्षक, विशेष प्रशिक्षक, स्कूल में काम करने वाले, सरकारी निकाय, निजी संस्थान/हितकारी या गैर-लाभकारी या गैर-सरकारी संगठनों के स्कूलों में काम करने वाले कामकाजी पेशेवर।

### टाटा की एक्सप्रेस पेट्रोल और सीएनजी वेरिएंट में लांच

**मुंबई।** टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने एक्सप्रेस को पेट्रोल और सीएनजी वेरिएंट में लांच किया। इसके साथ ही कंपनी ने अपने विशेष रूप से तैयार किए गए फ्लीट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवास्तव ने कहाकि यह लांच टीएमपीवी की मल्टी-पावरट्रेन रणनीति को और मजबूत करता है। एक्सप्रेस पेट्रोल और सीएनजी की बुकिंग अब अधिकृत फ्लीट डीलरशिप्स पर शुरू हो चुकी है। इनकी एक्स-शोरूम दिल्ली कीमतें क्रमशः 5.59 लाख रूपए (पेट्रोल) और 6.59 लाख रूपए (सीएनजी) से शुरू होती हैं, जो इस सेगमेंट में श्रेणी में सबसे बढ़िया मानी जा रही हैं।



### बीएसई में निवेश पर यूपी टिक आज करेगा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी

**मुंबई।** ग्रोवकैप फिनटेक इकोसिस्टम का हिस्सा यूपी टिक 24 जनवरी 2026 को इंटरनेशनल कन्वेंशन हॉल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, मुंबई में निवेश और वैश्विक मामलों पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह सम्मेलन वैश्विक निवेश संस्थानों, फैमिली ऑफिस, सलाहकार फर्मों और नीति-उन्मुख संगठनों के वरिष्ठ हितधारकों को एक साथ लाएगा, जो विकसित हो रहे वैश्विक निवेश परिदृश्य, सीमा पार पूंजी प्रवाह और जिम्मेदार और पारदर्शी निवेश को सक्षम करने में नियामक ढांचे की भूमिका पर विचार-विमर्श करेंगे। कंपनी केको-फाउंडर और सीईओ विनोद वर्मा ने कहाकि जैसे-जैसे वैश्विक बाजार अधिक परस्पर जुड़े होते जा रहे हैं, निवेशकों को जटिल नियामक, आर्थिक और भू-राजनीतिक कारकों को समझने की आवश्यकता बढ़ रही है।

### एचओडीएस ने किया हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट का एक अनोखा आविष्कार

**नई दिल्ली।** एचओडीएस टेक्नोलॉजीज का स्वदेशी हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट (एचडीएफके) ने एएचओडीएस हाइड्रोजन डुअल फ्यूल किट आप में एक अनोखा आविष्कार है जो टेलपाइप उत्सर्जन (धुए) में 70 प्रतिशत तक की कमी और ईंधन में लगभग 20 प्रतिशत तक की बचत करता है। यह तकनीक ऑटोमोटिव, बिजली उत्पादन,भट्टियों, बॉयलर, कृषि मशीनरी और औद्योगिक अनुप्रयोगों सहित कई क्षेत्रों के लिए उपयोगी है, जो इसे स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढऩे का एक व्यावहारिक और कारगर उपाय बनाती है। इस किट को विभिन्न उद्योगों जैसे कि पेय पदार्थ, विनिर्माण, वस्त्र और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में डीजल पावर जनरेटरों में सफलतापूर्वक लगाया जा चुका है। विशेष रूप से, यह किट पुराने हो चुके वाहनोंके लिए एक विशेष और असरदार समाधान प्रदान करती है, जिससे वाहन बदले बिना ही प्रदूषण में भारी कमी लाई जा सकती है।


बैंक ऑफ़ इंडिया

आंचलिक कार्यालय:
भोपाल अंचल बैंक ऑफ इंडिया भवन,
जेल रोड, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन : 0755-2556770, 2555169
E-mail: bhopal.assetrecovery@bankofindia.bank.in

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **भौतिक /सांकेतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **10.02.2026** को **बैंक ऑफ इंडिया (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि का विवरण निम्नानुसार है। नीलामी अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफार्म के वेबपोर्टल **http://BAANKNET.com** पर संपन्न होगी।

| ऋणी /जमानतदार का नाम<br>मांग नोटिस राशि | बंधक रखी संपत्ति का विवरण<br>एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम | आरक्षित मूल्य<br>धरोहर राशि<br>बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|
| **गुलमोहर शाखा भोपाल, फोन : 8305819840<br>Account to deposit auction sale proceeds- 900990200000033, IFSC- BKID0009009** | | |
| ऋणीः **श्रीमती रंजना प्रदीप शर्मा एवं श्री प्रदीप शर्मा**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 2,08,944/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 29.08.2025<br>कब्जा दिनांक : 03.11.2025 (सांकेतिक) | आवासीय ईडब्ल्यूएस फ्लैट संख्या 30/303, तृतीय तल स्थित गौरव नगर, वार्ड संख्या 81, ग्राम - बैरागढ़ चिचली, कोलार रोड, हुजूर (नया कोलार), भोपाल, (मध्य प्रदेश) क्षेत्रफल- 32.74 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्रीमती रंजना प्रदीप शर्मा, श्री प्रदीप शर्मा चर्तुसीमाएँ: पूर्व-फ्लैट संख्या 30/304, पश्चिम-रिटेनिंग वॉल, उत्तर-ब्लॉक संख्या 31/302, दक्षिण - ब्लॉक संख्या 30/302 | ₹ 6,56,000/-<br>₹ 65,600/-<br>₹ 10,000/- |
| **भोपाल मुख्य शाखा, भोपाल, फोन : 0755-4931126, 9407447756<br>Account to deposit auction sale proceeds- 900090200000033, IFSC- BKID0009000** | | |
| ऋणीः **मेसर्स डागा ट्रेडर्स प्रोपराइटर - श्री वीरेन्द्र कुमार डागा**<br>जमानतदार- (1) श्रीमती चंद्रिका डागा पत्नि श्री वीरेन्द्र कुमार डागा (2) श्री विनोद जैन पुत्र श्री संतोष जैन<br>मांग सूचना राशिः ₹ 36,22,513/- + दिनांक 12.09.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 13.06.2025<br>कब्जा दिनांक : 20.09.2025 (सांकेतिक) | दो मंजिला दुकान स्थित प्लाट नं. 9 ब्लॉक नं. 2, रेलवे ओवरब्रिज के पास, भोपाल टॉकीज के पास, भोपाल क्षेत्रफल-300 वर्गफिट संपत्ति मालिक- श्री वीरेन्द्र कुमार डागा एवं श्रीमती चंद्रिका डागा चर्तुसीमाएं- उत्तर में- कॉमन पैसेज, दक्षिण- प्लाट नं. 13, पूर्व- प्लाट नं. 10, पश्चिम- गली | ₹ 51,65,000/-<br>₹ 5,16,500/-<br>₹ 10,000/- |
| **मिसरोद शाखा, भोपाल, फोन : 9835355090, 7566969202<br>Account to deposit auction sale proceeds- 903490200000033, IFSC- BKID0009034** | | |
| **ऋणीः श्री सुरेन्द्र लोवंशी**<br>मांग सूचना राशि- ₹ 9,05,833.76 + ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 26.09.2022<br>कब्जा दिनांक : 22.12.2022 (सांकेतिक ) | डबल स्टोरी बिल्डिंग, दुर्गा मंदिर के पीछे, राम नगर, गली नंबर 03, वार्ड नंबर 10, मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश संपत्ति मालिक- श्रीमती सकुन बाई क्षेत्रफलः 875.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएं: उत्तरः श्री बिश्राम का घर, दक्षिणः गली, पूर्वः श्रीमती शांता बाई का घर, पश्चिमः गली | ₹ 16,50,000/-<br>₹ 1,65,000/-<br>₹ 10,000/- |
| **बैरसिया रोड शाखा, बैरसिया, फोन : 07565-282234, 9424727991<br>A/c to Deposit Auction Sale Proceeds 901690200000033 IFSC Code : BKID0009016** | | |
| **ऋणीः मेसर्स सिमरन ट्रेडर्स (प्रोपराइटर- श्री राकेश छीपा)**<br>मांग सूचना राशिः ₹ 33.61 लाख +दिनांक 12.03.2024 ब्याज एवं अन्य खर्चे<br>मांग सूचना दिनांक : 03.07.2024<br>कब्जा दिनांक : 04.11.2024 (भौतिक) | रिहायशी प्लाट स्थित खसरा नं. 69/2/4, एक्ससाइड बैटरी शॉप के पास, ग्राम-टीकनखेड़ी, वार्ड नं. 13, तहसील बैरसिया, जिला- भोपाल (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल- 1375 वर्गफिट संपत्ति मालिक- कमलेश छीपा पुत्र श्री मिट्ठूलाल छीपा (जमानतदार) चर्तुसीमाएं- उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- दीवान सिंह मीना का प्लाट, पश्चिम- 20 फिट चौड़ी रोड | ₹ 19.55 लाख<br>₹ 2.00 लाख<br>₹ 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 10.02.2026, को सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक**

ई-नीलामी की शर्तें :-
(1) ई-नीलामी /बिडिंग ''ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बिडिंग'' के माध्यम से ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर वेबसाइट **http://BAANKNET.com** पर की जावेगी। इच्छुक निविदाकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व वेबसाइट में नियम एवं शर्तों की जानकारी प्राप्त करें।
(2) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **06.02.2026** को या उससे पहले सुबह 10 से सायं 5 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।
(3) बिक्री की पुष्टि होने होने पर सफल खरीदार को बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (जिसमे ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम शामिल हैं) तुरंत जमा करानी होगी एवं शेष 75 प्रतिशत राशि 15 दिन के अंदर ऊपर दिये गए शाखा के अकाउंट नंबर मे जमा करना होगा। निर्धारित समय सीमा मे राशि जमा न करने की स्थिति मे बोलिकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जायगी।
(4) बोली निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर शुरू होगी।
(5) यदि संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख (रुपये पचास लाख) या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।
(6) सफल खरीददार को संपत्ति पर भुगतान की जाने वाली सांविधिक देयताएं/ असांविधिक देयताएं/ स्टाम्प ड्यूटी / अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ ट्रांसफर शुल्क / सभी शुल्क / असेसमेंट चार्जेस / अन्य प्रभार जिसमें पंजीयन शुल्क, स्टाम्प ड्यूटी, कर, लागू टीडीएस इत्यादि व्ययों का भुगतान करना होगा।
(7) प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी प्रस्ताव को आगे बढ़ाने / निरस्त अथवा ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
(8) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त वर्णित दूरभाष क्र. पर संबंधित शाखा प्रबंधक से संपर्क करें: अथवा अंचल कार्यालय, भोपाल फोन : 0755-2556770 / 2555169 से संपर्क करें।
नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को 15 दिवसीय विक्रय सूचना भी है।

स्थान : भोपाल, दिनांक : 23.01.2026

प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

## चिंतन

# मित्रों को ही भारी पड़ रहा है ट्रंप का अस्थिर रवैया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी दुनिया के लिए भस्मासुर की भूमिका में हैं। वह किसी के भी सिर पर हाथ रखकर उसे भस्म करना चाहते हैं। शुरुआत में जब उन्होंने पूरी दुनिया को टैरिफ की आग में धकेलने की कोशिश की तो इसे अनेक देशों ने कुछ हद तक तार्किक समझा और इस मसले को वार्ता के जरिए सुलझाने के लिए व्यापार समझौतों की पेशकश की। हालांकि इनमें अधिकांश समझौते एकतरफा रहे और ट्रंप ने टैरिफ का डर दिखाकर अपनी मर्जी ही चलाई। भारत ने भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिश की और दोनों देशों के बीच एक साल से इस पर वार्ता के बावजूद सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि इस अवधि में अमेरिका ने भारत पर दुनिया में सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। ट्रंप की इस हरकत ने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। देखा जाए तो ट्रंप का यह कार्यकाल उनके मित्रों पर ही ज्यादा भारी पड़ रहा है। ग्रीनलैंड पर उनके रुख ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया था। एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि अमेरिका और यूरोप की सेनाएं आमने-सामने आ सकती हैं। हालांकि ट्रंप के दावोस में दिए भाषण से संकेत मिला है कि फिलहाल नाटो बच गया है। इसके बावजूद ट्रंप के अस्थिर रवैये को देखते हुए इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि आने वाले समय में नाटो का क्या होगा। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत विस्तार और साम्यवाद के खिलाफ एक ढाल के रूप में की गई थी। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और पुर्तगाल इसके 12 संस्थापक सदस्य थे। 1989 में सोवियत संघ के पतन के बाद नाटो का विस्तार हुआ। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद फिनलैंड (2023) और स्वीडन (2024) इसके नवीनतम सदस्य बने। नाटो की स्थापना करने वाली वॉशिंगटन संधि में कहा गया है कि एक या अधिक सदस्यों पर सशस्त्र हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। 9/11 के हमलों के बाद इस प्रावधान को लागू किया गया था। ट्रंप लंबे समय से बहुपक्षवाद के प्रति असहमति जताते रहे हैं। हालांकि, नाटो को लेकर उनकी मुख्य शिकायत वित्तीय है। उनका आरोप है कि यूरोप की सुरक्षा का अधिकांश खर्च अमेरिका उठाता है, जबकि अन्य सदस्य अपेक्षाकृत कम योगदान देते हैं। डेनमार्क से ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप का विचार एक तरह से नाटो पर वर्षों से हो रहे अमेरिकी खर्च की एक प्रतीकात्मक भरपाई के रूप में सामने आया है। दावोस में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड का बलपूर्वक विलय नहीं करेंगे और उन्होंने उस 10% टैरिफ का उल्लेख भी नहीं किया, जिनकी उन्होंने आठ यूरोपीय देशों को धमकी दी थी। फिर भी उनकी चेतावनी स्पष्ट थी 'आप हां कह सकते हैं और हम बहुत आभारी होंगे या आप ना कह सकते हैं और हम याद रखेंगे।' बाद में उन्होंने यह भी कहा कि वे वार्ता चाहते हैं। ग्रीनलैंड में कोई भी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से नाटो को समाप्त कर देगी। यूरोप आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी परमाणु छतरी पर निर्भर है भले ही ब्रिटेन और फ्रांस स्वयं परमाणु-सशस्त्र देश हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की परमाणु धमकी का मुकाबला करने में भी अमेरिका ने निर्णायक भूमिका निभाई है, लेकिन ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों के चलते भविष्य के नाटो संकटों में वॉशिंगटन के सहयोग की कोई गारंटी नहीं है।



बोर्ड ऑफ पीस
डॉ. एन. के. सोमानी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

# ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल

ग्रीनलैंड पर अमेरिकी स्वामित्व के दावों के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। कहा जा रहा है कि 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। इनमें मध्यपूर्व के सहयोगी देश इजरायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, जॉर्डन, कतर और मिस्र शामिल हैं। नाटो सदस्य तुर्की और हंगरी के अलावा मोरक्को, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कोसोवो, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, पैराग्वे, आर्मेनिया, अजरबैजान और वियतनाम भी बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा होने के लिए सहमत हो गए हैं।

ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से ट्रंप के पुतिन के साथ संबंध बेहतर है, व्यापार समझौते के बाद चीन-अमेरिकी संबंधों में तल्खी कुछ कम हुई है, लेकिन जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर में वीटो का एक मात्र अधिकार केवल अमेरिका (राष्ट्रपति ट्रंप) को दिए जाने की बात कही गई है, उसे देखते हुए दोनों साम्यवादी देश शायद इस संशय में हैं कि अमेरिकी पहल का हिस्सा बनने से उनकी स्थिति कमजोर हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की है। तीनों का आशंकित होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो के मामले में अमेरिका, रूस, चीन और ब्रिटेन की शक्ति बराबर है। पांचवें स्थायी सदस्य फ्रांस ने ट्रंप की योजना का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। फ्रांस पर दबाव बनाने के लिए ट्रंप ने फ्रांसीसी वाइन और शैंपेन पर 200 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। दिलचस्प बात यह है कि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कनाडा भी पूरी तरह से तैयार था लेकिन दावोस में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा अमेरिका की टैरिफ नीति की निंदा किए जाने के कारण अब ट्रंप ने कनाडा से निमंत्रण को वापस ले लिया है। दरअसल ट्रंप ने 29 सितंबर 2025 को गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा की थी। इसका अरब समुदाय सहित इजरायल और यूरोप के कई देशों ने समर्थन किया। 17 नवबंर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसका स्वागत करते हुए भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 2803 पारित किया। ट्रंप का कहना है कि अब समय आ गया है, जब प्रस्ताव के लक्ष्यों को अमली जामा पहनाया जाए। पूरी योजना का केन्द्र शांति बोर्ड है। चार्टर के अनुसार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन साल रखा गया है। यदि कोई सदस्य बोर्ड में स्थायी रूप से बने रहना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान करना होगा। बोर्ड के कार्यकारी मंडल में ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, विदेशमंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। बोर्ड की अध्यक्षता ट्रंप ने स्वयं अपने पास रखी है। अध्यक्ष के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं है अर्थात कार्यकाल अनिश्चित रखा हुआ है।

जहां तक ट्रंप को बोर्ड से हटाए जाने का सवाल है तो वह स्वेच्छा से त्यागपत्र दे सकते हैं या कार्यकारी



परिषद् के सर्वसम्मत मत द्वारा निर्धारित अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। ऐसे में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में थोड़ी भी रुचि रखने वाला कोई भी देश इसमें शामिल होगा, इसमें संदेह है। ट्रंप प्रशासन का अनुमान है कि बोर्ड में तकरीबन 60 से अधिक देश शामिल होंगे और 60 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त होगा, जिसका उपयोग गाजा के पुनर्निर्माण में किया जाएगा। हालांकि वाशिंगटन शांति बोर्ड को गाजा के पुनर्निर्माण और समृद्धि के लिए एक रोडमैप के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन बोर्ड से फिलिस्तीनियों को बाहर रखना अपने आप में आश्चर्यजनक है।

कोई दो राय नहीं कि ट्रंप के शांति बोर्ड का उद्देष्य गाजा में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है, लेकिन जिस तरह से इसे एक नए अंतरराष्ट्रीय संगठन और शांति व्यवस्था स्थापित करने वाले निकाय के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, उसे देखते हुए सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ट्रंप का शांति बोर्ड आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ की जगह लेता हुआ दिखाई देगा। यह सवाल इसलिए भी प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि ट्रंप लगातार इस विश्व संस्था की आलोचना करते रहे हैं। ट्रंप खुद भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि उनका बोर्ड अंतरराष्ट्रीय निकाय की जगह ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र क्षमताओं का प्रशंसक हूं लेकिन इस संस्था ने कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों का निपटारा कर देना चाहिए था, जिनका मैंने निपटारा किया। जिस तरह से पिछले दिनों अमेरिका की डेल्टाफोर्स ने वैनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा किया उससे डोनाल्ड ट्रंप और उनकी 'शांति की पहल' पर सवाल उठ रहे हैं। रूस और पाकिस्तान को निमंत्रण भेजे जाने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

रूस यूक्रेन युद्ध का एक पक्षकार है। एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला करने और आतंकवाद को पालने, बढ़ाने और उसका वित्तपोषण करने वाले देश को शांति स्थापना के प्रयासों का हिस्सा बनाना क्या अपने आप में हास्यास्पद नहीं है।इसके अलावा जिस तरह से पाकिस्तान को गाजा में शांति और सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल किया जा रहा है, उससे इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की परेशानी बढ़ सकती है। सवाल तो चार्टर के विभिन्न प्रावधानों पर भी उठ रहे हैं। सदस्यता के लिए इच्छुक देशों के दायित्व क्या होंगे, बोर्ड किन सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगा, इसका कोई पैमाना चार्टर में नहीं है। ऐसे में क्या स्थायी सीट हर वक्त बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। 1 अरब डॉलर की राशि क्या तमाम योग्यताओं का निर्धारक बिन्दु होगी।

ऐसे में आशंका इस बात की भी है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से निर्मित यह मंच कहीं सौदेबाजी का अखाड़ा तो बनकर नहीं रह जाएगा। चार्टर में जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस को ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने, विश्वसनीय और वैध शासन को बहाल करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है, उसमें आशंका इस बात की भी है कि बोर्ड का व्यापक चार्टर संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर सकता है। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, लेकिन बड़ा सवाल भारत के स्टैंड को लेकर भी है। नियम आधारित व्यवस्था और वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा
राजेश माहेश्वरी



# बजट सत्र में जी राम जी पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद के आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर भारी हंगामा होने की संभावना है। यह मुद्दा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाया गया है और शीतकालीन सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस नए बिल को मनरेगा को 'खत्म करने की साजिश' बता रहे हैं। उनका आरोप है कि नए कानून में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिनसे गरीबों के रोजगार की गारंटी प्रभावित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता राहुल गांधी ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान संसद में उठाएंगे। संसद का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीती 22 जनवरी को दिल्ली में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के राष्ट्रीय सम्मेलन में राहुल गांधी ने कानून का नाम सुनकर व्यंग्य किया और कहा कि उन्हें इसका नाम भी नहीं पता। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश बताया और मोदी सरकार को खुली चेतावनी दी कि अगर गरीब एकजुट हो जाएंगे तो सरकार पीछे हट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा, ये नया कानून क्या है, मुझे पता ही नहीं। जिसमें काम की गारंटी थी और पंचायती राज के माध्यम से चलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इसे खत्म करना चाहते हैं और केंद्र को काम व फंड का पूरा नियंत्रण देना चाहते हैं, जिसमें भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तरफ से इस बिल का विरोध करने को लेकर फटकार लगाई है। भाजपा का कहना है कि राहुल गांधी की आलोचनाओं ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है। सरकार का पक्ष है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार करना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाला वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी तक औपचारिक रूप से अधिसूचित और लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार आगामी बजट में इस योजना को निर्बाध समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दोहरी बजटीय आवंटन पर विचार कर रही है। नए कानून के तहत नियम अभी तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए सरकार संक्रमणकालीन चरण में मनरेगा और वीबी-जी राम जी योजना दोनों के लिए एक साथ निधि उपलब्ध करा सकती है। नियमों के अधिसूचित होने के बाद ही नया कानून लागू होगा। बजट में भारी बढ़ोतरी का संकेत देते हुए, सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वीबी-जी आरएएम जी के लिए 1,51,282 करोड़ रुपए आवंटित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अपने बजट घोषणा में इस आवंटन को और बढ़ा सकती है। एमजीएनआरईजीए के लिए वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 दोनों में 86,000 करोड़ रुपए का अपरिवर्तित आवंटन किया गया था। नए अधिनियम के तहत, अनुमानित केंद्रीय निधि का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपए है, शेष राशि राज्यों द्वारा वहन की जाएगी। नए अधिनियम में केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 का लागत-साझाकरण अनुपात अनिवार्य किया गया है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्यों को निधि आवंटन के प्रस्तावित मानदंडों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इससे पहले 22 जनवरी की सुबह जी राम जी बिल को लेकर कर्नाटक विधानसभा में हंगामा देखने को मिला। जहां राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राज्य सरकार की तरफ से तैयार भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया। इसमें जी राम जी बिल को लेकर आलोचना शामिल था। जी राम जी बिल पास होने के वक्त विपक्ष ने संसद के शीतकालीन सत्र में खूब हंगामा किया था। विपक्ष ने संसद से बाहर भी इसका विरोध किया था। विपक्षी नेताओं की ताजा बयानबाजी से साफ है बजट सत्र में जी राम जी की गूंज जोर-शोर से सुनाई देगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# मुनि के शाप ने देवराज इंद्र से छीन लिया था स्वर्ग



संकलित
प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तूझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## सटाका




## आज की पाती

### रेवड़ियां बांटना कितना उचित

सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।

*- प्रदीप सक्सेना, बिलासपुर*

## करंट अफेयर

# ट्रंप का जेपी मॉर्गन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपीमॉर्गन चेस और उसके सीईओ जेमी डिमॉन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपीमॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था।




फ्लोरिडा के मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीमॉर्गन ने फरवरी 2021 में बिना किसी स्पष्टीकरण के मात्र 60 दिन के नोटिस पर कई खाते अचानक बंद कर दिए। ट्रंप का दावा है कि जेपीमॉर्गन और डिमोन के ऐसा करने से राष्ट्रपति और उनके व्यवसायों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ, उनके कामकाज में बाधा आई और ट्रंप तथा व्यवसायों को मजबूरन अन्य बैंकों में तत्काल खाते खोलने पड़े। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि 'जेपीएमसी ने (ट्रंप और उनके व्यवसायों को) बैंकिंग सेवाओं से बाहर कर दिया क्योंकि उसका मानना था कि उस समय की राजनीतिक लहर ऐसा करने के पक्ष में थी।' मुकदमे में ट्रंप ने आरोप लगाया कि बैंक ने जब उनके खाते बंद करना शुरू कर दिया तो उन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिमोन के साथ इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की और डिमोन ने ट्रंप को आश्वासन दिया था कि वह पता लगाएंगे कि क्या हो रहा है।

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि



पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता है। शोध से पता चला है कि गहन व्यायाम के तुरंत बाद 'आइस बाथ' लेने से अगले कुछ घंटे और दिनों में मांसपेशियों का दर्द कम हो सकता है। 'आइस बाथ' से मांसपेशियों की ताकत, मजबूती और लचीलेपन जैसी चीजों में मदद मिल सकती है। 'आइस बाथ' से व्यायाम के बाद होने वाली सूजन, मांसपेशियों की सूजन और मांसपेशियों की क्षति जैसी चीजों में सुधार हो सकता है। अगर आप ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें लगातार कई दिन तक तीव्र व्यायाम करना पड़ता है तो आपके लिए 'आइस बाथ' एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

## ट्रेंड


### मछुआरों के लिए काम



पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने मछुआरों के लिए व्यापक रूप से काम किया है। हमारा जोर उनके लिए बेहतर बाजार और प्रौद्योगिकी सुनिश्चित करने पर रहा है। आने वाले समय में यह कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेगा।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मुखर्जी के विचार



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल से निकलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आज उनके विचार को भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में जन-जन के बीच पहुंचा रही है।

**- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### कपड़ा निर्यातकों को नुकसान



अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और अनिश्चितता से भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। पीएम मोदी ने कोई राहत नहीं दी है और न ही टैरिफ के बारे में बात की है, जबकि 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और व्यवसाय खतरे में हैं।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### निष्ठाएं बिक रहीं



आज निष्ठाएं आसानी से बिक जाती हैं। सिद्धांतों को यूं ही त्याग दिया जाता है और राजनीति पूरी तरह अवसरवादी हो गई है। आज की राजनीति में सफलता इस बात से नहीं आंकी जाती कि कौन से मुद्दे सामने लाए गए या क्षेत्रीय और भाषाई अस्मिता को कितनी मजबूती से जीवित रखा गया।

**- राज ठाकरे, मनसे प्रमुख**

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### रस्सा कशी और क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद द्वारा खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को नगर के शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के बच्चों के द्वारा कई प्रतियोगिताएं आयोजित की। बालक वर्ग द्वारा रस्सा कशी एवं बालिका वर्ग द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि ने किया। इस अवसर मुख्य रूप से राजेंद्र गुड्डू साहू, प्रमोद कुमार पाण्डेय, राजा सिरसवाल सहित नगर परिषद का स्टाफ, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### खाद के लिए किसान काट रहे चक्कर

**औबेदुल्लागंज।** किसान हो रहे हैं खाद के लिए परेशान और भाजपा नेता मना रही सांसद खेल महोत्सव



आज किसान खाद के लिए काफी परेशान है। किसान तहसील, पटवारी और एमपी ऑनलाइन के चक्कर काट रहे हैं। पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए किसान जब भी ऑनलाइन की दुकान पर जाते हैं तो उन्हें हमेशा ही पोर्टल बंद मिलता है। इसके साथ ही किसानों को नाम, जमीन ही नहीं रजिस्टर्ड, खसरा खतौनी में नाम न होने जैसे बहाने बना कर उन्हें वापस कर देते हैं। किसान पटवारी, तहसील और ऑनलाइन के चक्कर काट रहे हैं। उधर, किसान नेता हरजीत सिंह मंगू ने कहा कि यदि 26 जनवरी तक व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हुई तो 27 जनवरी से किसानों के साथ वह धरना आंदोलन तहसील के सामने करेंगे। किसान मनोहर नागर, उत्तम नागर, कमल पटेल, अवतार नागर, सुजीत नागर, राहुल गौर, परेश नागर, विष्णु यादव, बाबू चौहान सहित अन्य किसान परेशान हैं।

### संतनगर के कई क्षेत्रों में छह घंटे गुल रहेगी बिजली

**संतनगर।** शनिवार को वन ट्री हिल्स फीडर, निर्मल नर्सरी फीडर एवं वाटर वर्क्स फीडर पर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक विभागीय कार्य के लिए विद्युत प्रदाय बाधित रहेगी। जिस कारण बोरबंद गांव, बूढ़ाखेड़ा, लक्ष्मण नगर, श्रद्धा अपार्टमेंट, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, गर्ल्स स्कूल रोड, आरोग्य केंद्र, कैलाश दूध डेयरी, एफ वार्ड, एसबीआई बैंक के सामने वाली गली, शनि मंदिर, इंदिरा नगर, राहुल नगर, संजय नगर, भेटा गांव, साधु वासवानी कॉलेज के पीछे एवं संबंधित एरिया के विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा। आवश्यकता अनुसार यह समय अवधि घटाई बढ़ाई जा सकती है ।

### पूर्व जनपद सदस्य केशव पचौरी की पत्नी का निधन

**औबेदुल्लागंज।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और मध्य प्रदेश भजन प्रतियोगिता के संरक्षक पूर्व जनपद सदस्य केशव पचौरी की धर्मपत्नी अर्चना पचौरी का हृदय घात से शुक्रवार को निधन हो गया। अर्चना पचौरी का दाह संस्कार नर्मदा तट पर शनिवार सुबह 10 किया जाएगा। उनके निधन पर औबेदुल्लागंज सहित ग्राम बील खेड़ी के लोगों ने दुख व्यक्त किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, गौरव पचौरी, सुमित पचौरी, संजय सिंह चौहान, महेश जैन, सर्व ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष राकेश तिवारी, डॉक्टर कैलाश विनय, रमेश गौर, गल्ला व्यापारी संघ के सुदामा तिवारी, अंकित अग्रवाल, राजेश दीक्षित, पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, प्रेम नारायण सोनी, आनंद पांडे, मनीष गोसिंदे आदि लोगों ने शोक व्यक्त किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1736 | | |
| दिनः | 138 | 20 | 468 |
| रातः | 468 | 82 | 345 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 138 | 20 | 468 |
| रातः | 468 | 82 | 345 |


पिता का आरोप, कहकर गए थे कि हो गया तलाक, दो साल के बेटे को साथ ले गया दामाद

# पति और सास ने मायके लाकर छोड़ा नव विवाहिता ने घर में लगा ली फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में शुक्रवार शाम एक नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने ससुराल पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रताड़ित करने की बात कही है। परिजन का कहना है कि एक दिन पहले ही गुरुवार दोपहर पति और सास उसे घर पर छोड़कर गए थे और दो साल के बेटे को अपने साथ ले गए हैं।

पति और सास का कहना था कि अब तुम्हारी बेटी तुम रखों हमने इसे तलाक दे दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव



दिव्या रघुवंशी

पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार दिव्या रघुवंशी पति राजेन्द्र रघुवंशी उर्फ कल्लू (23) मकान नंबर-114, शंकर नगर बरखेड़ा पठानी में रहती थी। एक दिन पहले ही उसका पति और सास उसे मायके छोड़कर दो साल का बेटा अपने साथ ले गए थे। शुक्रवार शाम दिव्या ने घर की बाथरूम में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही दिव्या की बहन और मां उसे फांसी के फंदे से उतारकर एम्स ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर दिव्या को मृत घोषित कर दिया।

### पति और सास रिश्ता खत्म कर निकले

दिव्या के पिता हरिनारायण रघुवंशी ने बताया वह गार्ड की नौकरी करते हैं। पांच साल पहले उन्होंने बेटी दिव्या की शादी गांव हथौड़ा, तहसील सिलवानी, जिला रायसेन निवासी राजेंद्र रघुवंशी से की थी। राजेंद्र खेती किसानी करता है। दिव्या और राजेंद्र का दो साल का बेटा है। राजेंद्र और उसकी मां गुरुवार दोपहर गांव से बरखेड़ा पठानी पहुंचे थे। उस समय घर पर पत्नी और बेटी थी। करीब साढ़े 12 बजे बेटी दिव्या को उसके पति और सास ने घर पर छोड़ दिया। वे अपने साथ दिव्या का दो साल का बेटा लेकर गए। हरिनारायण की पत्नी ने उनसे बातचीत की। वे कहने लगे कि आज से हमारा तुम्हारा रिश्ता खत्म हो चुका है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, दो दिन बाद मौत

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रा नगर मल्टी में एक युवक ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए थे। वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस को उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वह नशे का आदी था और दो महीने पहले भी आत्महत्या करने के इरादे से गले की नस काट चुका है। पुलिस के अनुसार रोहित गाठिया पिता राधेश्याम गाठिया (23) इंद्रा नगर मल्टी में रहता था और नशे का आदी था। वह अक्सर नशे में मां से मारपीट करता था। विवाद के बाद वह मां को आत्महत्या करने की धमकी देता था। दो महीने पहले उसने शराब के नशे में मां से विवाद किया और गले की नश काट ली थी। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। घांव कम गहरा होने के कारण वह बच गया। परिजन ने बताया कि दो दिन पहले 21 जनवरी की रात रोहित नशे में घर पहुंचा था। उसने फिर विवाद किया और कमरे में फांसी लगा ली।



**औबेदुल्लागंज।** द एमिटी स्कूल में बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष डॉक्टर भूपेंद्र नागर मां सरस्वती पूजन कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों के साथ शामिल हुए और पूजा-अर्चना की।




बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजा करतीं वैश्य समाज की महिलाएं।

कटारा हिल्स से बरखेड़ा पठानी जाने वाली सड़क किनारे खेत में हुआ हादसा

# फसल पर कीटनाशक का छिड़काव कर रही मशीन किसान पर पलटी, मौत

- ***भरी मशीन** पलटने से उन्हें सीने में गंभीर चोट आई थी*
- ***एम्स में** करीब तीन घंटे चले इलाज के बाद किसान की हुई मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कटारा हिल्स से बरखेड़ा पठानी जाने वाली सड़क किनारे बागमुगलिया स्थित अपने खेत में कीटनाशक का छिड़काव करा रहे किसान की मशीन में दबने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे के आसपास की बताई जा रही है।

कीटनाशक से भरी मशीन पलटने से उन्हें सीने में गंभीर चोट आई थी। परिजन उन्हें एम्स लेकर पहुंचे, वहां करीब तीन घंटे चले इलाज के बाद किसान की मौत हो गई। गोविंदपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। शनिवार को शव का पीएम कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार शैतान सिंह पाल (53) बागमुगलिया में रहते थे। वे किसान थे। उनका कटारा हिल्स से बरखेड़ा पठानी जाने वाली सड़क किनारे खेत है। शैतान सिंह पाल के खेत में गेहूं की



खेत में कीटनाशक का छिड़काव करते समय पलटी मशीन।

फसल लगी हुई है। शुक्रवार दोपहर वह परिवार के साथ खेत पर थे। उन्हें फसल पर कीटनाशक का छिड़काव करना था। कीटनाशक का छिड़काव करने उन्होंने बगल वाले खेत पर काम कर रही मशीन को बुलाया था। मशीन वाला खेत के बीच बनी मेढ़ से मशीन को खेत तक ले जाने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान शैतान सिंह पाल मशीन ऑपरेटर को मशीन लाने जगह दिखा रहे थे, तभी एकाएक मशीन अनियंत्रित होकर शैतान सिंह पाल पर पलट गई। इससे वह मशीन के नीचे दब गए थे।

परिजन और आसपास के खेत में काम कर रहे लोगों ने तत्काल मशीन के नीचे दबे शैतान सिंह पाल को बाहर निकाल एम्स पहुंचाया, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मशीन में दबने से उन्हें सीने में गंभीर चोट थी। बताया जाता है कि उनकी पसलियां टूट गई थी।

बीडीए रोड अवधपुरी पर हुआ हादसा, आमने-सामने की भिड़ंत में आई थी गंभीर चोट

### वैगन आर कार ने बाइक सवार रेलकर्मी को मारी टक्कर, मौत

**भोपाल।** अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बीडीए रोड पर गुरुवार शाम तेज रफ्तार वेगनआर कार ने बाइक सवार रेलकर्मी को टक्कर मार दी। टक्कर आमने-सामने की होने के कारण रेलकर्मी को गंभीर चोट आई थी। उन्हें इलाज के लिए एम्स ले जाया गया, वहां कुछ ही देर चले इलाज के बाद डॉक्टर ने रेलकर्मी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार संतोष कुमार मालवीय (57) गैलेक्सी सिटी अवधपुरी में रहते थे और रेलवे में नौकरी करते थे। वे विभाग के अधिकारी की गाड़ी चलाते थे। गुरुवार शाम वह घर से बाइक लेकर निकले थे। बीडीए रोड अवधपुरी पहुंचते ही शाम करीब साढ़े पांच बजे सामने से आ रही वेगनआर कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए थे। उन्हें सिर सहित शरीर में गंभीर चोट आई थी।

### नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** नाबालिग किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी दिनेश अहिरवार पुत्र गुलाब सिंह अहिरवार (24) निवासी पुराना एटीएम के पास ईंटखेड़ी भोपाल को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने भादंसं की धारा-363, 366, 376(3), 376(2)(एन) एवं पास्को एक्ट की धारा- 5 (एल)/6, 3/4 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण में अभियोजन द्वारा विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं नवीन श्रीवास्तव द्वारा पैरवी की गई थी। अभियोजन के अनुसार आरोपी ने 29 फरवरी 2024 को 13 वर्षीय पीड़िता को बहला-फुसलाकर होशंगाबाद तथा नसरुल्लागंज लेजाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया था।

थाना निशातपुरा ने पीड़िता के परिजन की शिकायत पर पीड़ित किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की थी। थाना निशातपुरा ने आरोपी के कब्जे से 1 मार्च 2024 को पीड़िता को बरामद कर बयान दर्ज किए थे। पीड़िता ने बताया था कि उसकी आरोप से जान-पहचान थी। 26 मार्च 2024 को सुबह आरोपी ने दशहरा मैदान बुलाया और धमकाकर अपने साथ ले गया। इसके बाद दोनों भोपाल रेलवे स्टेशन से पहले होशंगाबाद और फिर बाद में नसरुल्लागंज गए थे। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। थाना निशातपुरा ने पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था।

## बसंत पंचमी पर वैश्य समाज ने की माता सरस्वती की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्रवार को वैश्य समाज के लोगों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। इस दौरान हल्दी-कुमकुम का आयोजन किया गया, साथ ही महिला मंडल द्वारा मनोरंजक गेम्स का भी आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष नमीता अग्रवाल, वैश्य समाज की प्रभारी विद्या अग्रवाल, मानसी मित्तल, हेमलता चौरसिया, बसंत पंचमी कार्यक्रम की प्रभारी अनुराधा विजयवर्गीय, कमला जैन, ज्योति श्याम बाई साहू, रेनू अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, सपना अग्रवाल, सोनिया, ममता, दीपाली, सोनल निशा आदि उपस्थिति रही।

ग्रामोदय से अभ्युदय सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कर रहा प्रकृति का संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विकासखंड में स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से चल रहे ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत ग्राम विकास एवं युवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल के संचालन में सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ महावीर कॉलोनी में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व अध्यक्ष जनभागीदारी समिति वीर सावरकर महाविद्यालय, रामकुमार नंदवंशी ने कहा जन अभियान परिषद सेवा भाव से ग्रामों के विकास को लेकर नागरिकों को एकजुट कर रहा है। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान से प्रकृति के संरक्षण एवं समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को लेकर अवसर मिल रहा है। विकाखण्ड में नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा नशामुक्ति रैली निकाली गई। समिति के सदस्यों को ग्रामों में भी ग्रामोदय को लेकर अभियान करने बताया गया, उपस्थित नागरिकों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में ऐसा अभियान कर सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नवांकुर सेक्टर प्रमुख सुनील सेरिया, गुडडू साहू, प्रेमनारायण सोनी, भूपेन्द्र नागर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने चलाया जागरुकता अभियान

## रात्रि में सड़क हादसों से बचाने किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉलियों एवं टैंकरों पर लगाए रेडियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नजीराबाद

क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से वहरावल स्थित निजी न्यू लोटस विद्यालय द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने वहरावल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषकों की टैक्टर ट्रॉलियों एवं पानी के टैंकरों पर रेडियम लगाए।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क पर रात्रि के समय होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव करना रहा। अंधेरे में ट्रैक्टर ट्रॉलियों एवं टैंकरों के पीछे रेडियम लगाए जाने से वाहन चालकों को दूर से ही वाहनों की



ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर पर रेडियम पट्टी लगाते थाना प्रभारी और स्कूली बच्चे।

स्थिति का आभास हो सकेगा, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी। विद्यालय संचालक सुनील गौर ने बताया कि इस प्रकार के जागरुकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को सचेत किया जा सके। स्थानीय नागरिकों एवं किसानों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना की।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नजीराबाद थाना प्रभारी पूरे स्टाफ सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय सिंधी समाज का सम्मेलन दुबई में आयोजित होगा

**संतनगर।** देश की सिंधी समाज की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय सिंधी समाज (रजि.), नई दिल्ली, का 29वां राष्ट्रीय सम्मेलन दुबई के होटल हयात पैलेस में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक होगा। 31 मार्च को मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद, इंदौर एवं जयपुर एयरपोर्ट से दुबई, शारजाह के लिए फ्लाइट रवाना होगी।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न कार्यक्रम होंगे। चार दिनों तक दुबई में बुर्ज खलीफा सहित कई स्थानों का भ्रमण किया जाएगा। डेलीगेट रजिस्ट्रेशन के लिए त्रिलोक दीपानी, आनंद सबधानी, सुरेश जसवानी, कन्हैया लाल इसरानी, रमेश तनवानी, वीरभान आहूजा, राधा राजपाल से संपर्क कर सकते हैं।

एनएसएस की पुरुष एवं महिला इकाई ने ग्राम दाहोद में निकाली प्रभात फेरी

## शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री अर्जन नहीं, व्यक्तित्व एवं सामाजिक समझ का विकास भी हैः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

राजाभोज शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की पुरुष एवं महिला इकाई द्वारा ग्राम दाहोद में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रभात फेरी के माध्यम से 'राम नाम' के संकीर्तन के साथ हुई।

इस दिवस की थीम 'स्वच्छता' रखी गई, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों ने जागरूकता स्लोगन 'प्रकृति के दुश्मन तीनः धुआं, पानी की बर्बादी एवं पॉलीथिन' के साथ श्रमदान करते हुए शिविर परिसर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की। इस दौरान आयोजित बौद्धिक सत्र एवं औपचारिक उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गौहरगंज एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री अर्जन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व एवं सामाजिक समझ का विकास है, जो



कार्यक्रम में संबोधित करते एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव।

राष्ट्रीय सेवा योजना जैसे कार्यक्रमों से संभव होता है। उन्होंने विभिन्न विभागों को विद्यार्थियों तक शासकीय योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश भी दिए। विशिष्ट अतिथि सहायक सचिव एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त कृष्णा गुर्जर, नूरगंज थाना प्रभारी तेजपाल सिंह बघेल तथा सरपंच प्रतिनिधि महेश पटेल रहे।

मंडीदीप के दशहरा मैदान पर 30 हजार से अधिक लोग बने हिन्दू सम्मेलन के साक्षी

# विराट हिन्दू सम्मेलन में 12 ज्योतिर्लिंग का 15 हजार महिलाओं ने कलश में जल भरकर किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में शुक्रवार को बसंत पंचमी पर दशहरा मैदान में विराट हिन्दू सम्मेलन में हिंदू स्वजन के करीब 30 हजार से अधिक लोग उपस्थित हुए। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल समाज के तत्वावधान में मंडीदीप के दशहरा मैदान में सुबह नौ बजे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें मुख्य रूप से शिव जी के 12 ज्योतिर्लिंग का हिंदू धर्म के अलग-अलग समाज के वरिष्ठों ने विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

इसके बाद हिन्दू समाज के वक्ताओं द्वारा भारत माता की पूजा की गई और मंच से लोगों को संगठित, समरसता और स्वदेशी के लिए आह्वान किया।



विराट हिन्दू सम्मेलन में 12 ज्योतिर्लिंग का अभिषेक करते श्रद्धालु।



विराट हिन्दू सम्मेलन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

### महिलाओं को अब झांसी की रानी बनना होगा: साध्वी रंजना

समाज के साध्वी रंजना ने महिलाओं को लेकर कहा कि आज की महिलाओं को मोबाइल से ज्यादा शास्त्र की अवश्यकता है। अब लक्ष्मी रानी और झांसी की रानी का उदाहरण देते हुए उन्हें कहा कि अब महिलाओं को जागना होगा।

### पुलिस की रही पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था

वही इस भव्य कार्यक्रम मंडीदीप पुलिस और सतलापुर पुलिस द्वारा यातायात और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। जिसमें 100 से अधिक जवान ने संभाला था मोर्चा।

### महिलाएं पीली साड़ी पहन कर कलश यात्रा में हुई शामिल

विराट हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ कलश यात्रा से हुई। नगर के अलग-अलग वार्ड से बड़ी संख्या में महिलाओं ने पीली साड़ी पहन कर सर पर कलश रख कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंची और भक्ति गीत गाए।



### 35 हजार लोगों ने ग्रहण किया भंडारा

हिन्दू सम्मेलन के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के समस्त हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता और पदाधिकारी ने कार्यक्रम को संभाला। इस दौरान अलग-अलग कतारें बना कर करीब 30 हजार से अधिक लोगों को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई।

### औबेदुल्लागंज में आज 5 घंटे बंद रहेगी बिजली

**औबेदुल्लागंज।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा जारी सूचना के अनुसार, दिनांक 24 जनवरी 2026 (शनिवार) को औबेदुल्लागंज सब-स्टेशन से निकलने वाले सभी 11 केवी कृषि एवं घरेलू फीडरों की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत विभाग ने बताया कि इस दौरान सब-स्टेशन के स्विच यार्ड में पावर ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस, ऑयल फिलिंग, मीटरिंग उपकरणों का कनेक्शन सहित अन्य आवश्यक एवं महत्वपूर्ण तकनीकी कार्य के चलते बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद रखी जाएगी। विभाग ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने अत्यावश्यक विद्युत संबंधी कार्य सुबह 11 बजे से पूर्व पूर्ण कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। विद्युत आपूर्ति आवश्यकता के अनुसार घटाया-बढ़ाया जा सकता है।

# नजर आई कर्ण की आत्मसंघर्ष से भरी जीवन-यात्रा, संघर्षशील प्रश्न करने वाली स्त्री के रूप में खुद को स्थापित करती द्रौपदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**महाभारत समागम का आठवां दिन:** भारत भवन के मंचों पर यक्षगान, द्रौपदी, महाभारत एवं मृत्युंजय का मंचन

भारत भवन में आयोजित महाभारत समागम के आठवें दिन जहां जयंत देशमुख निर्देशित नाटक मृत्युंजय की प्रस्तुति हुई। इससे पहले जापान की हिरोशी कोइके ब्रिज कंपनी द्वारा हिरोशी कोइके निर्देशित महाभारत के मंचन ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

इस प्रस्तुति ने अंतरराष्ट्रीय रंग-दृष्टि के साथ महाकाव्य को नए कलात्मक आयाम दिए। इसी क्रम में निवेदिता महापात्रा के निर्देशन में ओडिसी नृत्य-नाटिका द्रौपदी की भी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पृथ्वीराज क्वायथर द्वारा निर्देशित यक्षगान ने लोकनाट्य की जीवंत परंपरा को सशक्त रूप में सामने रखा।

**जापान की हिरोशी के निर्देशित मंचन ने किया भाव विभोर**



जापानी निर्देशक की प्रस्तुति पर महाभारत का मंचन करते कलाकार।

### द्रौपदी : स्त्री अस्मिता की सशक्त रंगमंचीय अभिव्यक्ति

ओडिसी नाट्य बैले सेंटर, नई दिल्ली द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका द्रौपदी, एक अदम्य भावना ने महाभारत की महान नायिका द्रौपदी को समकालीन दृष्टि से मंच पर जीवंत किया। निवेदिता महापात्रा के निर्देशन में यह प्रस्तुति केवल पौराणिक कथा का पुनर्कथन नहीं, बल्कि स्त्री अस्मिता, संघर्ष और प्रतिरोध की प्रभावशाली व्याख्या बनकर उभरी। अद्वितीय सौंदर्य, तीक्ष्ण बुद्धि और आत्मबल से युक्त द्रौपदी पुरुष-प्रधान व्यवस्था की क्रूरता का सामना करती है। भरी सभा में अपमान और मौन साधे पुरुषों के बीच द्रौपदी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाती है। यह प्रस्तुति उन्हें पीड़िता नहीं, बल्कि संघर्षशील और प्रश्न करने वाली स्त्री के रूप में स्थापित करती है।

### मित्रता, कर्तव्य और उदारता का मानवीय चित्र

एकरंग, मुंबई द्वारा प्रस्तुत नाटक मृत्युंजय शिवाजी सावंत के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित है। यह नाटक महाभारत के महान योद्धा कर्ण के जीवन की मार्मिक, प्रेरणादायक और दार्शनिक यात्रा को मंच पर साकार करता है। कथा कर्ण के जन्म, माता कुन्ती द्वारा त्याग, राधा-काटधन दंपत्ति के स्नेह में पालन-पोषण और सामाजिक अस्वीकृति से उपजे संघर्ष को संवेदनशीलता से उकेरती है। नाटक में कर्ण दुर्योधन की मित्रता, कर्ण के भीतर के द्वंद्व, उसकी कर्तव्यपरायणता और उदारता को गहराई से प्रस्तुत किया गया है।



### पैन-एशियन प्रयोग और बहु-स्वरीय मंच भाषा

हिरोशी कोइके ब्रिज कंपनी, जापान द्वारा प्रस्तुत और हिरोशी कोइके निर्देशित महाभारत की नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों को एक अनूठे अंतर-सांस्कृतिक रंगमंचीय अनुभव से रूबरू कराया। यह मंचन विश्व के सबसे लंबे महाकाव्य को समकालीन संवेदना के साथ प्रस्तुत करता है, जहां कथा केवल पौराणिक आख्यान न रहकर शक्ति, कर्तव्य, इच्छा, त्याग और मानवीय सीमाओं पर गहन विचार बन जाती है। दक्षिण एशियाई दर्शन से प्रेरित यह कृति सह-अस्तित्व और सामंजस्य जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को आधुनिक संदर्भ में सामने रखती है। यह प्रस्तुति महाभारत को एक जीवंत, मानवीय और आज के दर्शक से संवाद करने वाला अनुभव बना देती है।

### यक्षगान : लोकनाट्य की जीवंत परंपरा



उडुपी, कर्नाटक के लोकनाट्य यक्षगान की प्रभावशाली प्रस्तुति महाभारत से प्रेरित रही। प्रस्तुति में महाभारत युद्ध के तेरहवें दिन की कथा दिखाई गई, जहाँ द्रोणाचार्य द्वारा रचित चक्रव्यूह में प्रवेश कर वीर अभिमन्यु अद्वितीय साहस और कर्तव्यबोध का परिचय देता है। उसका बलिदान दर्शकों को भावुक कर गया। संगीत, नृत्य और संवाद से सजी इस प्रस्तुति ने यक्षगान की लोकशैली को समकालीन संवेदना के साथ प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने भरपूर सराहा।

## ट्रेडिशनल डे में आज गेस्ट होंगी फैमिना मिस इंडिया वर्ल्ड निकिता



**भोपाल।** भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज कॉलेज परिसर में शनिवार को होने वाले ट्रेडिशनल डे विरासत में भारतीय संस्कृति और परंपरा के रंगों की छटा देखने को मिलेगी। एक दिवसीय इस वेशभूषा उत्सव में छात्र-छात्राएं भारत की समृद्ध धरोहर को रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक काल पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से होगी, जिसमें प्राचीन भारतीय सभ्यता और की झलक देखने को मिलेगी। इसके बाद मुगलकालीन संस्कृति पर केंद्रित प्रस्तुति और भव्य रैंप वॉक का आयोजन किया जाएगा, जहां छात्र पारंपरिक परिधानों में इतिहास को मंच पर उतारते नजर आएंगे।

## भोपाल के डॉ. विनीत तिवारी बने भारतीय योग संसद के अध्यक्ष

**भोपाल।** योग को भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का वैश्विक प्रतीक बनाने तथा देश को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारतीय योग संसद ने अपनी प्रथम ऑनलाइन बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की। इस बैठक में भोपाल के योग सांसद डॉ. विनीत तिवारी को सर्वसम्मति से भारतीय योग संसद का अध्यक्ष चुना गया।

### मैनिट में 'मैफिक एक्स टेक्नो सर्च 2026' के दूसरे दिन भी दिखा उल्लास

# सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और तकनीकी सहभागिता का सशक्त संगम बनकर उभरा 'मैफिक एक्स टेक्नो सर्च 2026'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैफिक एक्स टेक्नो सर्च 2026 के दूसरा दिन पहले दिन की ऊर्जा और उत्साह को आगे बढ़ाते हुए सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, रचनात्मकता और तकनीकी सहभागिता का सशक्त संगम बनकर उभरा। जहां दिन की सांस्कृतिक गतिविधियों की शुरूआत पूर्वाह्न में इकोज (एकल गायन) से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने एकल गायन प्रतिभाओं को अपनी संगीतात्मक क्षमता प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया।

वहीं सोलो (एकल नृत्य) प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विविध नृत्य शैलियों, आत्मविश्वास और प्रभावी मंच उपस्थिति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक अन्य प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षण आईडीडीसी (इंटर डिपार्टमेंट डांस कॉम्पिटिशन) रहा, जिसका आयोजन एसएसी में किया गया। विभिन्न विभागों की टीमों ने समन्वित समूह नृत्य, रचनात्मक कोरियोग्राफी और सशक्त थीम आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को प्रभावित किया।



### ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति ने माहौल को बनाया ऊर्जावान



सांयकालीन सत्र में एलआरसी ग्राउंड पर माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम की शुरूआत टीम रूबरू की ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसकी सशक्त कोरियोग्राफी, तालमेल और मंचीय प्रभाव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और शाम के लिए जोशीला माहौल तैयार किया। इसके पश्चात फैशन वॉक का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ रैंप पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं तरंग नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता ने सड़क नाट्य के माध्यम से सामाजिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं शाम होते डीजे की खास प्रस्तुति ने पूरे माहौल को जीवंत और ऊर्जावान बना दिया।



हैरी पॉटर के चरित्रों को देखते छात्र।

### वेस्ट मटीरियल से तैयार हैरी पॉटर की जादुई दुनिया

एक अद्भुत काल्पनिक ब्रह्मांड 'हैरी पॉटर' बच्चों के बीच काफी प्रसिद्ध कहानी है, 'हैरी पॉटर' की इसी जादुई और रहस्यमयी दुनिया की सैर कराई मैनिट की 'टीम पिक्सल' ने। जिसमें उन्होंने 'हैरी पॉटर' के प्रत्येक किरदार को जीवंत करने का यतन किया इस दुनिया में जादू, स्कूल (हॉगवर्ट्स) और मंत्रों से भरी दुनिया नजर आई। हॉगवर्ट्स स्कूल, ओलिवेंडर की दुकान, बटरबीयर जैसे अनेकों उदाहरण को इन बच्चों ने प्रस्तुत किया। टीम की सदस्य प्रियांशी ने बताया कि हमने अलग अलग तरह से प्लेटफॉर्म नंबर से लेकर वोल्डेमॉर्ट और सांप तक, पूरे हॉल को इस तरह सजाया है कि दर्शक हैरी पॉटर की जादुई दुनिया में खो जाए। इस जादुई दुनिया ने पूरी थीम को और जीवंत कर दिया। इस प्रदर्शनी की खास बात यह रही कि पूरी सजावट वेस्ट मटीरियल से तैयार की गई।

### ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन को महत्व देने वाली अत्याधुनिक ई-बाइसिकल

मैनिट स्टूडेंट आदि जैन ने तकनीक और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ते हुए एक साधारण साइकिल को अत्याधुनिक ई-बाइसिकल 'इवॉल्व' बनाई है। इस ई-बाइसिकल में 36 वोल्ट और 19 एम्पियर क्षमता वाला ईवी कंट्रोलर लगाया गया है, जो पूरे सिस्टम के लिए मस्तिष्क (ब्रेन) की तरह कार्य करता है। इस ई-बाइसिकल में फ्रंट व्हील ड्राइव बीएलडीसी मोटर लगाया गया है, जिसमें मोटर को पावर देने के लिए कस्टम बैटरी पैक का इस्तेमाल होता है। यह ई-बाइसिकल कम लागत में भविष्य में ग्रीन ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



### बांस से बनी घरेलू वस्तुएं बना रही हैं घर को सुंदर...

कलाकार श्रीद कानूनगो ने बताया कि बांस से बनी वस्तुएं घर की शोभा को भी बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग दैनिक जीवन में बांस से बनी वस्तुओं का उपयोग करते थे। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज कुछ नया बनाने का प्रयास किया जा रहा है। टेबल लैंप, पेन बॉक्स, टोकरी जैसी आकर्षक और उपयोगी वस्तुएं तैयार की जा रही हैं। श्रीद ने यह भी बताया कि यहां स्टूडेंट्स खुद अपने हाथों से वस्तुएं बना रहे हैं.. बस हम सहयोग कर रहे हैं। पढ़ाई के साथ काष्ठ और बांस की वस्तुएं बनाना न केवल सीखने का माध्यम है, बल्कि एक सुखद और रचनात्मक अनुभव भी।



## धरती आबा ग्राम कृषि अभियान में विद्युतीकृत परिवार दिल्ली में देखेंगे गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम आरडीएसएस के तहत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में अत्यंत दूरस्थ वनवासी क्षेत्र समेत मालवा निमाड़ में सैकड़ों मजरों, फलिओं और टोले को रोशन किया गया है। इनमें से 23 वनवासी परिवार 26 जनवरी को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड देखने जाएंगे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इन वनवासी परिवारों को बधाई दी है। सभी परिवार 24 जनवरी को विमान से दिल्ली जाएंगे। इनमें संतोष प्रेम सिंह, शारदा बाई, नाहर सिंह पूंजापुरा देवास, लालूजी कानाजी बदनावर, विनोद भेरूलाल गामड़, रक्षा गामड़ भुवनीखेड़ा बदनावर, मांगीलाल अजनार टिमाईची, रंगूड़ी बाई टिमाईची झाबुआ, भेरूलाल, मनीषा चिमाईची झाबुआ, रूपा अशोक वसूनिया रावड़िया रतलाम समेत अन्य जिलों के वनवासी शामिल हैं।

# हर मुश्किल की आसानी निकल आए, तुम्हारी पैदाइश का मानी निकल आए....

### बसंत पंचमी पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि में लगी 'काव्य की कक्षा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बसंत पंचमी पर माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का परिसर शुक्रवार की शाम कविता, गीत और दोहों से सराबोर हुआ। अवसर था विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'काव्य की कक्षा' कार्यक्रम का। इस आयोजन में देश के 5 प्रख्यात कवियों रामायण धर द्विवेदी, सूरज राय, डॉ. सुरेश, राजेश शर्मा एवं मासूम गाजियाबादी ने विद्यार्थियों के सामने गीतों, कविताओं एवं दोहों की अद्भुत प्रस्तुतियां दी। इस आयोजन के साथ निराला जयंती पर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला को याद करते हुए वरिष्ठ पत्रकार विनय उपाध्याय ने निराला के काव्य पर केंद्रित निराला के शब्दराग विषयक प्रस्तुति भी दी। प्रख्यात कवि सूरज राय ने अपनी कविता सुनाते हुए कहा करो कुछ यूं कि हर मुश्किल की आसानी निकल आए, तुम्हारी बावजह पैदाइश का मानी निकल आए, किसी को भी रूलाने का तरीका मैं बताता हूं, हंसाओ यूं कि उसकी आंख से पानी निकल आए।



एमसीयू में कुलगुरु विजयमनोहर तिवारी के साथ कविगण।

### किरणों ने छू भर दिया ओस लाली को गाल....

ग्वालियर के राजेश शर्मा ने घनाक्षरी से अपना काव्यपाठ आरंभ किया। महानगरों में बसंत की स्थिति पर उन्होंने तू प्यासा मैं मरूधरा, किरणों ने छू भर दिया ओस लाली को गाल, तेरे मेरे बीच ऐसी है दीवार आदि रचनाएं सुनाकर श्रोताओं की खूब तालियां बंटोरी। इस अवसर पर युवापीढ़ी के सिद्ध कवि और लेखक रामायण धर द्विवेदी ने जुगनू जैसी जलती बुझती, छोटी-छोटी आशाएं, जीने का कारण बन जातीं छोटी-छोटी आशाएंह्यह्य वाला उम्मीदों और आशाओं का गीत सुनाया।

### खुशी से झूमती बारात को छोड़ो, उन्हें देखो....

मानवीय स्वाभिमान पर चंद पंक्तियां सुनाते हुए गाजियाबादी ने कहा कि यूं भी बचाई हमने गरीबी की आबरू, नंगे भी हम रहे तो अदब से तमीज से, भूखे हुए तो पेट को घुटनों से ढंक लिया, सर्दी लगी तो ढंक दिए घुटने कमीज से। चकाचौंध भरे समाज में अक्सर शादियों आदि अवसरों पर बारात में रोशनियों को ढोते बच्चों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि खुशी से झूमती बारात को छोड़ो उन्हें देखो, कि जिनको नाच गाने का बहाना तक नहीं मिलता।

### बॉर्डर 2 मूवी देखने पहुंचे दर्शकों की रही उत्साहपूर्ण प्रतिक्रियाएं

# मूवी इतनी दमदार, इसे बार-बार देखने का मन कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय सिनेमा में जब भी देशभक्ति फिल्मों का जिक्र होता है, बॉर्डर का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1997 में आई इस फिल्म ने न सिर्फ़ दर्शकों की आंखें नम कीं, बल्कि जवानों के साहस, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को अमर कर दिया। अब वर्षों बाद बॉर्डर 2 उसी विरासत को आगे बढ़ाने की तैयारी में है। नई पीढ़ी, नई चुनौतियां और बदले हुए युद्ध परिदृश्य के साथ अब शुक्रवार को बॉर्डर 2 सिनेमा थिएटर में आई। यह एक फिल्म नहीं, बल्कि उस भावना का विस्तार है, जो सरहद पर खड़े हर सैनिक के दिल में धड़कती है। बॉर्डर 2 पर हरिभूमि ने यूथ से बातचीत की तो उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि बॉर्डर 2 केवल देशभक्ति की गूंज ही नहीं है बल्कि नई पीढ़ी की कहानी भी है।

**हरिभूमि चर्चा**





### पूरा पैसा वसूल मूवी...

34 साल के राहुल वीर ने बताया कि ये मूवी देशभक्ति के जोश से भरपूर है, जो सपरिवार देखी जा सकती है। टेक्नोलॉजी और वीएफएक्स से लबरेज यह पूरी पैसा वसूल मूवी है। सनी पाजी का किरदार तो कल भी लाजवाब था और कल भी रहेगा।

### सनी देओल का रोल बेस्ट है...



मूवी देखने वाले 25 साल के प्रदीप सोनार ने बताया कि यह मूवी इतनी दमदार है कि इसे बार बार देखने का मन कर रहा है। मैं तो कल भी एक शो देखूंगा, पहले की बॉर्डर फर्स्ट और सेकंड दोनों ही दमदार मूवी है साथ ही सनी देओल के रोल का तो क्या कहना।

### मूवी का तीसरा भाग भी आए....



23 साल के हर्ष ने कहा कि मैं चाहता हूं कि बॉर्डर मूवी का तीसरा भाग भी आए। कुछ मूवी ऐसी होती हैं जिसको देखने के लिए आप जेब की तरफ नहीं देखते हैं, बस मूवी देखते है। मारधाड़ से भरपूर इस मूवी को देखकर मजा आ गया, सभी एक्टर ने अच्छा काम किया है, गाने भी अच्छे हैं। फिल्म ने पूरे समय बांधे रखा और फुल पैसा वसूल मूवी है।



सिनेमाघर के बाहर लगे बॉर्डर-2 के कटआउट के आगे खड़े होकर फोटो खिंचाते मूवी के प्रशसंक।

## यूएस टैरिफ और इकोनॉमी पर राहुल ने केंद्र सरकार को घेरा

# 45 करोड़ से ज्यादा नौकरियां और लाखों व्यवसाय पर खतरा मंडरा रहा

### ट्रंप की टैरिफ नीतियों का जिक्र कर भारत पर हो रहे कथित दुष्प्रभावों को रेखांकित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने फिर सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। उन्होंने एक्स पर वीडियो क्लिप साझा की है। राहुल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का जिक्र करते हुए भारत पर हो रहे कथित दुष्प्रभावों को रेखांकित किया है। राहुल ने कहा है कि टैरिफ के कारण देश में करोड़ों नौकरियों के अलावा लाखों व्यवसायी भी खतरे में हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि लोगों को राहत दिलाने के लिए केंद्र ने प्रभावी फैसले नहीं लिए। प्रधानमंत्री पर राहत के लिए प्रभावी कदम न उठाने के आरोप लगाते हुए राहुल ने कहा, पीएम मोदी ने न तो कोई राहत दी और न ही टैरिफ के बारे में आज तक कोई बयान दिया है। 45 करोड़ से ज्यादा नौकरियां और लाखों व्यवसाय खतरे में हैं। मोदी जी, आप जवाबदेह हैं।



राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे

#### 'दुर्दशा' के लिए प्रधानमंत्री जवाबदेह

राहुल ने हैशटैग का भी इस्तेमाल किया है। राहुल की इस टिप्पणी को तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। राहुल ने कहा कि अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी टैरिफ की मार का उल्लेख करते हुए लिखा, अमेरिका ने जो 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है इससे अनिश्चितता के माहौल में भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। कारखाने बंद हो रहे हैं, नौकरियां छिन रही हैं। ऑर्डरों में कमी हमारी 'बेहाल अर्थव्यवस्था' की हकीकत बन चुकी है।

#### सरकार को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया

कांग्रेस के कई नेता पीएम मोदी की आर्थिक नीतियों को लेकर आलोचनात्मक टिप्पणियां करते रहे हैं। इससे पहले जब राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा निकाली थी, उस समय उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन जैसी हस्तियों के साथ भी देश और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर सरकार के फैसलों को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया गया था।

#### जयराम ने भी आरोप लगाए

### प्रधानमंत्री इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने में सबसे माहिर

कांग्रेस संचार प्रभारी और महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने में सबसे माहिर हैं। राष्ट्रगान के इतिहास से भी छेड़छाड़ की कोशिश की गई और संसद में वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान रवींद्रनाथ टैगोर का भी अपमान करने का प्रयास किया गया। रमेश ने एक पोस्ट में आरोप लगाया कि पीएम मोदी व्यवस्थागत तरीके से महात्मा गांधी की यादों और विरासत को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।



#### कांग्रेस-थरूर में फिर छिड़ी रार

### अहम बैठक में फिर नहीं पहुंचे दीक्षित बोले- कोई फर्क नहीं पड़ेगा

केरल चुनाव को लेकर एक अहम बैठक में तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर नहीं पहुंचे। जब इसे लेकर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि जो भी बड़े नेता थे, वो सभी बैठक में शामिल हुए। थरूर और कांग्रेस के बीच इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब ये नाराजगी सतह पर आ गई है। केरल में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं और कांग्रेस चुनाव की तैयारियों में जुटी है। हालांकि पूरे चुनावी परिदृश्य से थरूर नदारद हैं और वे पार्टी की अहम बैठकों से भी दूरी बना रहे हैं। इस पर दीक्षित कहा कि थरूर के आने या न आने से कोई फर्क नहीं पड़ता।



---

#### खबर संक्षेप


### पुणे में कार ने बच्चे को कुचला, मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे स्थित लोनी काल्भोर में शुक्रवार को एक रिहाइशी सोसाइटी में कार ने साइकल चला रहे 5 साल के बच्चे को कुचल दिया। इसमें बच्चे की मौत हो गई। ये पूरी घटना सोसाइटी में लगे कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में दिखता है बच्चा साइकल चला रहा था तभी एक कार आई और बच्चे को कुचलते हुए निकल गई। कार सवार दोस्त को छोड़ने आया था।



### घर से नोटों का पहाड़ 61 किलो चांदी जब्त

**कानपुर।** यहां कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अवैध आर्थिक गतिविधियों पर लगाम कसने की दिशा में पुलिस कमिश्नरेट ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच की टीम नेधनकुट्टी इलाके के एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित मकान पर छापेमारी की। करीब 2 करोड़ नकद और करीब 61 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। नेपाली मुद्रा भी मिली है।



### क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

**जयपुर।** जयपुर हाईकोर्ट से दुष्कर्म के आरोपों का सामना कर रहे क्रिकेटर यश दयाल को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने इस मामले में यश दयाल की गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। यह आदेश हाईकोर्ट के जस्टिस गणेशराम मीणा की सिंगल बेंच ने दिया। कोर्ट ने जांच में पूरा सहयोग करने और जांच एजेंसियों के समक्ष उपस्थित होने को कहा है।



### कटक में उपराष्ट्रपति ने नेताजी को किया नमन

**कटक।** पराक्रम दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को ओडिशा की अपनी पहली यात्रा पर कटक पहुंचे। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मस्थान पर समारोह में भाग लिया और कहा कि नेताजी की पुकार आज भी भारतीयों में साहस और संकल्प की प्रेरणा देती है। समारोह में प्रसिद्ध मार्चिंग गीत 'कदम कदम बढ़ाए जा' की जोशभरी धुन गूंजी।



### कफ सिरप मामले में 28 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाराणसी।** कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के खिलाफ सोनभद्र पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तस्करी के मुख्य सरगना बताए जा रहे शुभम जायसवाल के पिता भोला की 28.50 करोड़ की संपत्ति जब्त की जा रही है। वाराणसी के रामकटोरा में शुभम जयसवाल की पत्नी वैशाली और मां शारदा देवी के नाम से सम्पत्ति जब्त की है।



---

## तिरुवनंतपुरम में प्रधानमंत्री ने एलडीएफ-यूडीएफ पर निशाना साधा

# दोनों दलों ने केरल को भ्रष्टाचार के दुष्चक्र में धकेला, प्रतीक अलग पर लक्ष्य करप्शन बना

### पीएम ने तिरुवनंतपुरम ननि में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को सराहा



प्रधानमंत्री तिरुवनंतपुरम में विकास परियोजनाओं के शुभारंभ, ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी के दौरान

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुर नगर निगम में भाजपा की ऐतिहासिक की जीत की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की ओर से दशकों से की जा रही उपेक्षा के अंत और विकास व सुशासन के नए युग की शुरुआत है। प्रधानमंत्री ने दोनों पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। तिरुवनंतपुरम में पीएम ने एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ ने अलग-अलग तरीकों से केरल को भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और तुष्टिकरण की राजनीति के दुष्चक्र में धकेल दिया है। भले ही उनके झंडे और प्रतीक अलग हों, लेकिन उनकी राजनीति और एजेंडा लगभग एक जैसे हैं और ये हैं बेलगाम भ्रष्टाचार, जवाबदेही की कमी और विभाजनकारी सांप्रदायिकता को बढ़ावा देना। दोनों दल जानते हैं कि हर पांच साल में उन्हें शासन का मौका मिलता है। लेकिन बुनियादी समस्याएं जस की तस हैं।

**मिशन दक्षिण, केरल में भाजपा का चुनावी शंखनाद**

#### अब बदलाव आएगा

पीएम मोदी ने कहा कि दशकों तक एलडीएफ और यूडीएफ ने शहर की उपेक्षा की और शहर को बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा। ये जरूरतों को पूरा करने में नाकाम रहे हैं। अब यहां भाजपा का बदलाव दिखेगा।



जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी

#### पूरे देश के लिए आदर्श शहर बनेगा तिरुवनंतपुरम

पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि तिरुवनंतपुरम अब पूरे देश के लिए एक आदर्श शहर बनेगा। उन्होंने कहा कि इस शहर के लोगों से मैं कहता हूं-विश्वास रखें। तिरुवनंतपुरम पूरे देश के लिए एक आदर्श शहर बनेगा। इसे भारत के सर्वश्रेष्ठ शहरों में शामिल करने के लिए मैं पूरा समर्थन दूंगा।

#### एनडीए नेताओं से मिले

### उज्ज्वल भविष्य देने के लिए हम प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारत के राज्य केरल पहुंचे और भाजपा के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने शानदार स्वागत के लिए जनता को धन्यवाद दिया और कहा कि लोगों के आशीर्वाद से भाजपा-एनडीए इस शहर के लिए विकास, बेहतर नागरिक सेवाएं व एक उज्ज्वल भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी का शानदार स्वागत किया गया। रोड शो के दौरान लोगों का जोश और उत्साह दिखाई दिया। 'एक्स' पर लिखा, लोगों का जोश और उत्साह भाजपा पर बढ़ते भरोसे को दिखाता है, जो नगर निगम के नतीजों में साफ नजर आया। उन्होंने एनडीए का हिस्सा बनी 'ट्वेंटी20 पार्टी' के नेताओं से भी मुलाकात की।

### भाजपा के पहले मेयर राजेश को गले लगाया

प्रधानमंत्री ने नगर निगम में भाजपा के पहले मेयर वीवी राजेश को गले लगाया। उन्होंने राजेश को मेयर बनने पर बधाई दी।

### एनडीए को विकास और सुशासन का तीसरा विकल्प बताया

पीएम मोदी ने कांग्रेस और वाम दलों पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केरल को अपनी नई राजनीतिक रणनीतियों की प्रयोगशाला बना रही है। केरल में कांग्रेस कट्टरपंथी तत्वों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। अब भाजपा तीसरा विकल्प बनेगी।

### स्वामीनारायण परंपरा मानव सेवा और नैतिक जीवन का जीवंत उदाहरण

प्रधानमंत्री ने शिक्षापत्री द्विशताब्दी महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि भगवान स्वामीनारायण की शिक्षापत्री के 200 साल, द्विशताब्दी समारोह का ये अवसर, हम सबका ये सौभाग्य है कि इस पावन पर्व के हम सब सहभागी बन रहे हैं। आप सभी संतों को नमन करता हूं।

**ये मोदी की गारंटी है, सोना चोरी मामले पर होगी जेल**

पीएम ने सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी को लेकर बड़ा वादा किया और कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो सोने मामले की जांच होगी। दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

### सीएम विजयन ने की प्रधानमंत्री की तारीफ

प्रधानमंत्री ने परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के साथ-साथ नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि यह केरल के विकास के लिए बहुत बड़ा दिन है। यह बहुत गर्व और खुशी की बात है कि मैं प्रधानमंत्री का 'ईश्वर के अपने देश' केरल में स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री ने केरल में कई ऐसे प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए हैं जो राज्य के विकास में बहुत मदद करेंगे।

---

#### पीएम मोदी ने किया दावा

### तमिलनाडु एनडीए के साथ डीएमके सरकार की विदाई तय

एक्स पर किया पोस्ट



तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्रन

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु की राजनीति को लेकर बड़ा दावा किया। एक्स पर पोस्ट के जरिए पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु अब एनडीए के साथ खड़ा है और राज्य ने डीएमके सरकार को विदाई देने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री ने लिखा, तमिलनाडु एनडीए के साथ है। मदुरंतकम में रैली में एनडीए नेता शामिल हुए। तमिलनाडु ने तय कर लिया है कि अब भ्रष्ट डीएमके सरकार को अलविदा कहने का समय आ गया है। एनडीए का शासन रिकॉर्ड और क्षेत्रीय आकांक्षाओं के प्रति प्रतिबद्धता लोगों को पसंद है।

### एनडीए के चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत

प्रधानमंत्री के इस संदेश से चेन्नई-तिंडीवनम हाईवे के पास मदुरंतकम में बड़ी राजनीतिक रैली का माहौल बन गया है। इसी रैली के साथ एनडीए तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए औपचारिक रूप से अपना चुनावी अभियान शुरू कर रहा है। भाजपा के तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी एक हाई-प्रोफाइल जनसभा को संबोधित किया। यह जनसभा तमिलनाडु में एनडीए की चुनावी लड़ाई की शुरुआत होगी। मदुरंतकम की बैठक का उद्देश्य राज्य में मौजूदा जनविरोधी डीएमके सरकार को सत्ता से हटाने की दिशा में अभियान को धार देना है।

### बड़ी रैली, राज्यभर से जुटेंगे लोग

यह रैली विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की पहली बड़ी एनडीए जनसभा मानी जा रही है। इसमें पूरे तमिलनाडु से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और वॉलंटियर्स के पहुंचने की उम्मीद है। मदुरंतकम रैली में एनडीए के प्रमुख घटक दलों के नेताओं की भागीदारी तय है। इनमें एआईएडीएमके, पट्टाली मक्कल काची, तमिल मनीला कांग्रेस और अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) शामिल होंगे।

---

## हाईकोर्ट में जज के साथ कहासुनी मामले में वकील को फटकारा

# जज को आंख दिखाना चाहते हो तो दिखाओ, हम भी आप को 'देख' लेंगे

### सीजेआई से महेश को नाराजगी का सामना करना पड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाईकोर्ट में जज के साथ कहासुनी से जुड़े मामले में फंसे वकील को सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिली है। वकील के खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ था, जिसके बाद उन्होंने शीर्ष न्यायालय का रुख किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने अदालत में चेतावनी दी और कहा कि अगर वे आंख दिखाना चाहते हैं, तो हम भी देख लेंगे वह क्या कर लेंगे। मामला बीते साल 16 अक्टूबर, झारखंड हाईकोर्ट का है। सुनवाई के दौरान एडवोकेट महेश तिवारी ने जस्टिस राजेश कुमार को सीमा पार नहीं करने के लिए कह दिया था। उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी हुआ। इस पर वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, जहां उन्हें सीजेआई की नाराजगी का सामना भी करना पड़ा।

### क्या बिगाड़ लिया मेरा... दिखा रहे वकील



सीजेआई ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट से आदेश सिर्फ यह दिखाने के लिए चाहते हैं कि क्या बिगाड़ लिया मेरा। उन्होंने एडवोकेट को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि अगर वह माफी मांगना चाहते हैं, तो उन्हें माफी मांगनी चाहिए...।

#### झारखंड हाईकोर्ट में यह हुआ

एडवोकेट तिवारी एक विधवा का केस लड़ रहे थे, जिनका 1 लाख 30 हजार से ज्यादा बकाया होने के कारण बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। जस्टिस कुमार ने राज्य के बार काउंसिल अध्यक्ष से वकील के काम करने के तरीके पर संज्ञान लेने के लिए कहा। तिवारी उठे और अंगुली दिखाते हुए जज से कहा कि मैं अपनी तरह से बहस कर सकता हूं।

### सुप्रीम कोर्ट के गेट तक चलेगी मेट्रो! सीजेआई ने बताया प्लान

सुप्रीम कोर्ट की तस्वीर अब पूरी तरह बदलने वाली है। सीजेआई ने एक इंफ्रास्ट्रक्चर प्लान का खुलासा किया है। अब लोगों को गर्मी और मूसलाधार बारिश में परेशान होकर कोर्ट नहीं आना पड़ेगा। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के लिए एक समर्पित मेट्रो लाइन का विचार पेश किया है। यह मेट्रो सीधे कोर्ट परिसर तक शानदार कनेक्टिविटी देगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल



**बरसात में भी दिखा जवानों का जोश**

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की गई। सुबह से हो रही बरसात के बावजूद कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं के जवानों ने कदम से कदम मिलाकर परेड की। कर्तव्य पथ पर पहली बार भारतीय सेना की भैरव बटालियन फुल ड्रेस रिहर्सल का हिस्सा बनी।

---

## शंकराचार्य विवाद की बहस में कूदे कथावाचक और धर्माचार्य

# किसी साधु का अपमान अनुचित, मतभेद भुला इसे सुलझाएं

### मेला प्रशासन ने पदवी पर ही उठाए सवाल, कानून का दिया हवाला

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यहां माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन में टकराव के बाद यह विवाद शंकराचार्य की पदवी तक पहुंच गया। मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए अविमुक्तेश्वरानंद को नोटिस जारी कर पूछा है कि खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया? अब इस बहस में कथावाचक और धर्माचार्य भी कूद पड़े हैं। गोवर्धनमठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद को अपना लाडला बताया। उन्होंने कहा कि साधु-संतों के साथ मारपीट और ब्रह्मचारियों की चोटियां पकड़कर उन्हें खींचना बिल्कुल गलत है। कोई भी हो, यह बात सभी पर लागू होती है।



स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



स्वामी निश्चलानंद

### आदर करें, इसे तूल न दें



कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने अपने सामने धर्म संकट बताते हुए कहा कि दोनों अपने ही हैं। एक तरफ भगवान रूपी शंकराचार्य हैं। उन पर किसी तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। सभी का आदर करें, सुलझाएं, तूल न दें।

#### किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए



बाबा रामदेव ने कहा कि तीर्थ स्थलों पर किसी भी शंकराचार्य या साधु को विवाद नहीं करना चाहिए। आपसी विवाद से सनातन का अपयश होता है। हमें आपस में नहीं लड़ना चाहिए, बल्कि सनातन की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए।

### फलाहारी महाराज ने खून से लिखा पत्र

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने खून से मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिख कर कहा है कि शंकराचार्य हिंदुओं के भगवान हैं। प्रधानमंत्री भी इनके पैर छूते हैं। आप दोनों सनातनी संतों के जुबानी युद्ध का फायदा दूसरे राजनैतिक दल उठा रहे हैं।



---

#### सीएम ने की प्रगति पर चर्चा

# 'मिजो' भाषा 8वीं अनुसूची में शामिल होने से एक कदम दूर

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजो भाषा को संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल करने की संभावनाओं का पता लगाने कदम उठाए जा रहे हैं। यह पहल मिजो भाषा विकास बोर्ड द्वारा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने अध्ययन समूह के सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें अध्ययन समूह की पहलों की प्रगति और आकलन पर चर्चा की।



### मिजो भाषा को मिला समर्थन

कहा गया है कि सदस्यों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे राज्य भर में विभिन्न संगठनों और जातीय समुदायों के प्रतिनिधियों से मिलकर 8वीं अनुसूची में मिजो भाषा को शामिल करने के संबंध में राय जुटा रहे हैं। सदस्यों ने कहा कि मिजो भाषा को व्यापक सहमति और समर्थन है। उन्होंने लालदुहोमा को सूचित किया कि मिजोरम ने अतीत में केंद्र को मिजो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

# अल्काराज ने खेला अपना 100वां ग्रैंड स्लैम, मौटेट को हराकर की चौथे राउंड में एंट्री

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

■ ऑस्ट्रेलियन ओपन

दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। अपने 100वें ग्रैंड स्लैम मुकाबले में अल्काराज ने फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट को सीधे सेटों में 6-2, 6-4, 6-1 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त के बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम गंवा दिए, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 4-4 पर अहम ब्रेक हासिल किया और दो सेट की बढ़त बना ली। तीसरे सेट में उन्होंने पूरी तरह दबदबा बनाते हुए डबल ब्रेक लिया और दो घंटे पांच मिनट में मैच समाप्त कर दिया। अल्काराज अब रविवार को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे।



## सबालेंका की संघर्षपूर्ण जीत

महिलाओं के एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराया। सबालेंका चार साल में अपना तीसरा ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने की कोशिश कर रही हैं। सबालेंका ने 2023 और 2024 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब जीता और एक साल पहले वह मैडिसन कीज से हारकर उपविजेता रही थीं। सबालेंका ने दो बार अमेरिकी ओपन भी जीता है। अब चौथे दौर में सबालेंका का सामना उभरती हुई स्टार विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 7-6 (5), 5-7, 6-3 से हराया।

## अल्काराज का ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13

22 साल के अल्काराज का इस जीत के साथ ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड 87-13 हो गया है। उन्होंने 100 मैचों में सर्वश्रेष्ठ मेजर रिकॉर्ड के मामले में दिग्गज ब्योर्न बोर्ग की बराबरी कर ली। स्पेन के इस खिलाड़ी ने इससे पहले मेलबर्न में दो बार क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया है। इस बार वे खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया पहुंचे हैं। छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने इस मामले में कई महान खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। राफेल नडाल और जॉन मैकेनरो ने अपने पहले 100 मेजर मैचों में 86-14 का रिकॉर्ड बनाया था, जबकि नोवाक जोकोविच 79-21 और रोजर फेडरर 80-20 के आंकड़े तक पहुंचे थे।



## *मेदवेदेव ने मारोजसन को हराया, चौथे राउंड में प्रवेश*

*डेनियल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। तीसरे राउंड के मुकाबले में दो सेट और एक ब्रेक से पीछे चल रहे मेदवेदेव ने जबरदस्त वापसी करते हुए दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी फैबियन मारोजसन को 6-7(5), 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से हराया। मेदवेदेव अपने करियर में 18वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे राउंड में पहुंचे हैं। मैच के शुरुआती दो सेटों में मारोजसन ने बेहतरीन नियंत्रण दिखाया और मेदवेदेव को लगातार दबाव में रखा। सर्व की रफ्तार कम होने के बावजूद, हंगेरियन खिलाड़ी ने लंबी रैलियों में बढ़त बनाई। वहीं, मेदवेदेव हमेशा की तरह बेसलाइन से काफी पीछे खड़े रहकर खेलते रहे और लगभग चार घंटे तक चले मुकाबले में अपना धैर्य नहीं खोया।*

टी20 : भारत ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया, सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

# भारत ने 200 प्लस रन का टारगेट चेज कर दर्ज की सबसे तेज जीत, गरजे ईशान-सूर्या के बल्ले




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 82) और ईशान किशन (76) की आक्रामक पारियों के दम पर भारत ने पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया।

बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों में न्यूजीलैंड को 6 विकेट पर 208 रन पर रोकने के बाद भारत ने महज 15.2 ओवर में तीन विकेट पर रन के साथ श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। भारत ने 28 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की, जो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था, जिसने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 24 गेंद शेष रहते 205 रन के लक्ष्य को हासिल किया था। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में लक्ष्य का सफलता से सबसे बड़े स्कोर के पीछा करने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने इससे पहले 2023 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रन बनाए थे।




**ईशान ने 21 गेंदों में ठोकी फिफ्टी 237 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन**

**सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को किया खत्म**

## भारत ने न्यूजीलैंड को 208 रन पर रोका

इससे पहले कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में दो अहम विकेट लेकर शानदार वापसी की, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोक दिया।न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (44 रन, 26 गेंद) और कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद 47 रन, 27 गेंद) ने अलग-अलग चरणों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिए मैट हेनरी, जैकब डफी और ईश सोढ़ी ने एक-एक विकेट लिए।

## सूर्या ने खेली कप्तानी पारी

टी20 विश्व कप से पहले लय हासिल करते हुए सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 9 चौके और 4 छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए ईशान के साथ महज 49 गेंद में 122 और शिवम दुबे (नाबाद 36) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 81 रन की अटूट की साझेदारी के साथ टीम के आसानी से जीत दिला दी।

## ईशान ने तोड़ा अभिषेक का रिकॉर्ड

रायपुर में ईशान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना अर्धशतक सिर्फ 21 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ईशान अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बैटर बने। इससे पहले अभिषेक ने पहले टी20 में नागपुर में 22 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था, लेकिन उनका रिकॉर्ड अब टूट गया। किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गजब की पारी खेली और अपने टी20आई क्रिकेट करियर का 7वां अर्धशतक भी लगाया। ईशान ने इस मुकाबले में 32 गेंदों पर 4 छक्के और 11 चौकों की मदद से 76 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट इस दौरान 237.50 का रहा।

## भारत के लिए टी20 में सबसे तेज अर्धशतक

ईशान किशन- 21 गेंद
अभिषेक शर्मा- 22 गेंद
केएल राहुल-23 गेंद
रोहित शर्मा- 23 गेंद
सूर्यकुमार यादव- 23 गेंद

## महंगे साबित हुए अर्शदीप

मैच के पहले ओवर में 18 रन देने के बावजूद अर्शदीप ने तीसरा ओवर भी फेंका, लेकिन उसमें भी उन्होंने 18 रन दिए। विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट, जिन्होंने दूसरे टी20 के लिए न्यूजीलैंड की प्लेइंग इलेवन में टिम रॉबिन्सन की जगह ली थी, ने अर्शदीप को लगातार चार चौके मारे। अर्शदीप काफी महंगे गेंदबाजी साबित हुए।

## स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवोन कोन्वे का पंड्या बो राणा | 19 | 9 | 3 | 1 |
| सिफर्ट का इशान बो चक्रवर्ती | 24 | 13 | 5 | 0 |
| रविंद्र का अर्शदीप बो कुलदीप | 44 | 26 | 2 | 4 |
| फिलिप्स का पंड्या बो कुलदीप | 19 | 13 | 2 | 1 |
| डेरिल मिचेल का पंड्या बो दुबे | 18 | 11 | 3 | 0 |
| चैपमैन का अभिषेक बो पंड्या | 10 | 13 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 47 | 27 | 6 | 1 |
| जैक फोक्स नाबाद | 15 | 8 | 2 | 1 |

अतिरिक्त: 12 कुल योग: 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-53-, पंड्या 3-0-25-1, राणा 3-1-35-1, चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप 4-0-35-2, अभिषेक 1-0-12-0, दुबे 1-0-7-1.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का रवींद्र बो हेनरी | 06 | 5 | 0 | 1 |
| अभिषेक का कोन्वे बो डफी | 00 | 1 | 0 | 0 |
| किशन का हेनरी बो सोढ़ी | 76 | 32 | 11 | 4 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 82 | 37 | 9 | 4 |
| शिवम दुबे नाबाद | 36 | 18 | 1 | 3 |

अतिरिक्त: 09 कुल योग: 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन
**गेंदबाजी:** हेनरी, 3-0-41-1, डफी 4-0-38-1, फोक्स 3-0-67-0, सैंटनर, 2-0-27-0, सोढ़ 3-0-34-1, मिचेल 0.2-0-2-0.

## पहली बार डक पर आउट हुए अभिषेक

अभिषेक शर्मा दूसरे टी20आई मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हुए। उन्हें जैकब डफी ने अपनी गेंद पर डेवोन कॉनवे के हाथों कैच आउट कर दिया। अभिषेक शर्मा अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में पहली बार गोल्डन डक पर आउट हुए। अभिषेक ने इसके साथ ही मुरली विजय, अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी शॉ, शिखर धवन, विराट कोहली, संजू सैमसन और शुभमन गिल की बराबरी कर ली। ये सभी बल्लेबाज टी20आई में बतौर ओपनर एक-एक बार गोल्डन डक पर आउट हुए थे।

# ग्रामीण मंडल ने शहरी मंडल को 6 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

मंडीदीप मंगल मार्केट के शासकीय खेल मैदान में शुक्रवार को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन हुआ, जिसमें बालक वर्ग में क्रिकेट का फाइनल मुकाबला हुआ। शहरी मंडल की टीम 10 ओवर भी न खेल सकी और 10 विकेट 40 रन पर ही गिर गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ग्रामीण मंडल के कप्तान सोले साहनी दूसरे ओवर में ही आउट हो गए, गगन साहू ने दूसरी ओर मोर्चा संभाल कर 10 ओवर के लास्ट जीत तक 7 बॉल के पहले ही 41 रन बना कर विजय प्राप्त हुए। जिसका सजीव मजा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, पूर्व विधायक सिलवानी रामपाल ने देखा। विजेता टीम को सांसद ने प्रतीकात्मक 1.5 लाख का नगद इनाम दिया।



## भोपाल के पृथ्वीराज ने खेली शतकीय पारी

**भोपाल।** एमपीसीए एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट मल्टी डे उज्जैन के एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर (चार दिवसीय) उज्जैन डिवीजन और भोपाल डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन उज्जैन डिवीजन ने गुरुवार के स्कोर 7/410 रन से आगे खेलते हुए 423 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाब में भोपाल डिवीजन ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 82 ओवर में 3 विकेट पर 295 रन बना लिए हैं, जिसमें पृथ्वीराज सिंह तोमर 123 रनों की शतकीय पारी खेली और अरहम अकील ने 89 रन बनाए, कनिष्क दुबे 37 रन और अभिराज खरे 25 रन पर खेल रहे हैं। इंदौर डिविजन से गेंदबाजी में ईशान अफरीदी ने 2 विकेट लिए। शनिवार को तीसरे दिन का मैच खेला जाएगा।



## लोनावला में आज से बिटोआ अधिवेशन

**भोपाल।** बैडमिंटन इंडिया टेक्निकल आफिशियल्स एसोसिएशन ( बिटोआ) का वार्षिक अधिवेशन लोनावला में 24 से 26 जनवरी तक होगा। बिटोआ उपाध्यक्ष धर्मेश यशलहा और सचिव पुणे के उदय साने ने बताया कि अधिवेशन में वार्षिक साधारण सभा, परिसंवाद, परिवर्तित नियमों की जानकारी, कार्यशाला, युगल स्पर्धा आदि आयोजन लोनावला के नवनिर्मित बीजेके स्पोर्ट्स संटर पर होंगे। दिल्ली के राजीव मेहता बिटोआ अध्यक्ष हैं, राष्ट्रीय बैडमिंटन रैफरी धर्मेश यशलहा बिटोआ में मप्र से अकेले पदाधिकारी हैं, वे इसमें हिस्सेदारी करेंगे।

मानसरोवर में ऑल इंडिया इंटर विवि रोलर स्पोर्ट्स का आगाज़

# आनंद कुमार और अबना ने जीते स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोलर स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025-26 में खिलाड़ियों ने अपनी रफ्तार और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। 'रिंक पीटीपी एलिमिनेशन (5000 मीटर) इनलाइन' स्पर्धा में आनंद कुमार ने 7:51:40 के समय के साथ 38 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता। दूसरा स्थान पांडिचेरी यूनिवर्सिटी के एस. मुकुंद ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई) के प्रयत्न शर्मा को मिला। चौथा स्थान बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के अर्णव गोरया ने हासिल किया। वहीं महिला वर्ग में ए.ए. अबना ने प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया, डी.वाई. पाटिल यूनिवर्सिटी नवी मुंबई की नीहारिका मेनन ने 9:21:34 के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता। वहीं, तीसरा स्थान जेएनटीयू हैदराबाद की बाथुला संजना को मिला। उन्होंने 9:20:46 के समय के साथ 45 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. आलोक मिश्रा, विशिष्ट अतिथि एथेनस लकरा, चीफ रेफरी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह सहित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. ए. एस यादव, रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी और टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## डिपार्टमेंटल ग्रुप में डीजीपी इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

■ ननि कमिश्नर एकादश को 86 रन से हराया

फेथ क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर शुक्रवार को 31वें इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में खेले गए डिपार्टमेंटल ग्रुप में डीजीपी इलेवन चैम्पियन बनी। उसने फाइनल में नगर निगम कमिश्नर इलेवन को 86 रनों से हराया। डीजीपी इलेवन ने आठ विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में नगर निगम कमिश्नर इलेवन मात्र 85 रनों पर आउट हो गई। कार्पोरेट ग्रुप के मैचों में हमीदिया स्पोर्ट्स ने भोपाल क्रिकेट क्लब को 96 रनों से तथा एलीट वारियर्स ने रेट्रो स्टार को 70 रनों से मात दी। पब्लिक वाणी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उसका सामना राज एक्सप्रेस से होगा। जबकि दूसरे सेमीफाइनल में दैनिक भास्कर की भिड़ंत पीपुल्स समाचार से होगी। टाइम्स ने आठ विकेट पर 110 रन बनाए। जवाब में पब्लिक वाणी ने तीन विकेट पर जरूरी रन बना लिए। प्लेयर ऑफ द मैच और मोस्ट वेल्युएबल प्लेयर को फेथ ग्रुप के सीएमडी राघवेंद्र सिंह तोमर ने पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण आईईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर इंजीनियर बीएस यादव,25वीं बटालियन के कमांडडेंट नागेंद्र सिंह ने किया।

## आरएनटीयू ने केआईआईटी विवि को 9-3 से हराया, आज बैंगलोर से मुकाबला



**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की पुरुष हॉकी टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हॉकी टूर्नामेंट 2025-26 में केआईआईटी यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर (उड़ीसा) को 9–3 के बड़े अंतर से पराजित किया। इस एकतरफा मुकाबले में मो.जैद खान, अलमाज खान, मुस्तफा अजीज एवं मुदस्सर कुरैशी ने दो-दो गोल कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जबकि अरहम जमीर अंसारी ने एक गोल दागा। अ टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। विश्वविद्यालय की पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला 24 जनवरी को दोपहर 3 बजे बैंगलोर सिटी यूनिवर्सिटी, बैंगलोर (कर्नाटक) के विरुद्ध खेला जाएगा।






12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra®
Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

# सपनों को उड़ान, उम्मीदों की पहचान देती प्रदेश की नन्हीं बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी भी समाज का भविष्य उसके आज से नहीं, उसकी बेटियों से तय होता है। जिस घर में बेटी सुरक्षित है, शिक्षित है और आत्मनिर्भर है, वहीं से एक उजले कल की शुरुआत होती है। बेटी है तो कल है, यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि समय की सबसे बड़ी सच्चाई है।

इसी सच्चाई को उजागर करती हमारे प्रदेश की ऐसी नन्हीं बेटियां, जिन्होंने न केवल अपने, बल्कि अपने माता-पिता के सपनों को ऊंची उड़ान दी और अपने परिवार सहित प्रदेश का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखवाया। इन बच्चियों के इस बुलंद हौसलों ने उनके नन्हें सपनों को उड़ान दी और यह पूरे पदेश ही नहीं देश के लिए भी मिसाल बनीं।

*राष्ट्रीय बालिका दिवस आजः राष्ट्रीय बालिका दिवस पर हरिभूमि ने तलाशीं प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियां, जिन्होंने रोशन किया नाम*

## पिता बेचते ट्रेनों में सामान, मां बनाती अगरबत्ती और बेटी पहुंची केबीसी में



केबीसी के सेट पर अमिताभ बच्चन के साथ जान्हवी।

9 साल की नन्हीं जाहन्वी के पिता चेतन पुरसवानी ट्रेनों में सामान बेचते और मां अगरबत्ती बनाने का काम करती। पिता का सपना रहा कि बेटी को केबीसी के मंच पर देखूं और खुद प्ले अलांग खेलते रहे, लेकिन लॉकडाउन में सिलेक्शन होने के बावजूद केबीसी का हिस्सा नहीं बन पाए, लेकिन फिर अपने पिता का सपना पूरा किया 9 साल की नन्हीं जाहन्वी ने। जब जाहन्वी का सिलेक्शन केबीसी में हुआ तो माता-पिता को यकीन ही नहीं हुआ और यही नहीं, जाहन्वी हॉट सीट तक भी पहुंची। जाहन्वी की मां मीना पुरसवानी ने कहा कि जब हमनें हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के साथ अपनी बेटी को देखा तो हमारी आंखें नम थी। मुंह से शब्द ही नहीं निकल रहे थे, ऐसा लग रहा था जैसे कोई सपना चल रहा है और बस जाहन्वी ने पांच लाख रुपए जीते। मीना कहती हैं कि हमें लगा कि हमने जो सपने देखे, उन सपनों को नन्हीं जाहन्वी ने पूरा किया और आज हम खुशी से फूले नहीं समा रहे। बस लगता है कि हमारी बेटी ने हमारे सपनों को उड़ान दी है।

## वान्या ने स्त्री 2 में निभाया किरदार, हिमानी के नाटक में दी अभिनय की शानदार प्रस्तुति

शहर की 10 साल की वान्या दत्ता बचपन से ही अपनी नटखट अदाओं से सभी का दिल जीतती थी, आज बड़े पर्दे पर अपने पैरेंट्स को सपनों को आकार देती नजर आ जाती हैं। वान्या ने स्त्री 2 में स्त्री के बचपन का रोल निभाया, वहीं ताप्ती नदी पर आधारित हिमानी शिवपुरी के नाटक में पोती का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। आलोक चटर्जी अभिनीत नट सम्राट में भी उम्दा किरदार निभाया। वान्या की मां तनुजा ने कहा कि हमें यकीन भी नहीं था कि हमारी बच्ची इतनी छोटी उम्र में हमारा नाम इतना रोशन करेगी। वान्या पढ़ने में भी उस्ताद है। उसके पास ढेरों फिल्म और नाटक के ऑफर हैं और हमेशा अपनी क्लास में टॉप 10 में जगह बनाती है।


हिमानी शिवपुरी के साथ वान्या दत्ता।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना संजोती स्टेट लेवल बैडमिंटन प्लेयर नाएशा पुरोहित

ऐसी ही एक प्रतिभाशाली बेटी है नाएशा पुरोहित। मात्र 10 साल की उम्र में प्रदेश स्तर पर बैडमिंटन के क्षेत्र में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन करने वाली नाएशा की मां सोनिया ने कहा कि नाएशा बचपन से रैकेट लेकर घर में घूमती तो लगा बचपना है, लेकिन आज इसी रैकेट ने नन्हीं बच्ची की जिंदगी बदल दी। नाएशा को हमनें बैडमिंटन की ट्रेनिंग दिलवाई और आज उसने प्रदेश स्तर पर फाइनल में जगह बनाई। सोनिया ने कहा कि पीवी सिंधु को अपना आइडल मानने वाली हमारी बेटी में इतना जोश और जज्बा है कि वो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का सपना संजोती है और हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमारी बेटी के हर एक सपने को पूरा करें।


कोच धर्मेश यशलाहा के साथ नाएशा

## खबर संक्षेप

### मध्य प्रदेश कैडर के आईपीएस अभिषेक तिवारी ने दिया इस्तीफा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कैडर के आईपीएस अधिकारी अभिषेक तिवारी ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने वीआरएस लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार को जानकारी दी है। 2 साल पहले मध्य प्रदेश से दिल्ली में प्रतिरोक्ति पर अभिषेक तिवारी पदस्थ है। फिलहाल वह नेशनल टेक्नोलॉजी रिसर्च आर्गेनाईजेशन में पदस्थ है। मध्य प्रदेश के बालाघाट सागर जिले में पुलिस अधीक्षक के तौर पर पदस्थ रहे हैं। अभिषेक तिवारी के इस्तीफे के निजी कारण बताए जा रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों ने इस्तीफे की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि निजी कार्यों का हवाला देते हुए आईपीएस अभिषेक तिवारी ने इस्तीफा दिया है। दिल्ली में फिलहाल जिस एजेंसी में तिवारी पदस्थ है, वह नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी के अंतर्गत आता है। मध्य प्रदेश में बेहतर कामकाज के लिए उन्हें दो बार प्रेसिडेंट मेडल भी मिल चुका है।

### एआईजी मिश्रा को भेजा पीएचक्यू से पीटीआरआई

**भोपाल।** जयपुर की फैशन डिजाइनर की शोषण के आरोपी के बाद आखिरकार राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी राजेश मिश्रा को पुलिस मुख्यालय से हटाकर पुलिस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट(पीटीआरआई) में पदस्थ कर दिया गया है। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ में एसपी रहते हुए राजेश मिश्रा पर आरोप लगे थे कि वे जयपुर गए थे और इस दौरान उन्होंने 30 लाख रुपए ठगने का आरोप लगाया। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने जांच की और तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। जिस युवती ने शिकायत की थी, उसने बाकायदा मप्र डीजीपी को बिल, चैट और कई अन्य दस्तावेज भेजे थे। जिसके आधार पर सीआईडी जांच कर रही थी। सीआईडी की जांच में आप सही पाए गए हैं। जिसके बाद मिश्रा को पुलिस मुख्यालय से हटा दिया गया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** रातीबड़ थाना थाना क्षेत्र स्थित गांव समसगढ़ में शुक्रवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार चंदन मालवीय पिता स्वर्गीय जमना प्रसाद मालवीय (24) ग्राम समसगढ़ में रहता था और निजी मेडिकल कॉलेज की बस चलाता था।परिवार में मां के अलावा छोटे भाई तथा बहन के साथ रहता था। चंदन शुक्रवार को वह देरी से उठा और घर के पास ही अपने पुराने बंद पड़े मकान में चला गया। उसे देखने छोटा भाई पहुंचा। उसने चंदन को फांसी पर लटका देखा।

## नरेला में गोहत्या के खिलाफ पुजारियों, ब्राह्मणों ने भरी हुंकार

# गोरक्षा व संरक्षण के उपाय करें, नहीं तो होगा स्लॉटर हाउस पर आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्लॉटर हाउस में गोहत्या और गोमांस के व्यापार करने का खुलासा होने के बाद शहर में आक्रोश की लहर है। नरेला विधानसभा क्षेत्र के मठ मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले पुजारियों, कर्मकांडी ब्राह्मण एवं भागवत आचार्य ने इस मामले में बसंत पंचमी पर पूजन अर्चन के बाद उग्र आंदोलन की हुंकार भरी। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला सहित स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी में ब्राह्मण पुजारियों ने गो संरक्षण का संकल्प लेकर सरकार को चेतावनी जारी की है कि यदि अगले एक सप्ताह के अंदर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होती है तो शहर में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

शुक्रवार को कांग्रेस नेता मनोज ने बसंत पंचमी पर गो संरक्षण अभियान की शुरुआत कर नरेला में गो हत्या रोकने के लिए संकल्प लिया।


बैठक में मौजूद शुक्ला व पुजारी।

### निंदक प्रस्ताव पारित किया

भागवत आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री ने गो हत्या को लेकर निंदक प्रस्ताव पारित कराया। शुक्ला ने कहा कि अगर आरोपियों पर कोई ठोस कार्यवाई नहीं होती है तो जल्द ही नरेला के सभी ब्राह्मण, मंदिर पुजारी, भागवत आचार्य सब मिलकर स्लॉटर हाउस की तरफ़ कूच करेंगे। इस अवसर पर युवा कांग्रेस भोपाल अध्यक्ष अमित खत्री, प्रिंस नवांगे, राहुल सेन, अनूप पांडे, दिलीप तिवारी, दिनेश माली, केशव मोरे, कमलेश शाक्य, राजू कुशवाहा, दर्शन कोरी, सूरज लोधी, भीम लोवंशी, आशुतोष बिजौर आदि मौजूद थे।

## श्री हित राधावल्लभ मंदिर श्रीजी मंदिर में 40 दिवसीय होली उत्सव शुरू

इतवारा रोड स्थित श्री हित राधावल्लभ मंदिर में वसंत उत्सव के साथ 40 दिन तक चलने वाले ब्रज की होली उत्सव का शुभारंभ हो गया है। वसंत उत्सव के उपलक्ष्य में ठाकुर श्री राधावल्लभ लाल पीले कुंज में विराजमान हुए। इस कुंज को सरसों, सेवंती, गुलाब, चंपा, गेंदा सहित विविध सुगंधित पुष्पों से भव्य रूप से सजाया गया, बसंत पंचमी से पुष्टिमार्ग के सभी संप्रदाय हवेलियों में होली प्रारंभ हो जाएगी। 40 दिन चलने वाले इस उत्सव के दौरान लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में विशेष आयोजन होगा।



## भोपाल में राज्यपाल की जगह मंत्री कृष्णा फहराएंगी झंडा

**भोपाल।** गणतंत्र दिवस के मौके पर भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर बदलाव किया गया है। गुरुवार को प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन शुक्रवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इसमें बदलाव करते हुए राज्यमंत्री कृष्णा गौर को सीहोर जिले की जगह भोपाल में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने का आदेश जारी किया है। इसके साथ राज्यपाल लोकभवन में ही झंडा फराएंगे।

## गंदगी फैलाने वालों पर निगम अमले ने बनाए 56 प्रकरण

**भोपाल।** शुक्रवार को गंदगी फैलाने, कचरा अलग-अलग न करने सहित साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 56 प्रकरण बनाए गए और 5 हजार 600 रुपए की राशि स्पाट फाइन के रूप में वसूल की। निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने वार्ड 62, 63, 64, 65, 67, 68, 72, 73 और 74 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण भी किया।

## नूर महल और ऐशबाग में मची अफरा-तफरी

# घनी आबादी वाले दो इलाकों के ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शुक्रवार को दो अलग-अलग स्थानों पर ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का भी प्रयास किया, लेकिन सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर दमकलों ने आग पर काबू किया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका। ऐसी आंशका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग भड़क उठी।

पुराने शहर के नूर महल रोड पर दोपहर करीब 12 बजे ट्रांसफार्मर से अचानक आग की लपटें उठने लगीं। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। इस दौरान इलाके में बिजली गुल हो गई। आसपास के रहवासियों ने यहां आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इसकी सूचना मिलने पर एक फायर दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। बिजली कंपनी के अमले ने पहुंचकर ट्रांसफार्मर को दुरुस्त किया और बिजली व्यवस्था सुचारू की। करीब दो घंटे क्षेत्र में बिजली गुल रही।



### अशोगार्डन में लगी आग

इधर अशोका गार्डन क्षेत्र में लगे एक ट्रांसफार्मर में दोपहर करीब एक बजे आग की लपटें उठने लगीं। लोगों ने इसकी सूचना निगम के फायर बिग्रेड को दी। यहां भी मौके पर एक दमकल पहुंची और आग पर काबू किया। नगर निगम के फायर ऑफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि दो जगह ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना हुई। फायर दकमलों ने आग पर काबू पाया। इससे किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

*आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क किया उपचार*

# एलएन मेडिकल कॉलेज, जेके अस्पताल में मौत को मात देकर लौट आया युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जेके अस्पताल ने एक युवक को मौत के मुंह से बाहर निकाल लिया। 26 वर्षीय युवक राजेश मौर्य लगभग दो माह तक जेके अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन आईसीयू में मौत से जंग लड़ते रहे। खास बात यह रही कि उनका पूरा इलाज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया। परिजनों के अनुसार, तेलंगाना के राजेश की अवैध शराब पीने से सेहत बिगड़ गई। उन्हें तेलंगाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर होने पर उन्हें एलएन मेडिकल कॉलेज जेके अस्पताल में भर्ती किया गया।


मरीज के साथ डॉक्टर व स्टाफ।

### जेके अस्पताल में मिला बेहतर इलाज

जेके अस्पताल के इमरजेंसी मेडिसिन आईसीयू में भर्ती के समय राजेश की स्थिति अत्यंत नाजुक थी। डॉ. मनीष बडकुर के नेतृत्व में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने दिन-रात उनकी निगरानी और उपचार किया। बेहतर इलाज किया। इससे राजेश की हालत में सुधार आया। दो माह के उपचार और देखभाल के बाद 22 जनवरी राजेश स्वस्थ होकर घर चले गए।

## 5 डे-वर्किंग की मांग को लेकर 27 को बैंककर्मी हड़ताल पर

**वाणिज्य प्रतिनिधि. भोपाल।** बैंक कर्मचारी पांच दिन की वर्किंग लागू करने की मांग के लिए 27 जनवरी को हड़ताल पर रहेंगे। 24 जनवरी को महीने का चौथा शनिवार और फिर रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। सोमवार को गणतंत्र दिवस के कारण और मंगलवार को बैंक कर्मियों की हड़ताल के चलते बैंक बंद रहेंगे। अतः कुल चार दिन बैंकिंग कामकाज ठप रहेंगे। बैंक 28 जनवरी को ही खुलेंगे। यूनाइटेड फोरम आफ बैंक यूनियंस (मप्र ) भोपाल के कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा ने बताया कि बैंकों में हफ्ते में 5-डे वर्किंग कॉन्सेप्ट की मांग को लेकर बैंक कर्मियों ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया बैंक हड़ताल के आह्वान पर मध्यप्रदेश सहित देशभर के 8 लाख बैंककर्मी इस हड़ताल में शामिल होंगे। बैंक कर्मचारियों की पांच दिन वर्किंग की मांग पर अभी कोई सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे में हड़ताल होने पर बैंक ब्रांच चार दिन तक नहीं खुलेंगे। शर्मा ने बताया कि इस आंदोलन में सरकारी, निजी, विदेशी, ग्रामीण और सहकारी बैंक सभी शामिल होंगे। उनके अनुसार 5-डे वर्किंग की मांग को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही है।

## आरजीपीवी हॉस्टल में बीटेक छात्रा के सुसाइड का मामला

# हॉस्टल से छुट्टी लेकर अपने घर बैतूल नहीं गई थी छात्रा

***हॉस्टल के बाहर स्टाफ ने देख वार्डन को दी सूचना, वार्डन ने परिजन को बताया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित आरजीपीवी कैंपस के देवी अहिल्याबाई हॉस्टल में गुरुवार सुबह बीटेक की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने पहले हाथ की नस भी काटी थी। पुलिस ने छात्रा का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया था।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि छात्रा हॉस्टल से छुट्टी लेकर अपने घर धार न जाते हुए कहीं और गई थी। उसे हॉस्टल के स्टाफ ने हॉस्टल के पास किसी संदिग्ध के साथ देखा भी था। लिहाजा वार्डन ने घटना की जानकारी परिजन को दी थी। अनुमान है कि परिजन के डर से उसने यह कदम उठाया है। हालांकि पुलिस को मामला प्रेम प्रसंग से भी जुड़ा नजर आ रहा है। सूत्रों ने बताया कि युवती जिस युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी उस युवक ने उसका मोबाइल नंबर ब्लाक कर दिया था। उल्लेखनीय है कि सव्यश्री मुनागला (19) मूलतः धार की रहने वाली थी। वह आरजीपी से बीटेक फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रही थी और आरजीपीवी के देवी अहिल्याबाई हॉस्टल में रह रही थी। गुरुवार सुबह उसने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली। उसने पहले हाथ की नस भी काटी थी।

### घर जाने के लिए छुट्टी हॉस्टल से छुट्टी ली थी

पुलिस ने हॉस्टल की वार्डन से पूछताछ की तो पता चला कि सव्यश्री ने 11 जनवरी को धार जाने के लिए छुट्टी ली थी। बुधवार सुबह उसे हॉस्टल स्टाफ ने भोपाल में बस स्टॉप पर किसी युवक के साथ देखा था। हॉस्टल स्टाफ के कहने पर सव्यश्री हॉस्टल पहुंची। वार्डन ने सव्यश्री से युवक के बारे में और छुट्टी पर जाने की बात पूछी। इस दौरान उसने वार्डन से माफी मांगी थी। वार्डन ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए परिजन से संपर्क कर उन्हें बताया था कि सव्यश्री ने घर जाने के लिए छुट्टी ली थी।

## निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करने पहुंची निगम आयुक्त संस्कृति

## निगम के जोन-14-15-16 में चल रहे कामों को देखा, समय सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

# अफसरों से काम शुरू होने और पूरा करने की पूछी तारीख, कहा- क्वालिटी से कोई समझौता नहीं हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन शुक्रवार को शहर में अलग-अलग स्थानों पर चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करने पहुंची। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य शुरू होने और काम पूरा होने की तारीख पूछी। उन्होंने अवधपुरी क्षेत्र में नाले की जानकारी भी ली।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें और क्वालिटी में किसी भी प्रकार से समझौता नहीं होगा।


निर्माणाधीन नाले का जायजा लेती निगम आयुक्त जैन।

### अवधपुरी में नाले का निरीक्षण

निगम आयुक्त जैन सबसे पहले जोन-14 के वार्ड-61 के तहत अवधपुरी स्थित रीगल सिविक सेंटर के पास निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने यहां नाले की पैमाइश, काम शुरू होने एवं काम पूरा करने की तारीख पूछने के साथ ही नाला निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी हासिल की।

### सोनागिरी में पैवर ब्लॉक और छत्रसाल नगर में सीसी कार्य देखा

जैन ने जोन-15 के तहत सोनागिरी में पैवर ब्लॉक लगाने का कार्य, जोन-16 के किरण नगर एवं क्षत्रसाल नगर में सड़कों के सीमेंट क्रांकीटीकरण कार्य का भी औचक निरीक्षण किया और सभी कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जोन के अधिकारियों के अलावा निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हर कार्यक्रम को जीरो वेस्ट के आधार पर सम्पन्न कराएंः जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने कल्पना नगर स्थित सुभाष पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहते हुए हर त्यौहार, हर कार्यक्रम को जीरो वेस्ट आधार पर संपन्न कराएं। निगम आयुक्त जैन ने निगम की स्वच्छता में सहयोगी संस्था सकारात्मक सोच द्वारा संचालित नए बर्तन बैंक का



शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सेंट मोंट फोर्ट स्कूल के प्रिंसिपल रेव ब्रदर्स मोनाचन विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर कमिश्नर ने नेताजी की स्मृति में पौधा लगाया व जन समस्याओं को सुना।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930